डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 81600 10 ग्राम

₹ 100000 01 किलो

सेंसेक्स 77,984.38 +1,078.88

डॉलर 85.624 -0.366

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 25 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-158, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 केसरी चैप्टर 2 में अक्षय ने ब्रिटिश...

## एक नजर

### करंट लगने से महिला की मौत

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा पंचायत अंतर्गत बेला गांव में सोमवार को बिजली करंट लगने से कृष्णा यादव की 25 वर्षीय पत्नी मंजू देवी की मौत हो गई। घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका घर के आंगन में वर्तन साफ कर रही थी, इसी बीच चापानल में लगे मोटर के बिजली तार के संपर्क में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस वक्त महिला को बिजली चपेट में लिया था, उस वक्त घर में कोई भी सदस्य नहीं थे। जब महिला के सास और नन्द महुआ चुन कर आई तो देखी कि महिला मूर्छित पड़ी हुई है। इसके बाद हो हल्ला सुनकर ग्रामीण एकजुट हुए और महिला को आनन-फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

### सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने संसद सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ते, पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में बढ़ोतरी की है। सोमवार को इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से गजट नोटिफिकेशन जारी की दिया गया। इसके तहत सांसदों को प्रतिमाह एक लाख रुपए के स्थान पर अब 1.24 लाख रुपए वेतन मिलेगा। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय के एडिशन सचिव डॉ सत्य प्रकाश की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन के अनुसार 1 अप्रैल 2023 से लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का वेतन 1 लाख रुपए से बढ़कर 1.24 लाख रुपए प्रति माह कर दिया गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




# डीजीपी नियुक्ति मामले में राज्य सरकार व यूपीएससी को नोटिस

**»» अवमानना याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, अगली तिथि 16 जून निर्धारित**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के मामले में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। बाबूलाल मरांडी की याचिका में कहा गया है कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति में यूपीएससी की गाइडलाइंस और सुप्रीम कोर्ट के निदेशों की अवहेलना की गई है। याचिका में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजीपी चयन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा, समिति के सदस्य पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया गया है।

सोमवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने बिना किसी गंभीर आरोप के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को कार्यकाल पूरा किए बगैर डीजीपी के पद से हटाकर इस पद पर अनुराग गुप्ता को नियुक्त कर दिया, जबकि उनका कार्यकाल 14 फरवरी 2025 तक था।

मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का भी हवाला दिया गया है, जिसके अनुसार डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार के भेजे गए आईपीएस अधिकारियों के पैनल से यूपीएससी तीन बेहतर छवि और कार्यकाल वाले नामों का चयन करता है और इसके बाद राज्य की सरकार इनमें से किसी एक की कम से कम दो वर्ष के लिए डीजीपी पद पर नियुक्ति करती है।

इसी नियम के तहत राज्य सरकार ने 14 फरवरी 2023 को अजय कुमार सिंह को डीजीपी बनाया था, लेकिन उन्हें बिना किसी आरोप के कार्यकाल पूरा होने के पहले ही पद से हटा दिया गया। याचिका में प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित आदेश को दरकिनार करने और कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया है। यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए जो चयन समिति बनाई है, उसमें एक संघ लोक सेवा आयोग व एक झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का नामित सदस्य रखना अनिवार्य है, लेकिन सरकार ने अपने ही इस नियम का अनुपालन नहीं किया। जिस चयन समिति ने डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए अनुराग गुप्ता के नाम की अनुशंसा की, उसकी बैठक में यूपीएससी और जेपीएससी का कोई सदस्य नहीं था। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की है।

**मुख्यमंत्री आवास में दावत ए इफ्तार का आयोजन**

# सीएम सोरेन ने की राज्य की उन्नति, बरकत व रहमत की दुआ



**»» मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान की दी दिली मुबारकबाद**

**»» दावत ए इफ्तार में सभी धर्मों के लोग हुए शामिल**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से माह ए रमजान के मुबारक मौके पर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएम ने सभी रोजेदारों को रमजान की दिली मुबारकबाद दी। मौके पर सभी धर्म के लोगों ने एक साथ रोजा इफ्तारी की। दावत ए इफ्तार में मुख्यमंत्री सोरेन के साथ सभी ने राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि, विकास और अमन-चैन के साथ-साथ प्रेम-भाईचारा, खुशहाली, बरकत और रहमत की दुआ की। दावत ए इफ्तार में मंत्री दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन अंसारी, दीपिका पांडेय, सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन सहित कई विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए।

**नगर निकाय चुनाव को लेकर जमकर हुई बहस, मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा-**

# सरकार ओबीसी आरक्षण देने के लिए है संकल्पित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को नगर निकाय चुनाव को लेकर जमकर बहस हुई। विधायक सरयू राय ने अपने अनूपूरक सवाल में मुद्दा उठाया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार चार महीने के भीतर चुनाव कराए जाने थे, लेकिन 16 मई की समय सीमा के अंदर चुनाव कराना मुश्किल नजर आता है। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने बताया कि 21 जिलों में ओबीसी सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है, तीन जिलों में यह कार्य अभी बाकी है। वहीं, विधायक नवीन जयसवाल ने सवाल किया कि राज्य में मुखिया और जिला पंचायत का चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के कराया गया था, तो क्या इस बार चुनाव 16 मई से पहले कराए जा सकते हैं। नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट केवल तीन जिलों में बाकी है और सरकार ओबीसी को आरक्षण देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया जाएगा और फिर चुनाव आयोजित कराए जाएंगे। विदित हो कि झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व वार्ड पार्षद रोशनी खलखो की दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया गया था कि 16 मई 2025 तक राज्य में निकाय चुनाव कराए जाएं। विधायक सरयू राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों के मुताबिक, ट्रिपल टेस्ट के बिना भी चुनाव कराए जा सकते हैं। वहीं, मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि भाजपा ने ही ओबीसी के आरक्षण में कमी की थी और फाइनेंस कमीशन से बड़ा धनराशि रोक रखा है। उन्होंने कहा कि यदि 16 मई तक ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट प्राप्त हो जाती है, तो चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। लेकिन, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो सरकार उच्च न्यायालय से और समय की मांग करेगी।




**मंत्री ने कहा**

**»» तीन जिलों में ट्रिपल टेस्ट बाकी, समय सीमा के अंदर चुनाव कराना मुश्किल**

**»» 16 मई तक ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने पर हाईकोर्ट जाएगी सरकार**

**»» ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के बाद होंगे चुनाव**

**पुलिस में 4919 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू : रांची।** बाघमारा से भाजपा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने तारांकित प्रश्न के जरिए सदन के माध्यम से सरकार को बताया कि राज्य में पुलिस बल की काफी कमी है। इस शेष पेज 11 पर

**सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया टास्क फोर्स का गठन**

# शैक्षणिक संस्थानों में जातिगत प्रताड़ना की जांच की जाएगी

**■ देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के बीच बढ़ रही आत्महत्या का मामला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के बीच बढ़ रही आत्महत्याओं के मुद्दे पर विचार करने के लिए पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एस. रवींद्र भट की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया है।

टास्क फोर्स शैक्षणिक संस्थानों आईआईएम, एम्स, आईआईटी, एनआईटी और अन्य विश्वविद्यालयों में जातिगत प्रताड़ना के आरोपों की जांच करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश वर्ष 2023 में दिल्ली आईआईटी के दो छात्रों की मौत की जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को वर्ष 2023 में आईआईटी-दिल्ली के दो दलित छात्रों की मौत की जांच का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता की ओर से दायर याचिका पर नोटिस जारी किया था। उन्होंने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की। हालांकि, इस याचिका को वर्ष 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में आईआईटी-दिल्ली के दो दलित छात्रों की कैंपस में ही मौत हो गई थी। दोनों आईआईटी दिल्ली में बीटेक के छात्र थे। मृत छात्रों के परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों छात्र अनुसूचित जाति से आते थे। इस वजह से उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ता था। दोनों याचिकाकताओं ने याचिका में छात्रों की हत्या की आशंका जताई है। इसके अलावा, याचिका में यह भी कहा गया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**एनटीपीसी के डीजीएम हत्याकांड का खुलासा**

# अमन साव के गुर्गों ने की थी हत्या, 4 गिरफ्तार

**● खनन कंपनियों के कर्मियों में खौफ पैदा करने के लिए वारदात को दिया गया था अंजाम**

**नवीन मेल डेस्क**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हजारीबाग में हत्या के 15 दिनों बाद पुलिस ने मामले का पदार्फाश करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गैंगस्टर अमन साहू (अब मृत) के गैंग ने इस वारदात को अंजाम दिया था।



हजारीबाग के डीआईजी संजीव कुमार ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमन साहू के गैंग ने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) के अलावा हजारीबाग-चतरा इलाके में खनन कार्य करने वाली कंपनियों बीजीआर, ऋत्विक और त्रिवेणी सैनिक के अफसरों-कर्मियों में खौफ पैदा करने के लिए इस वारदात की प्लानिंग की थी। डीजीएम हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जिन चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है, वे अमन साहू गैंग के लिए काम करते थे। इन अपराधियों में मिंटू कुमार पासवान, राहुल मुंडा, मनोज माली और अजय यादव शामिल हैं। ज्ञात हो कि इस वारदात के तीन दिन बाद 11 मार्च को गैंगस्टर अमन साहू शेष पेज 11 पर

**सीबीआई दिल्ली की टीम ने की कार्रवाई**

# रिश्वत लेने व देने के मामले में 4 गिरफ्तार

**»» एनएचएआई के जीएम और राम कृपाल कंस्ट्रक्शन के तीन अधिकारी पकड़े गए**

**»» बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में छापेमारी भी, 1.18 करोड़ रुपए नकद जब्त**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/पटना।** सीबीआई दिल्ली की टीम ने झारखंड-बिहार की चर्चित कंस्ट्रक्शन कंपनी राम कृपाल कंस्ट्रक्शन के तीन अधिकारियों और नेशनल हाईवे अथॉरिटी (एनएचएआई) के जेनरल मैनेजर को 15 लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीआई दिल्ली की टीम ने जिन्हें गिरफ्तार किया है, उनमें रामप्रीत पासवान, जीएम, एनएचएआई, पटना, बरुण कुमार सिंह, राम कृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन, चेतन शर्मा, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन का कर्मचारी तथा सुरेश महापात्रा, जेनरल मैनेजर, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन शामिल हैं। रिश्वत लेने व देने के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार करने के बाद सीबीआई ने बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में मामले से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में सीबीआई ने एक करोड़ 18 लाख 85 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। इस मामले में सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें 12 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इनमें छह पब्लिक सर्वेंट हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के जेनरल मैनेजर सुरेश महापात्रा जब एनएचएआई के जेनरल मैनेजर रामप्रीत पासवान को रिश्वत की रकम दे रहे थे, उसी समय सीबीआई ने रिश्वत की रकम के आदान-प्रदान शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# जातीय आधार पर दिखावे के आरक्षण की राजनीति



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

वोट की राजनीति में दिखावे की सहानुभूति का इतिहास पुराना है जिसे सभी दल आजमाते रहे हैं पर कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया और भारत के मुसलमानों को कई बार देश के प्रति वफादारी जाहिर करने पर मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा किया है क्योंकि संविधान के हिसाब से जातीय आधार पर आरक्षण संभव नहीं है जिस कारण इसे अनावश्यक विवाद कहा जा सकता है । लोग सवाल उठाते हैं कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता क्योंकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया।

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दशार्ता है। ऐसा नहीं है कि कर्नाटक के जरिए देशभर के मुसलमानों के प्रति मोहब्बत दशार्ने का कांग्रेस का यह पहला मौका है, इससे पहले भी कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण को लेकर विवाद रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में शामिल किया था। सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में जगह दी। हालांकि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि इस फैसले ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को कमजोर कर दिया है।



साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, कर्नाटक राज्य में मुस्लिम की जनसंख्या 12.32 फीसदी है और उसे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा हासिल है। मध्य प्रदेश की चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। विवाद बढ़ा तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह दावा करना कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से मुसलमानों को आरक्षण ट्रांसफर कर दिया, एक सरासर झूठ है। उल्लेखनीय है कि यह आरक्षण पहली बार 1995 में एचडी देवेगौड़ा की जनता दल ने कर्नाटक में लागू किया था। दिलचस्प बात यह है कि देवगौड़ा की जद (एस) अब बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी है। कर्नाटक सरकार के 14 फरवरी, 1995 के एक आदेश में जिक्र किया गया जिसमें बताया गया कि यह निर्णय चिन्नप्पा रेड्डी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है और आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करता है। कांग्रेस ही नहीं किसी न किसी बहाने मुस्लिम वोट बैंक पर गैरभाजपा दलों की भी खीचतान रही है। विपक्षी दलों का प्रयास रहा है कि किसी भी तरह यह अल्पसंख्यक वोट बैंक छिटकना नहीं चाहिए, यही वजह है कि साफ तौर पर धर्म के आधार पर आरक्षण को राजनीति का मोहरा बनाया गया। केरल में ओबीसी को 30 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को नौकरियों में 8 प्रतिशत और उच्च शिक्षा में 10 प्रतिशत कोटा प्रदान किया गया। तमिलनाडु में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को 3.5 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय की 95 प्रतिशत जातियां शामिल हैं। इसी तरह बिहार में ओबीसी को 32 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। आंध्र प्रदेश में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश की गई थी, लेकिन कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पश्चिम बंगाल में कुछ मुस्लिम जातियों को शामिल किया गया लेकिन अलग से कोटा नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में भी 2005 में मायावती सरकार ने 18 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण का प्रस्ताव रखा, लेकिन कोर्ट ने रोक दिया। सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण आरक्षण का प्रावधान कानूनी है। इसकी भी सीमा है। सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण के मामलों को पूर्व में ही खारिज किया है। कई बार असंभव या असंवैधानिक मांगों को विधानसभा में पास कर केंद्र को भेज दशार्या जाता है कि हम तो आपके साथ हैं आमजन को इस फेंकाफेंकी राजनीति को समझना चाहिए।

# 3 तस्कर गिरफ्तार,14 मवेशी बरामद

**- गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने मवेशी तस्करी की एक बड़ी साजिश नाकाम करने में सफलता हासिल की है। हैदरनगर के भाई बिगहा के समीप हड्डीखाना के पास रविवार देर शाम अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला ने दलबल की साथ कार्रवाई करते हुए मवेशी तस्करी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मो. साल्दीन पिता गुड्डु कुरैशी, अदनान पिता फिरोज अहमद, मुदस्सर हुसैन के नाम शामिल हैं। पुलिस ने सभी को थानाा में पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। हैदरनगर पुलिस को मिली गुप्त सूचना पर भाई बिगहा के समीप कुछ मवेशियों को अवैध रुप से काटने की योजना पर यह त्वरित कार्रवाई की गई है। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला ने तुरंत एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी के दौरान पुलिस उक्त स्थल पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही वहां अफरातफरी मच गई। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए तीनों आरोपी तस्करों को धर दबोचा। साथ ही 14 मवेशियों को बरामद किया। हड्डीखाना से खून युक्त मांस बरामद किए गए। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि पकड़े गए आरोपी अवैध रुप से मवेशियों की तस्करी और प्रतिबंधित मांस के कारोबार से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की आगे भी गहन जांच जारी है। मवेशी तस्करी और अवैध कटाई किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने आम शेष पेज 11 पर

# मुख्य बाजार स्थित गोदाम में लगी आग



**लाखों का नुकसान की आशंका**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित मां सरस्वती किराना स्टोर के संचालक श्रवण गुप्ता के किराना दुकान से सटे गोदाम में बीती रात 11:30 बजे अचानक आग लग जाने से गोदाम का सभी सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। अगलगी की घटना के बाद मौके पर पहुंचे व्यवसाईयों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन घटना के कई घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में गोदाम में रखे किराने के लाखों रुपए के सभी सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। आग किस कारण से लगा यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। भुक्तभोगी ने इस संबंध में अज्ञात लोगों द्वारा जान बूझकर आग लगाने का शक जाहिर करते हुए पांकी थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि कुछ सप्ताह पूर्व भी पांकी के एक कपड़ा व्यवसाई के दुकान में अगलगी की घटना से लाखों का नुकसान हुआ था।

# स्कॉर्पियो लूट कर भाग रहे तीन को पुलिस ने दबोचा

**एक चाकू, चार मोबाईल बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** पुलिस ने स्कॉर्पियो लूट कर भाग रहे तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरों के पास से पुलिस ने लूट की स्कॉर्पियो, एक चाकू व चार मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार लुटेरों में छतरपुर थाना क्षेत्र के बाघामाड़ा निवासी वाला दीपक विश्वकर्मा, जंगवलके का प्रवेश यादव व पिपरा थाना क्षेत्र के मसूरिया के नागेंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र की पुलिस को सूचना मिली कि बटाने डैम के इलाके में चार लुटेरे एक स्कॉर्पियो को लूटकर भाग रहे हैं। सूचना के सत्यापन के आलोक में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया। पुलिस ने बदमाशों का पीछा करते हुए स्कॉर्पियो लुटेरों की घेराबंदी कर दी। पुलिस से अपने को घिरा देखकर स्कॉर्पियों में सवार सभी चार लुटरे भागने लगे। पुलिस दौड़ाकर उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया। एक भागने में सफल रहा। पुलिस को देखकर भागने के क्रम में स्कॉर्पियो नेशनल हाइवे 98 के सिलदाग मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद तीनों लुटेरे वाहन से निकलकर भाग रहे थे। इसी क्रम में पुलिस ने दौड़कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। छतरपुर थाना ने बताया कि गिरफ्तार तीनों लुटेरे पिछले कई दिनों से लूट की योजना बना रहे थे। उनका यह पहला प्रयास था। पहले प्रयास में ही सभी पकड़े गए हैं। जिस इलाके में यह लूट की घटना हुई थी वह सुनसान इलाका था, जिसका फायदा अपराधी उठा रहे थे। पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।



# मिट्टी की दीवार के नीचे दबने से दो घायल, एक रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलबिगहा गांव में मिट्टी की दीवार तोड़ने के क्रम में एक ही परिवार के दो सदस्य मिट्टी के दीवार के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बेल विगहा गांव निवासी इशहाक अंसारी का पुत्र शमीम अंसारी व बकरीदन अंसारी का पुत्र इशहाक अंसारी का नाम शामिल है। इसमें इशहाक अंसारी की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। दोनों को हाथ, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना रविवार की दोपहर की बतायी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलबिगहा निवासी शमीम अंसारी व उनके पिता इशहाक अंसारी मिट्टी का दीवार तोड़ रहे थे। इस दौरान दीवार पलट गयी और मिट्टी के नीचे दोनों सदस्य दब गए। परिजनों ने दोनों घायलों को मलवे से निकाल कर ग्रामीणों के सहयोग से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद शमीम अंसारी की स्थिति में सुधार है, जबकि इशहाक अंसारी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया हैं।

# मजदूर किसान महाविद्यालय का 45वां स्थापना दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय का 45 वां स्थापना दिवस सोमवार को महाविद्यालय के सभागार में मनाया गया। मौक पर आयोजित कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत महाविद्यालय परिसर स्थित मां सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम, सचिव डॉ. बिंदेश्वरी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की इसके बाद महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के बाद महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत की गई। झारखंडी लोकगीत व नृत्य की भी शानदार प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम ने कहा कि यह महाविद्यालय प्रखंड ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य में शिक्षा की अलख जगा रहा है। 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियां को गिनाया। कहा कि महाविद्यालय में स्वच्छ व शांत वातावरण के साथ पर्याप्त क्लास रूम की व्यवस्था, अनुभवी शिक्षक, स्मार्ट क्लास, वाई फाई, एनसीसी, एनएसएस यूनिट, सोलर एनर्जी के साथ बेहतरीन व्यवस्था छात्रों को उपलब्ध है। इस कारण आज यहां के छात्र-छात्राएं पूरे राज्य में नहीं, बल्कि देश में अपनी परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का प्रयास है कि प्रत्येक छात्र सफल हो, ताकि इस विद्यालय की पहचान दिन प्रतिदिन बढ़ती रहे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्हें बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर डंडार पंचायत के मुखिया प्रदुमन सिंह, दानदाता सदस्य संकटेश्वर सिंह, डॉ. अरविंद कुमार सिंहा, कविता सिंह, एनएसएस के पुरुषोत्तमन सिंह ,प्रोफेसर राजकमल वर्मा, आलोक कुमार पाठक, जमशेद आलम, साधु मांझी सहित अन्य उपस्थित थे।



# अब मिट्टी का अवैध खनन व विपणन चर्चा बना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अब मिट्टी का अवैध खनन और विपणन चर्चा का विषय बन गया है। बताया जाता है कि मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर भोला मोड़ के नजदीक सिंचाई विभाग की जमीन पर करीब एक महीने से जेसीबी मशीनों से अवैध मिट्टी खनन जारी है। इसकी मार्केटिंग की जाती है। जब उपमुखिया रविरंजन कुमार सिंह ने इसका विरोध किया, तो उन्हें धमकी दी गई। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए इस मामले में जल्द ही शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि खनन स्थल से महज एक किलोमीटर पर सिंचाई विभाग का कार्यालय है, फिर भी इस मामले में चुप्पी सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि 5 दशक पहले से पहले जंगलों और पहाड़ों का दोहन किया गया। बाद में बालू खनन का दौर शुरू किया गया। हालांकि जंगलों-पहाड़ों का दोहन कम हुआ और पाबंदियों की वजह बालू खनन पर भी कमोबेश अंकुश लगा है। मगर अब मिट्टी का अवैध खनन बेखौफ जारी है। ऐसे में प्राकृतिक संरचना के साथ कैसा खिलवाड़ होता आ रहा है और इसका पर्यावरण संरक्षण पर क्या असर पड़ रहा है, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने एनजीटी को इस दिशा में त्वरित कदम उठाने की जरूरत बताया है।

# एसोसिएशन ने राज्यसभा सांसद से की नई ट्रेनों की सेवाओं की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन की टीम ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से मिलकर पलामू सहित पूरे झारखंड में नई रेल सेवाओं में वृद्धि कराने की मांग की है। इसमें रांची से इंदौर (वाया डाल्टनगंज-चोपन-सिंगरौली-भोपाल-उज्जैन) और रांची से देहरादून तक नई ट्रेन सेवाएं चालू कराने की मांग शामिल है, जो डालटनगंज, हैदरनगर, जपला, वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ व हरिद्वार जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक व पर्यटक स्थलों का लाभ यात्रियों को मिल सके। इन मार्गों पर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए इन ट्रेन सेवाओं की प्रमुखता बताया गया है। इसके साथ ही टीम ने देवघर से चोपन तक जो धनबाद, बरकाकाना और डालटनगंज होते नई ट्रेन सेवा शुरू करने और ट्रेन संख्या 03397/ 98 (धनबाद - नासिक रोड) के विस्तार तक विस्तार से मुंबई तक यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगा। टीम ने ट्रेन संख्या 18629 / 30 (रांची - गोरखपुर एक्सप्रेस) का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान में यह ट्रेन धनबाद होकर चलती है, पर इसका रेक हाटिया यार्ड में रविवार से लेकर गुरुवार तक खड़ा रहता है। जिसे एक दिन लोहरदगा, टोरी, डलटनगंज, हैदरनगर और सासाराम होते हुए चलाने का सुझाव दिया है। जबकि हैदरनगर में रेल फाटक संख्या 50 सी पर तीन वर्ष से लंबित आरओबी निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। राज्यसभा सांसद ने मिलने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक के अलावे सचिव नैयर इमाम, उप सचिव ऋतिक राज, कोषाध्यक्ष छोटी कुमारी, प्रवक्ता सत्यम श्रीवास्तव और सदस्य अंकू सिंह राणा शामिल हैं। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने इन मांगों को गंभीरता से लेकर रेलवे मंत्रालय से विचार-विमर्श करने का आश्वासन टीम को दिया है।



# राजस्व कैंप के प्रति लोगों में उदासीनता, मात्र 2 आवेदन मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह में आयोजित राजस्व कैंप के प्रति पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ही लोगों की भी उदासीनता लगातार देखने को मिल रही है। भजनियां और मोहम्मदगंज में गुरुवार व शनिवार को आयोजित कैंप में एक भी आवेदन नहीं मिले थे। 19 मार्च को कादलकुर्मी में 3 के बाद 24 मार्च को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोड़ाडीह पंचायत सचिवालय में आयोजित राजस्व कैंप में लगान रसीद के मात्र दो आवेदन ही जमा कराए गए हैं। इस अंचल के इकलौते राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार के छुट्टी पर चले जाने की वजह से अमीन विनय यादव कैंप के निर्धारित समय पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक लोगों का शिविर में आने का इंतजार करते रहें। उन्होंने बताया कि शिविर में मात्र दो लोग आवेदन जमा करने आए थे। मार्च महीने में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 27 को लटपौरी और 29 के कोल्हुआ-सोनबरसा के बाद रामबांध में 3 और पंसा में 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले राजस्व कैंप में लोगों की उपस्थिति और पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी को लेकर क्या स्थिति सामने आती है।

## विधायक ने विद्यालय उत्क्रमण का मुद्दा उठाया

**केतार।** भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र के शून्य काल में विद्यालयों के उत्क्रमण की मांग की है। उन्होंने सरकार से विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों की भांति केतार प्रखंड के मध्य विद्यालय बलिगढ़ एवं खोन्हर मध्य विद्यालय के उत्क्रमण कर उच्च विद्यालय करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि पंचायत क्षेत्र में उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर उच्च विद्यालय में नामांकन एवं पठन- पाठन हेतु जाना पड़ता है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# नपं क्षेत्र का जल स्तर काफी गिर चुका तालाब पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के लंबी गली स्थित गोदामी पोखरा सरकारी उपेक्षा का दंश झेलते-झेलते अब कूड़े-कचड़ों के साथ अतिक्रमणकारियों की भेंट चढ़ने लगी है, किंतु सरकारी तंत्र की अनदेखी से अब गोदामी पोखरा तालाब अस्तित्व खोने को विवश है। अगर नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकारी व नगर पंचायत प्रतिनिधि उक्त तालाब का सुंदरीकरण करा दिए होते तो शहर का जल स्तर स्वतः ठीक हो जाता। उक्त पोखरा का निर्माण शहर के जाने - माने नवाब के द्वारा लगभग 150 वर्ष पूर्व कराया गया था। पोखरा के बगल स्थित पिड़ के किनारे राजटोली- लंबी गली मुहल्ला में हुसैनाबाद का प्रसिद्ध ईदगाह मस्जिद भी बनाया गया है। जहां लोग उक्त पोखरे में स्नान कर ईदगाह में अपना नमाज अदा करते थे। किंतु अब तालाब की स्थिति काफी भयावह हो गया है। इस संबंध में समाज सेवी सह हुसैनाबाद के वरिष्ठ समाज सेवी व झामुमों नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान बताते हैं कि गोदामी पोखरा का अगर सुंदरीकरण के साथ-साथ स्वच्छ भारत अभियान के तहत पोखरा के चारों तरफ वृक्ष लगाकर उसे सीमेंटेड ढलाई कर दिया जाता, तो शहर के बुजुर्ग के साथ-साथ महिलाओं को सुबह सुबह-शाम टहलने के लिये एक बेहतर विकल्प होता। उन्होंने कहा कि अब लोग पोखरा के पिड़ को ही अतिक्रमण कर अपना कब्जा जमा लिये है। उन्होंने कहा कि पूरा देश स्वच्छ भारत अभियान के साथ-साथ शहर के जल श्रोत को बनाये रखने के लिये नये-नये तालाब व डोभा का निर्माण कर राशिकी बंदरबांट करने में जूटे है। किंतु ऐतिहासिक तालाब व पोखरा पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि उक्त तालाब के माध्यम से शहर के जल स्तर में काफी सुधार लाया जा सकता है। तालाब का अपना भू-भाग लगभग 20 ऐकड़ से अधिक नवाब द्वारा भू दान देकर निर्माण कराया गया था। किंतु तालाब के आधा क्षेत्रफल पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अपना आवास के साथ-साथ सरकारी टैक्सी स्टेंड बना दिया गया है। उक्त तालाब के किनारे बसे लोग को अनुमंडल प्रशासन द्वारा अक्रिमण मुक्त कराने का कोशिश किया गया था। किंतु अतिक्रमण हटाने के बाद तालाब एरिया में ही बने यात्री सेड में सैकड़ो लोग अपना कब्जा जमाये हुये हैं। जिस पर नगर पंचायत व अनुमंडल प्रशासन बेखबर है। सरकार के करोड़ों रुपये योजनाओं में लगा दिये जा रहे हैं, पर शहर के प्रसिद्ध गोदामी पोखरा तालाब के सुंदरीकरण के लिये किसी का ध्यान नहीं है। वहीं इस बाबत हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया की हम लोगों ने बोर्ड के माध्यम से यह निर्णय लिया है की बहुत जल्द तालाब निर्माण के लिए टेंडर निकाला जाएगा। वहीं इसकी राशि लगभग एक करोड़ रुपये होगी। उक्त राशि से तालाब की गहराई, 30 फीट की सीमेंटेड सीढी, वाकिंग ट्रैक, पेड़, बैठने के लिए बेंच सहित अन्य सुविधाओं से इस तालाब का जीर्णोद्धार किया जायेगा। टेंडर निकला भी, परंतु किसी ने इसकी निविदा को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि इस गोदामी पोखरा तालाब को सुंदर व स्वचछ बनाकर उदाहरण पेश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बरसात प्रारम्भ होते ही गोदामी पोखरा तालाब के चारों तरफ पिंड पर वृक्षारोपण किया जायेगा।



# 5.5 लाख की लागत से हेल्थ सब सेंटर भवन व चहारदीवारी का होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित हेल्थ सब सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के भवन और चहारदीवारी का निर्माण 5.5 लाख की लागत से होगा। इसकी पुष्टि जिला पार्षद प्रतिनिधि सह युवा समाज सेवी अश्विनी कुमार सिंह ने ने की। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यकाल में ही इसकी निविदा भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने इसके कुल रकबा 1.13 एकड़ भूमि के अधिकांश भाग को अतिक्रमण मुक्त कराकर संरक्षित करने साथ ही पहले चहारदीवारी तब भवन निर्माण कराने की जरूरी बताया है। तिक्रमण के कारण भवन का क्षेत्रफल मात्र 2-3 डिसमिल में ही सिमटकर रह गया है। लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के बाद भी इसकी अतिक्रमित भूमि को इससे मुक्त कराने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया है। इसकी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर बाउंड्री कराने से इसके पूरे क्षेत्रफल को सुरक्षित कर इसमें अलग से भवन बनाकर बच्चों की पाठशाला अथवा आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित किया जा सकता है। जिसको चुनाव में मतदान केंद्र के रूप में उपयोग में लिया जा सकता है। ऐसा होने से झरीवा ,राजनडीह और रामनगर के बच्चों को रेलवे लाइन पार कर स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र के सरकारी अथवा निजी स्कूलों में आने जाने में जोखिम उठाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। रेलवे लाइन इस पार के उक्त टोले के मतदाताओं को बूथ की सहज रूप से सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

## मोटरसाइकिल के धक्के से बच्ची घायल

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडी बाजार में सोमवार को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने डूमरसोता गांव निवासी 6 वर्षीय सोनाली कुमारी को धक्का मार कर घायल कर दिया। सोनाली अपने घर से कांडी आई थी। दुर्घटना में सोनाली गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने सोनाली को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी में इलाज के लिए भर्ती कराया है। सोनाली को पैर में गंभीर चोट लगने के साथ उसका दांत टूट गया है।

**प्रदूषण**

# मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन मौन

# कचरा जलाये जाने से फैल रहा जहरीला धुआं

**संवाददाता नवीन मेल**

**चैनपुर।** सरकार व प्रशासन पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन करने के साथ प्रदूषण को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन संचालित है। मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। इसे लेकर कई तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में निगम प्रशासन ने शहर के कई स्कूलों में स्वच्छता सेमिनार आयोजित कर स्कूल के शिक्षकों और बच्चों को स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शहर को स्वच्छ रखने एवं वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए शहरवासियों से सहयोग का अपील किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम के द्वारा प्रतिदिन पर्यावरण एवं वातावरण को प्रदूषित की जा रही है। वहीं ऐसा ही हाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों से संग्रह किये गये कचरे को निगम द्वारा शाहपुर-गढ़वा मार्ग पर मंगरदाहा घाटी के समीप फेंक दिया जाता है। करीब 50 टन कचरा प्रतिदिन निगम के द्वारा फेंका जाता है। कूड़ा कचरा से निकलने वाले दुर्गंध व जहरीला धुआं से आम राहगीर परेशान रहते हैं। वही उस कचरे के ढेर के दोनों तरफ आयुष्मान आरोग्य केंद्र व दिल्ली पब्लिक स्कूल संचालित होती हैं। जिससे आम राहगीर के साथ-साथ अस्पताल में आए मरीज व संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चें प्रदूषित हवा लेने पर मजबूर हैं जबकि स्कूल स्वच्छ स्थल पर संचालित होना चाहिए लेकिन स्कूल संचालक के मनमानी के कारण बच्चे दूषित वातावरण में सांस लेने को मजबूर हैं साथ ही दिल्ली पब्लिक स्कूल के संचालनकर्ता एक तरफ अपने विद्यालय का दीवार पर स्वच्छ भारत मिशन का लोगों व बच्चों को ध्यानकृष्ट करा रहा हैं और दूसरी तरफ उस नियम कानून को ताक पर रखकर कचड़े का ढेर से सटे स्कूल संचालित करने का काम कर रहा हैं। जहां एक तरफ कचरा जलने से जहरीला धुंआ निकलता है, जो जानलेवा बीमारी पैदा करता है। आग से जहरीला धुआं निकलने के कारण राहगीरों को दम घुटने लगता है ।समय समय पर निगम के जेसीबी द्वारा आग लगे कचरे को फैलाया जाता है, ताकि पूरा कचरा जल जाये। बताया जाता है कि कचरे के ढेर में 24 घंटे आग लगी रहती है और जहरीली धुआं निकलता है,जो स्वास्थ्य के हानिकारक है। इस तरह नगर निगम प्रशासन वातावरण को प्रदूषित करते हुए आम आदमी के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। वहीं सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत कुमार ने कहा कि जानकारी नहीं थीं जानकारी मिली हैं तो जांच कर मामले को संज्ञान में ली जाएगी। इधर इस संदर्भ में डीईओ सौरभ प्रकाश से दूरभाष में बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने फोन उठाने मुनासिब नहीं समझा।



# महावीर मंडल समिति का गठन, अविराज बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** चौक बाजार हैदरनगर के महावीर मंडल ने रामनवमी पूजा संपन्न कराने को लेकर समिति का गठन किया है। राममंदिर प्रांगण में मुखिया संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में बजरंग दल के जिला प्रमुख व समर्पित कार्यकर्ता अविराज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। समिति में संरक्षक संतोष कुमार सिंह, सह संरक्षक सोनल सिंह, संयोजक पवन जायसवाल, सह संयोजक मुकेश कुमार मेहता को मनोनीत किया गया है। सचिव राहुल सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश दुबे, सह सचिव महादेव उर्फ विवेक अग्रवाल, प्रियांशु दुबे को व्यवस्था प्रमुख बनाया गया है। अध्यक्ष अविराज गुप्ता ने बताया कि 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे राममंदिर प्रांगण में श्री राम जन्मोत्सव के साथ ही संध्या में पं. निशा उपाध्याय के मुखारविंद से भगवती जागरण होगा। 8 अप्रैल को सुबह आठ बजे से बाजार क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में दोपहिया वाहनों से रामभक्तों की शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके बाद चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 8 अप्रैल को ही अपराह्न तीन बजे से परंपरा अनुसार महावीरी ध्वज के साथ नगर में शोभायात्रा भ्रमण के साथ ही विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने सभी सदस्यों, पदाधिकारी और युवा साथियों से इस पर्व को शांतिपूर्ण और पूरे उल्लास के साथ धैर्य व संयम के साथ संपन्न कराने का आग्रह किया है।

## 27 तक राशनकार्ड के लाभुकों के ई-के-वाइसी जरूरी

**मोहम्मदगंज।** राज्य सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामले विभाग के मार्गदर्शन के तहत जिला आपूर्ति कार्यालय के निर्देश पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति सह विपणन पदाधिकारी नौशाद आलम ने कार्डधारकों से राशनकार्ड के सभी सदस्यों की 27 मार्च तक नजदीकी डीलर के पीडीएस से ई-केवाइसी करा लेने की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पीला, गुलाबी, हरा कार्डधारक लाभुकों के लिए ई-केवाइसी कराना जरूरी है। इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित की गई है।

# सदर थाना में संतोष कुमार गुप्ता ने संभाला कार्यभार, उत्तम कुमार राय लाइन हाजिर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना, मेदिनीनगर के नए थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने सोमवार दोपहर 1 बजे पदभार ग्रहण कर लिया। पूर्व थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन द्वारा लाइन क्लोज कर दिया गया।

संतोष कुमार गुप्ता इससे पहले मनातू थाना में अवर निरीक्षक (सब इंस्पेक्टर) के रूप में कार्यरत थे। पुलिस कप्तान के आदेश के अनुसार उन्हें 24 घंटे के भीतर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया था। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान निवर्तमान थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। उत्तम कुमार राय ने सदर थाना में एक वर्ष से अधिक समय तक सेवा दी।

# फोरलेन निर्माण में अनियमितता पर भड़के पूर्व मंत्री त्रिपाठी, रैयतों के साथ सड़क पर उतरे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नेशनल हाईवे-39 पर फोरलेन निर्माण में अनियमितताओं और रैयतों की अनदेखी के खिलाफ सोमवार को पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने सिंगरा से सतबरवा तक विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भी समर्थन दिया। त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि बिना मुआवजा दिए कंपनी मनमाने तरीके से काम कर रही है, जिससे कई गांवों का संपर्क कट गया है, नहरें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, और निर्माण एजेंसी ग्रामीणों को डराने-धमकाने में लगी हुई है।



आंदोलन के बाद उपायुक्त कार्यालय में एनएचएआई अधिकारियों, संवेदकों, ग्रामीणों और त्रिपाठी के बीच बैठक हुई, जिसमें 12 सूत्री मांगों पर चर्चा कर एक सप्ताह के भीतर समाधान का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि यदि तय समय में मांगें पूरी नहीं हुईं तो निर्माण कंपनी और इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज होगी। प्रमुख मांगों में सिंगरा में सर्विस रोड बंद करने के बाद लंबित मुआवजा भुगतान, पाटन-मनातू रोड पर फ्लाईओवर, पोखराहा खुर्द और पांकी रोड पर अंडरपास, जोरकट में नहर का कैनाल पक्का करना, लहलहे और जोरकट में बंद कैनाल चालू करना, जहरीले फ्लाईऐश हटाना और सतबरवा से पलामू किला जाने के लिए अंडरपास या फ्लाईओवर निर्माण शामिल हैं। बैठक के बाद पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी, जिसमें विवेका त्रिपाठी, मुकेश सिंह और कई अन्य नेता मौजूद रहे।

# शहरी क्षेत्र में पीएम विश्वकर्मा योजना के 261 आवेदन स्वीकृत

- नगर निगम आज करेगा आवेदकों का सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लघु उद्योग विभाग द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत शहरी क्षेत्र में 261 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। हालांकि, प्रारंभिक रूप से लगभग 3000 आवेदकों ने आवेदन किया था, लेकिन विभिन्न प्रकार की त्रुटियाँ पाए जाने के कारण छंटनी की गई।

योजना के तहत नाई, मूर्तिकार, राजमिस्त्री, लुहार, सुनार, नाव निमार्ता सहित 16 विभिन्न ट्रेडों में कामगारों को प्रशिक्षण दिया जाता है। पात्र लाभार्थियों को 5 से 15 दिनों की ट्रेनिंग दी जाती है, जिसके बाद 15,000 रुपये की टूल किट खरीदने के लिए सहायता राशि दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य कामगारों को नई तकनीक और कौशल से अवगत कराना और उनका सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान करना है।

नगर निगम मंगलवार को चयनित आवेदकों को बुलाकर सत्यापन करेगा, जिसके बाद अंतिम सूची लघु उद्योग विभाग को सौंपी जाएगी। सिटी मिशन मैनेजर अभिषेक कुमार के अनुसार, लाभार्थियों को टूलकिट खरीदने के लिए आर्थिक सहायता के साथ सस्ती ब्याज दर पर लोन देने का भी प्रावधान है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

### महिला आरक्षण लागू करने की मांग पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# भाजपा सरकार महिलाओं को ठगने का काम कर रही है : बिट्टू पाठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदू भगत ने किया। उनकी मुख्य मांग थी कि महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्र लागू किया जाए और ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण का लाभ मिले।

कार्यक्रम का संचालन उषा देवी ने किया। धरना के बाद राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

कार्यक्रम में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में सोनिया गांधी ने 33% महिला आरक्षण विधेयक पास कराया था, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे अभी तक लागू नहीं किया। यह महिलाओं के अधिकारों को नजरअंदाज करने का प्रमाण है। मोदी सरकार केवल जुमलेबाजी कर रही है और महिलाओं को ठग रही है।

महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदू भगत ने कहा कि हमने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। कांग्रेस पार्टी महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं, जिनमें सतनारायण सिंह, विनोद तिवारी, शमीम अहमद, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, सरस्वती कुमारी, अनिल सिंह, हैदर खान, तुलसी पासवान, संजू कुमारी, बबीता देवी, चंपा देवी, राज प्रीति देवी, फुलवा देवी, सुमित्रा देवी, आरती कुमारी, सरिता देवी, रीता देवी, मालती देवी, उषा देवी, सुनीता देवी, श्वेता कुमारी, संध्या देवी, सोनम देवी, अंजू कुमारी, रजनों बीवी, हमीदा बीवी, मंजू देवी, मीना देवी, गीत देवी, अंजली देवी, ललिता देवी, पिंकी कुमारी सहित कई महिलाएं शामिल थीं।

# ई-केवाईसी कराने के लिए सिर्फ एक सप्ताह बचा, 43.57 प्रतिशत लाभुक अब भी पीछे

**31 मार्च तक नहीं कराया अपडेट, तो रद्द हो सकता है राशन कार्ड**

**मेदिनीनगर।** जिले में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले राशन के लिए केवल 66.57% लाभुकों ने अब तक ई-केवाईसी पूरा किया है। 31 मार्च की अंतिम तिथि नजदीक आने के बावजूद अब भी 43.57% लाभुकों ने ई-केवाईसी नहीं कराया है, जिससे वे राशन मिलने से वंचित हो सकते हैं। मनातू प्रखंड में ई-केवाईसी की स्थिति सबसे खराब है, जहां 10682 कार्डधारकों में से 9088 (85.08%) ने ही इसे पूरा किया है। वहीं, पिपरा प्रखंड सबसे आगे है, जहां 7580 में से 7110 (93.80%) कार्डधारकों ने ई-केवाईसी करा लिया है। शहरी क्षेत्र में 10663 राशन कार्डधारी और 46043 लाभुकों में क्रमशः 88.07% और 65.01% लोगों ने ई-केवाईसी अपडेट कराया है। जिले में कुल 418195 राशन कार्डधारी हैं, जिनसे 18.24 लाख लोग लाभान्वित होते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराने वालों का राशन कार्ड रद्द किया जा सकता है।

## एमएमसीएच के रिकवरी वार्ड में गंदगी, संक्रमण का खतरा

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच में साफ-सफाई की व्यवस्था लचर होती जा रही है, जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण नए भवन में स्थित रिकवरी वार्ड में गंदगी आम बात हो गई है। रिकवरी वार्ड, जहां नॉर्मल डिलीवरी के बाद महिलाओं को 24 घंटे निगरानी में रखा जाता है, वहां सफाई व्यवस्था पूरी तरह से अव्यवस्थित है। फर्श गंदा रहता है, मास्क और अन्य कचरे इधर-उधर फेंके नजर आते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। मरीजों और उनके परिजनों को गंदगी के कारण असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से इसे लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में टीबी जागरूकता अभियान आयोजित

- नेहरू युवा केंद्र पलामू ने कराया शपथ ग्रहण कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र पलामू द्वारा विश्व टीबी दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्लस टू, सदर मेदिनीनगर में जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोरंजन तिवारी ने की, जबकि शुभारंभ विद्यालय की वार्डन अर्चिता सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका रूबी पाठक, सुमन कुमारी, राकेश सिंह, बी फार्मा आशीष रंजन उपाध्याय समेत कई शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

विद्यालय की वार्डन ने बताया कि विश्व टीबी दिवस हर साल 24 मार्च को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने 1982 में की थी, ताकि डॉ. कोच द्वारा खोजे गए बैक्टीरिया 'माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्युलोसिस' की वर्षगांठ को याद किया जा सके।

शिक्षिका रूबी पाठक ने कहा कि टीबी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान आवश्यक है, जिससे रोग की पहचान और बचाव में मदद मिल सके। आशीष रंजन उपाध्याय ने बताया कि समय पर दवा लेने और सही खान-पान से टीबी से जल्दी छुटकारा पाया जा सकता है। वहीं, राकेश सिंह ने कहा कि टीबी का बैक्टीरिया हवा के जरिए फैलता है, संक्रमित व्यक्ति की खांसी या थूक के माध्यम से यह स्वस्थ व्यक्ति तक पहुंच सकता है। इससे बचाव के लिए बीसीजी का टीका लगवाना जरूरी है।

# राज्य के ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों का 200 छात्रों ने किया भ्रमण




- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत हुआ शैक्षणिक दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक कक्षा के 200 से अधिक सरकारी विद्यालयों के छात्र तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर निकले।

23 से 25 मार्च तक चलने वाले इस भ्रमण के तहत बिरसा जैविक उद्यान, वाटर पार्क, सूर्य मंदिर, भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली और साइंस सिटी जैसी जगहों का दौरा किया गया।

परियोजना समन्वयक राजेश कुमार ने बताया कि यह यात्रा छात्रों के लिए मनोरंजन और ऐतिहासिक ज्ञान प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर है। अंतिम दिन मंगलवार को छात्र अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने के बाद वापस लौटेंगे। इस यात्रा में एपीओ उज्जवल मिश्र, शिक्षक रामलाल रजक, आरती कुमारी, संगीता कुमारी, रीना कुमारी, राजेश मिश्रा और पर्यवेक्षक राजीव कुमार भी शामिल रहे।

### मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के सम्मान में चेरो जनजाति ने किया स्वागत समारोह

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : रामचंद्र सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह के सम्मान में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ द्वारा पोलपोल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोरही में एक भव्य सम्मेलन और स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महासंघ के सदस्यों ने विधायक को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। आदिवासी समुदाय के महिला-पुरुष मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए विधायक को मंच तक लेकर आए, जहां उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया गया।



विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है। उन्होंने शिक्षा को सबसे अनमोल धन बताते हुए कहा कि गरीबी, बेरोजगारी और कुप्रथाओं को मिटाने का एकमात्र माध्यम शिक्षा है। विधायक ने कहा कि अगर एक-एक व्यक्ति समाज सुधार की दिशा में प्रयास करे तो निश्चित रूप से समाज आगे बढ़ सकता है।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मेधावी छात्रों की पढ़ाई में पैसों की कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी और संगठन गरीब मेधावी बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाएगा। उन्होंने सभी से संकल्प लेने की अपील की कि बच्चों को शिक्षित कर समाज में एक अलग पहचान दिलाएँ। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि चेरो जाति के लोगों को सभी क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, इसके लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने डायन प्रथा, बाल विवाह और नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से खत्म करने पर बल दिया और कहा कि अगर आपको एक समय भूखा भी सोना पड़े, तो भी अपने बेटे-बेटी को जरूर पढ़ाएँ। राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने महिला शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को बोझ न समझें, शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने कहा कि दहेज प्रथा और अन्य कुरीतियों को मिटाने के लिए सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने ग्रामीण और घरेलू महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता बताई।

सम्मेलन में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज में डायन प्रथा, नशाखोरी, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए शिक्षा ही एकमात्र समाधान है।

इस मौके पर हृदया सिंह, मृतुंजय सिंह, मुखिया गुड़ी देवी, पुष्पा देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक भरदुल सिंह ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने किया।

# मधुमक्खी पालन का दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के तत्वावधान में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टॉउन हॉल में 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन (एनबीएचएम)'योजना अंर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला सहकारिता पदाधिकारी जागमणि टोपनो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, जिला भूमि सरंक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए मधुमक्खी पालक किसान व प्रशिक्षणार्थियों को मधुमक्खी पालन की तकनीकी व सूक्ष्म जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने मधुमक्खी पालन के तौर-तरीके व मधु से जुड़े उत्पादों के व्यवसायिक प्रयोग के बारे में बताया। कार्यशाला का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में रुचि रखने वाले किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करना था, जिससे वह इस व्यवसाय को अपना कर अपनी आय बढ़ा सकें। इसमें किसानों को मधुमक्खी पालन की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ आर्थिक रूप से इसे सफल बनाने के तरीकों पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

## सतबरवा थाना प्रभारी निलंबित, विश्वनाथ कुमार बने नए थाना प्रभारी

**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश ने सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार को निलंबित कर दिया है। उन पर मुकदमों से जुड़े ई-साक्ष्य अपलोड करने में लापरवाही बरतने का आरोप था। डीआईजी द्वारा पलामू जिले में 11 मुकदमों से जुड़े ई-साक्ष्यों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि सतबरवा थाना में आवश्यक डेटा अपलोड नहीं किया गया था, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने तत्काल प्रभाव से सतबरवा थाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर विश्वनाथ कुमार राणा को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया है।

# टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए 20 डॉक्टर सम्मानित

## विश्व यक्ष्मा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जताई प्रतिबद्धता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति पलामू के बैनर तले राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन यक्ष्मा उन्मूलन पदाधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 20 डॉक्टरों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई और जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।



डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले समय में गांवों के मुखिया और सरपंचों को भी इस अभियान में जोड़ा जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग टीबी को लेकर जागरूक हो सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले साल एक्टिव निश्चय मित्रों की संख्या 20 से अधिक होगी।

सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने टीबी के लक्षणों, जांच और सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यरत सहियाओं की भागीदारी अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे। सम्मानित होने वाले डॉक्टरों में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. संतोष प्रसाद, डॉ. अनिल कुजूर, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ. चमन कुमार, डॉ. महेंद्र प्रसाद, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. मो. शाकीर, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. गोपाल प्रसाद सहित अन्य चिकित्सक शामिल थे।

इस अवसर पर डॉ. एस.के. रवि, डॉ. धनंजय त्रिवेदी, डॉ. अजय कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. गोपाल कुमार सहित कई एएनएम-जीएनएम और विभागीय कर्मी उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग की लापरवाही, उपभोक्ता को एक महीने का 1.56 लाख रुपये का बिल

- शिकायत पर विभाग ने गलती मानी, जांच का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शाहपुर के नया मोहल्ला निवासी मो. नेहाल को विद्युत विभाग ने एक महीने का 1,56,982 रुपये का बिल भेज दिया, जिससे वे हैरान रह गए। उनका कहना है कि पिछले साल मई से फरवरी तक उनका कुल बिल 13,999 रुपये था, जिसे उन्होंने 14 मार्च को ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया था। इसके बावजूद मार्च महीने में इतनी बड़ी राशि का बिल आना उनकी समझ से परे है। परिवार ने जब इस मामले की शिकायत विद्युत विभाग के ग्रामीण मंडल कार्यालय में की, तो वहां बताया गया कि गलती से उनके उपभोक्ता नंबर पर यह बिल दर्शा दिया गया है। हालांकि, इस गलती की सटीक वजह कोई नहीं बता सका।

**बिलिंग कर्मी पर परिवार ने जताया संदेह**

परिवार ने आरोप लगाया कि बिजली बिल निकालने वाला युवक ही इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार हो सकता है, क्योंकि वही मीटर रीडिंग कर बिल तैयार करता है।

**विभाग ने जांच का दिया आश्वासन**

विद्युत विभाग के ग्रामीण एसडीओ ने कहा कि अगर गलती विभाग की है, तो उपभोक्ता के बिल का समंजन कर दिया जाएगा। साथ ही, बिल निकालने वाले कर्मी से भी पूछताछ की जाएगी। बिजली विभाग की लापरवाहियों को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पहले भी इस तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं। उपभोक्ताओं को बार-बार दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन इस तरह की गलतियों पर विभाग की ओर से कोई ठोस सुधार नहीं किया जा रहा।

## सहिया का दूसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में द्वितीय बैच का सोमवार से सहिया का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंड से करीब तीन दर्जन सहिया भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण में शामिल सहियाओं को प्रशिक्षण अनिता कुमारी,अशोक कुमार रजक द्वारा दिया जा रहा है।

## बिजली विभाग ने 1.5 लाख बकाया वसूला

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को विद्युत विभाग के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1.5 लाख बिजली बिल की वसूली की गई। विभिन्न गांव से उपभोक्ताओं ने विद्युत से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में मुख्य रूप से कनीय अभियंता तरुण कुमार सहित कर्मी उपस्थित थे।

# राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में अश्लील गाना व डांस पर राज्य सरकार गंभीर

◀◀ वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** राज्य सरकार राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में अश्लील गाना व डांस पर गंभीर है। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इस मामले में मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने मुख्य सचिव से राजकीय महोत्सव में कथित गड़बड़ी, मनमानी एवं अश्लील गानों की प्रस्तुति और डांस से संबंधित मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही कार्यक्रम के लिए आवंटित राशि की ऑडिट कराने की अनुशंसा भी की है। महोत्सव का दायित्व जिले के डीसी को न देकर विभागीय सचिव या प्रमंडलीय आयुक्त को दिए जाने की आवश्यकता बताई है। वित्त मंत्री ने मुख्य सचिव को भेजे पत्र में लिखा है कि 19 एवं 20 मार्च को गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर में संपन्न राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अश्लील गानों की प्रस्तुति से राजकीय महोत्सव की छवि धूमिल हुई है। समाचार पत्रों में प्रकाशित तथा सोशल मीडिया में प्रसारित दृश्य के अनुसार राजकीय महोत्सव गढ़वा जिले के अधिकारियों का महोत्सव बन कर रह गया। महोत्सव को देखने पहुंचे लोगों को प्रवेश पत्र दिखाने के बाद भी गंतव्य तक जाने से रोका गया। नाराज लोगों ने कुर्सियां तोड़ दी। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यकम के नाम पर अश्लील गानों को परोसा गया, अश्लील गानों पर मंच के सामने बैठे लोग (संभवतः जिला प्रशासन के अधिकारी) झूमते नजर आ रहे थे। महोत्सव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने की जिम्मेवारी गढ़वा डीसी की थी।जानकारी के अनुसार राजकीय महोत्सव पर अधिकतम 80 लाख रूपए बजटीय प्रावधान निर्धारित है, जिसके विरूद्ध 50 लाख रूपए अग्रिम के रूप में जिला प्रशासन गढ़वा को उपलब्ध राशि से शास्त्रीय संगीत, उत्कृष्ट कवि सम्मेलन, आदिवासी लोक नृत्य, प्रतिष्ठित बांसुरी वादन आदि जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन न कर भोजपुरी संगीत के माध्यम से अश्लील गानों के प्रस्तुतिकरण से श्री बंशीधर महोत्सव की भव्यता और दिव्यता भंग हुई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर के अनुसार कार्यक्रम में आये हुए कुछ कलाकारों के समक्ष शराब और मांस परोसा गया। उन्होंने लिखा है कि जिला प्रशासन गढ़वा के द्वारा आयोजित मर्यादित कार्यक्रम से प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने महोत्सव के लिए आवंटित राशि की ऑडिट कराने की अनुशंसा की है। साथ ही अमर्यादित कार्यक्रम के लिए दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई किये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने राजकीय महोत्सव का दायित्व जिले के डीसी को न देकर विभागीय सचिव या प्रमंडलीय आयुक्त को दिए जाने की आवश्यकता बताई है।

## नावाडीह ने बिजडीह को हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के बेलाबार गांव में सोमवार को बेलाबार प्रीमियर लीग कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज अंसारी ने फीता काट कर किया। 12 वर्ष के बच्चों द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट की सराहना की। उन्होंने आयोजन समिति को सहयोग भी किया। टूनामेंट के पहले मुकाबले में नावाडीह और बिजडीह की टीमें आमने-सामने हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नावाडीह की टीम ने 8 ओवर में 53 रन बनाई। जवाबी पारी खेलने उतरी बिजडीह की टीम ने 38 रन ही बना सकी और मुकाबला 15 रनों से हार गई। शानदार प्रदर्शन करने वाले नावाडीह के खिलाड़ी मनीष कुमार गुप्ता को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि आगामी मैचों में क्षेत्र के कई और टीमें भाग लेंगी, जिससे खेल का रोमांच और बढ़ेगा। मौके पर अल्ताफ अंसारी, शिक्षक राजेश्वर रजक, कुंडल सिंह, अंगद पासवान, अमित सिंह, अब्दुल्लाह अंसारी, पप्पू सिंह, मनीष मेहता, सुमित सिंह और श्रीराम सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### जायंटस सेवा के हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर काम करता है: उपायुक्त

**मेराल।** जायंटस ग्रुप गढ़वा व सेंटेवीटा अस्पताल रांची द्वारा स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के अध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ ने की। इस अवसर पर जायंटस वेलफेयर फाउंडेशन के सेंट्रल कमेटी सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी, मदन केसरी, एवं फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी सहित सेंटीवीटा हॉस्पिटल के डॉक्टर आर एस दास के नेतृत्व, डॉ अनिल कुमार, डॉ विकाश केशरी, डॉ आशु मल्होत्रा, डॉ विजेता निर्मल, डॉ आमिताभ कुमार, डॉ मोहित नारायण, डॉ सुमन चटर्जी, डॉ अमन केशरी, डॉ प्रीतिश प्रणय एवं डॉ सौम्या विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मेगा मेडिकल कैंप में मानसिक रोग, जनरल सर्जन, कान, नाक, गला रोग, हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, सामान्य एवं हृदय रोग, शुगर रोग, किडनी रोग, त्वचा रोग एवं आंख के रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग एक हजार मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह एवं मुफ्त दवाइयां भी दी गई। मेगा मेडिकल कैंप का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त ने जायंटस की भूरी भूरी प्रशंशा करते हुए कहा कि जायंटस ग्रुप गढ़वा की गतिविधियां वास्तव में सामाजिक क्षेत्र में अद्वितीय है। जायंटस सेवा के हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर काम करता है। पिछले तीन चार वर्षो से से अधिक हो गया मुझे गढ़वा में मैं जायन्ट्स के कार्यों से बहुत प्रभावित हूं। सर्जन डॉ आर एस दास ने अपने सम्बोधन में खान पान में तेल मशाला कम से कम उपयोग करने, बॉयल एवं रेशेदार भोजन में अधिक से अधिक शामिल करने तथा योग व्यायाम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर फाउंडर अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय ने जायन्ट्स और उसके द्वारा किया जाने वाला सेवा कार्यों में को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने एवं धन्यवाद ज्ञापन विनोद कमलापुरी ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ यासीन अंसारी, डॉ एन के रजक, डॉ एम पी गुप्ता1, गढ़वा ग्रुप के उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा एवं चंद्रभूषण सिन्हा, सचिव मोजीबुद्दीन खान, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, दीपक तिवारी, बिनोद गुप्ता, अशोक गुप्ता, कमलेश गुप्ता सहित संतोष कु मेहता, रविंद्र, जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने अपने बाउंड्री निर्माण से अपने को अलग किया

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उवि के त्रुटि पूर्ण तरीके से बाउंड्री वॉल के निर्माण का मुद्दा उठाने के बाद जिप सदस्य प्रतिनिधि की ही आलोचना किए जाने से दुखी होकर उन्होंने इस मामले से अपने को अलग कर लिया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिनेश कुमार ने कहा कि इसे हर्ष कहें या विषाद उनकी समझ में नहीं आ रहा है। आज से कुछ दिन पहले मैंने स्कूल की बॉउंडी को लेकर मीडिया के सामने एक मामला उठाया था कि स्कूल की जमीन पर गुमटी रखा हुआ है। जिस कारण बाउंड्री को गुमटी के पीछे से अहाता का कलम खड़ा कर दिया गया है। स्कूल की जमीन रहते हुए अहाता टेंढ़ा किया जा रहा है। इसको लेकर मैंने अंचल अधिकारी को भी अवगत करवाया था कि अतिक्रमण हटा कर के बाउंड्री को सीधा कर दिया जाए। मैं इसलिए सीधा करवाना चाहता था कि बाजार की जमीन में से आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास कुछ स्कूल की काफी जमीन पर कब्जा कर लिया गया। वह सब आज तक अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया।

## एक नजर

### करके पंचायत झामुमो अध्यक्ष बने रणधीर सिंह

**डंडई।** प्रखंड के करके पंचायत में सोमवार को झामुमो का पंचायत स्तरीय कमेटी गठन किया गया। पर्यवेक्षक राजेश मेहता व चंद्रशेखर प्रसाद की उपस्थिति में कमेटी गठन किया गया। कमेटी गठन को लेकर बैठक हंगामेदार रही। बैठक अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के चार कार्यकर्ताओं ने अपनी उम्मीदवारी पेश की। बाद में पर्यवेक्षकों ने टॉस उछाल कर अध्यक्ष का चुनाव कराने का निर्णय लिया। उछाले गए टॉस में पंचायत के रणधीर सिंह टॉस जीतकर अध्यक्ष का पद हासिल किए। पार्टी के अन्य पदों का चुनाव पर्यवेक्षकों द्वारा सर्वसम्मति से कर लिया गया था। बैठक की अध्यक्षता सूर्य देव चौधरी ने की। संचालन मनोज प्रजापति ने किया।

### रमजान इंसानियत का संदेश देता है: अंसारी

**धुरकी।** रमजान महीना इंसानियत का संदेश देता है। इस महीने में हर मुस्लिम समाज के लोग पूरे इदत व एहतराम के साथ इबादत करते हैं। रमजान का महीना अफजल महीना माना जाता है। इस महीने में रोजेदारों को इफतार करना एक बड़ी इबादत है। गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अब्दुल्ला हक अंसारी ने कहा कि खासकर रमजान के महीने में पांच वक्त नमाज पढ़ना, जकात व खैरात बांटना हर मुसलमान के लिए वाजिब माना जाता है। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में जहां एक महीने का रोजा रखना धार्मिक दृष्टिकोण से सही माना जाता है, वहीं रोजा रखना स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर है। उन्होंने बताया कि इस्लामिक दृष्टिकोण से 10 वर्ष से अधिक उम्र वाले हर मुसलमान को रोजा रखना फर्ज माना जाता है।

### भाकपा माले का तीन दिवसीय धरना शुरू

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले अनुमंडल कमेटी के नेतृत्व में कचहरी परिसर में केतार तथा खरौंधी प्रखंड के कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय धरना सोमवार से प्रारंभ हो गया।धरना में माले नेताओ ने कहा कि केतार प्रखंड में गरीबों की भूमि समस्या को लेकर संघर्ष करने वाले नेता दिलीप कुमार गुप्ता को झूठा व फर्जी मुकदमा में फंसाकर जेल भेज दिया। इस सवाल को लेकर यह धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अनुमंडल के सभी प्रखंडों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। अंचल कार्यालय में जमीन का दाखिल खारिज से लेकर ऑनलाइन कराने में गरीबों से पैसा वसूला जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि उक्त सभी मामलों की जांच कर कानूनी सुधार नहीं किया गया तो बाध्य होकर भाकपा माले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिये विवश होगी। धरना को भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य सह एपवा नेत्री सुषमा मेहता,कामेश्वर विश्वकर्मा, गिरधारी सिंह सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया।

## उपायुक्त ने ई केवाईसी कराने को लेकर प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड, गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत ई केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित सभी लाभुकों का ई केवाईसी पूर्ण किये जाने का अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। उपायुक्त ने योजना से आच्छादित लाभुकों को ससमय अपना ई केवाईसी पूर्ण करा लेने की अपील की है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए जागरूकता रथ का परिचालन कराया जा रहा है, ताकि कोई भी लाभुक ई-केवाईसी कराने से वंचित न रह सके। उपायुक्त ने बताया कि उक्त जागरूकता वाहन द्वारा आमजनों को ई केवाईसी कराने के प्रावधान, प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। साथ ही खाद्य, सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किए जा रहे खाद्यान्न सामग्री आदि की जानकारी भी दी जाएगी। जिले के सभी प्रखंडों में वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर ई केवाईसी कराने के प्रावधान, प्रक्रिया व योजनाओं के तहत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न व सामग्रियों से आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का होना एक नया प्रयोग: थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया स्थित हाई स्कूल के मैदान में क्षेत्रीय नीलांबर पीतांबर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में गढ़वा जिला के आस पास समेत छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच छत्तीसगढ़ राज्य के बलरामपुर क्रिकेट टीम वी कमालपुर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। निर्धारित 10 ओवर में कमालपुर के टीम ने 67 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी बलरामपुर टीम ने लक्ष्य के पीछा करते हुए दो विकेट के पतन के बाद आठ विकेट से मैच जीत कर टूर्नामेंट के अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम, पंचायत मुखिया विनय सिंह पूर्व खिलाड़ी सुशील सिन्हा, समाजसेवी ओमप्रकाश केशरी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मुख्यअतिथि ने कहा कि भंडरिया ऐसे क्षेत्र में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का होना एक नया प्रयोग है। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र रह चुका है, जिससे युवाओं में मनोरंजन व खेल के प्रति निराशा का माहौल रहा है। आशा करते हैं कि यहां के लोगों प्रत्येक वर्ष इस तरह के आयोजन क्षेत्र में करें। कहा कि खेल को खेल के भावना से खेलें। एंपायर की भूमिका में शितल पवन तिर्की, विनोद प्रजापति में थे।

टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए निर्णय

## अवैध बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करें: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार डीएसपी यशोधरा, एसडीपीओ नीरज कुमार, जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव समेत कई वरीय पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। वर्चुअल रूप से वीसी के जरिये अनुमंडल पदाधिकारी रंका रूद्र प्रताप, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों ने भी भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई को ना रोकने का निर्देश दिया गया एवं निर्गत रसीद देखने को कहा गया। रात्रि के समय पैनी नजर रखते हुए अवैध ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया एवं रात्रि में बालू ढुलाई हेतु चालान निर्गत नहीं करने के निर्देश दिए गयें।

### समाज सेवी ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया

**मेराल।** पूर्वी पंचायत के मुड़ल टोला निवासी समाजसेवी धनंजय चौधरी ने मुस्लिम धर्म के मानने वालो रोजेदारों के लिए दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इफ्तार पार्टी मेराल पूर्वी पंचायत के पूर्व बीडीसी लतीफ अंसारी के घर पर किया गया। इस संबंध में समाजसेवी धनंजय चौधरी ने बताया कि रमजान के पाक महीने में रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी देना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन से आपसी भाईचारा जो वर्षो से हमारी बीच है उसका संदेश लोगों में जाता है। रोजे के समय इफ्तार पार्टी का आयोजन करना एक विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम भाई पूरे 1 महीने तक रमजान के पवित्र महीना में रोजा रखते हैं।और अपने क्षेत्र एवं भारत सहित विश्व में अमन चैन की दुआ करते हैं। इफ्तार पार्टी के मौके पर पूर्व बीडीसी लतीफ अंसारी ने कहा कि इस तरह के इफ्तार पार्टी का आयोजन गंगा जमुनी तहजीब का मिसाल है। इस अवसर पर रियासत अंसारी, सोनू अंसारी रुस्तम अंसारी निजाम अंसारी सहित काफी संख्या में रोजेदार लोग शामिल थे।

## सदर अस्पताल के सामने सड़क जाम करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल के सामने ग्रामीणों द्वारा रोड जाम करने के मामले में गढ़वा थाना में मामला दर्ज किया गया है। सड़क दुर्घटना में मृत एक युवक के शव का अविलंब पोस्टमार्टम करने की मांग को लेकर ग्रामीणों और परिजनों ने रविवार को यहां मुख्य मार्ग जाम करते हुए आम लोगों के आवागमन को रोकने का प्रयास किया था। इस पर सम्यक धाराओं के तहत मार्ग बाधित करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने पूर्व में ही इस बात का निर्देश जारी किया हुआ है कि गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र में कहीं भी सार्वजनिक आवागमन को जानबूझकर बाधित करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पिछले माह भी गढ़वा प्रखंड अंतर्गत हाईवे पर हुई एक दुर्घटना के बाद रोड जाम करने वालों पर एसडीओ संजय कुमार के कड़े रुख के बाद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। संजय कुमार ने पुनः नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि किसी भी विरोध प्रदर्शन के लिए आम सड़क को जाम कर देना किसी भी रूप में सही तरीका नहीं है। किसी भी विभाग, कार्यालय या पदाधिकारी के विरुद्ध अगर किसी को कोई शिकायत, असंतोष या गुस्सा भी है तो इसके लिए तमाम प्रशासनिक व कानूनी विकल्प मौजूद रहते हैं। सबसे अच्छा विकल्प तो यही है कि ऐसे मामलों में जिले के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों तक अविलंब सूचना देना चाहिए। यहां तक कि यदि उन्हें भी कोई ऐसी सूचना मिलती है तो वे भी ऐसे मामलों पर तुरंत संज्ञान लेंगे। किंतु रोड जाम करने के उपरांत एक शिकायतकर्ता पीड़ित व्यक्ति भी कानून की नजर में उल्लंघनकर्ता की श्रेणी में आ जाता है। अतः विरोध के मामलों में जोश में आकर कभी रोड जाम करने जैसा कदम न उठाएं। क्योंकि किसी भी घटना-दुर्घटना के बाद या किसी अन्य कारण से रोड जाम कर आम लोगों के लिए संकट पैदा करना दंडनीय और अनैतिक भी है। उन्होंने अक्सर इस भीड़ में शामिल हो जाने वाले लोगों से भी अनुरोध किया है कि वे सड़क जाम करने की गतिविधियों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन न करें।

### खेल मैदान के निर्माण को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के अमवाडीह गांव में मनरेगा योजना से बनाये जा रहे खेल मैदान के समर्थन में लाभुक संतोष प्रजापति, संतोष यादव सहित दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा है। इसमें कहा गया है कि खेल मैदान का निर्माण सार्वजनिक सुविधा को देखते हुए कराया जा रहा है। यहां साप्ताहिक बाजार, नाट्य कला प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनसभा होता है। पर यहां की जमीन ऊंची-नीची होने के कारण उक्त कार्यों में परेशानी होती है। निर्माण स्थल के बगल में मिट्टी नहीं होने के कारण दूसरे स्थान से मजदूरों के सहयोग से ट्रैक्टर के माध्यम से मिट्टी मंगाया गया है।

सराहनीय पहल

## न्यू दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव श्री वंशीधर में होना शुरू

## सांसद वीडी राम व डीआरएम ने रही झंडी दिखाकर ट्रेन रवाना किया



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** रेल विभाग ने श्री बंशीधर नगर को रविवार को बड़ी सौगात दी है। रांची न्यू दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव श्री बंशीधर नगर में होने लगा है। रविवार को रांची से न्यू दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर जैसे ही रुकी, बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने गर्मजोशी के साथ जयकारा लगाकर स्वागत किया। सांसद वीडी राम ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सांसद के अलावा धनबाद रेल मंडल के एडीआरएम सहित कई गणमान्य और रेलवे के अधिकारी मौजूद थे। सांसद ने कहा कि आज पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां के लोगों को बहुत बड़ी सौगात दी है। इसके लिए काफी समय से वह प्रयासरत थे। मोदी सरकार ने झारखंड को रेल के लिए 7 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए मोदी सरकार लगी हुई है। स्टेशनों का आधुनिकरण किया जा रहा है। श्री बंशीधर नगर का भी आधुनिकरण अमृत भारत योजना के तहत किया जा रहा है। यहां से लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी के लिए ट्रेन शुरू करने के लिए वे प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर धार्मिक पर्यटन क्षेत्र में महत्वपूर्ण शहर है। बंशीधर मंदिर आने वाले लोगों को राजधानी एक्सप्रेस रुकने से काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बंशीधर महोत्सव को लेकर प्रशासन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि बंशीधर मंदिर को डेवलप करने और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के लिए वे संसद में कई बार आवाज उठाई है। बंशीधर महोत्सव शुरू कराने का मेरा यही मकसद था। लेकिन आज महोत्सव जनता का नहीं सिर्फ प्रशासनिक महोत्सव होकर रह गया है। पहले और दूसरे महोत्सव में हमलोग घर घर जाकर लोगों को आमंत्रित करने का काम किया था। लेकिन आज ऐसा नहीं हो रहा है। वही यातायात निरीक्षक ने बताया कि श्री बंशीधर नगर के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। इस स्टेशन से औसतन प्रतिदिन 800 यात्री यात्रा करते है। प्रतिदिन 75 हजार का राजस्व रेल को मिलता है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, अलखनाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, भाजपा एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, विक्रांत उर्फ सोनू सिंह, राजीव रंजन तिवारी, महामंत्री, ओमप्रकाश गुप्ता, कुमार कनिष्क, अविनाश कुमार, कमलेश मेहता, प्रताप जायसवाल, उदय जायसवाल, बैद्यनाथ तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा**

**अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)**

**(इच्छा की अभिव्यक्ति), प्रेस विज्ञप्ति**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–(N) 273 (अनु0) दिनांक–03.03.2025 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत "बिरसा हरित ग्राम योजना" के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढवा जिला के 20 प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में योजना स्थल पर बागवानी संबंधी कार्यों के बेहतर प्रबंधन एवं ससमय क्रियान्वयन हेतु खाद, फफूंदनाशक, कीटनाशक, रसायनिक खाद, Antibiotic एवं प्लास्टीक आदि सामग्रियों को क्रय किया जाना है, जिसके लिए योग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकताओं से मुहरबंद अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है।

अतः अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक 148/मनरेगा, गढ़वा दिनांक 21.03.2025 से खाद, फफूंदनाशक, कीटनाशक, रसायनिक खाद, Antibiotic एवं प्लास्टीक आदि सामग्रियों का क्रय हेतु निविदा का जमा करने की अंतिम तिथि 09.04.2025 अपराह्न 12:30 बजे तक है एवं निस्तारण की तिथि 09.04.2025 अपराह्न 02:00 बजे जिला तकनिकी समिति एवं निविदादाता/उनके प्रतिनिधि के समक्ष निविदा खोले जाने हेतु निर्धारित की गई है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी जिला–गढ़वा की वेबसाई – www.garhwa.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा के सूचना पट्ट से देखा जा सकता है।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा

PR 349101 Rural Development(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा**

**भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 26.03.2025 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | Graduation | 21 and Above | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | S.S.M | 02 | Graduation | 21 and Above | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | E.S.M | 01 | Graduation | 21 and Above | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga Experience : - 01-03 yr. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th Pass | 21 and Above | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 2 | Eduvantage Ranchi. | Sewing Machine Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location- Tiruppur. |
| | | Data Entry Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location -Tiruppur. |
| | | Manufacturing Laptops (Male) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 14000/= Job Location- Bangluru. |
| 3 | LIC, Lohardaga. | Insurance Advisor | 20 | 10th Pass | 18 -40 Age | Commission Basis Job Location- Lohardaga. |
| | | Bima Shakhi | 20 | 10th Pass | 18-40 Age | Salary5000/= to 7000/= Job Location- Lohardaga. |
| 4 | Prejha Foundation Nagra Toli, Ranchi | Mobile Assembly (Female Only) | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Lathe Machine Operator | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka/Tamil Nadu. |
| | | Tiles Mistri | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary17000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Construction | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary 20000/= Job Location- Karnataka. |
| TOTAL:- | | | 413 | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer
Lohardaga

PR 349129 Lohardaga (24-25)_D

# चलन्त लोक अदालत वैन से दी गई कानूनी जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रधान व जिला सत्र न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय चतरा के निर्देश पर सोमवार को चलंत लोक अदालत वैन कुंदा पहुंची। इस दौरान कुंदा में कार्यरत अधिकार मित्र अजीत कुमार, मुन्ना दास, किरण कुमारी, प्रवीन पासवान, संजय चौधरी के नेतृत्व में इस वैन को कुंदा आंबेडकर चौक, मेन चौक,दुर्गा मंडप, डाक बांग्ला,बजार टांड, बेल चौक व अन्य चौक-चौरहा पर खड़ाकर ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित अधिकार मित्रों ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निम्न स्तर के लोगों को उचित न्याय दिलाना और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करना है। लोगों को नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 समेत अन्य हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। मौके पर कानून की जानकारी के लिए पुस्तक व पंपलेट का वितरण किया गया। लोगों ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर कानूनी जानकारी प्रदान करने व उन्हें न्याय प्रणाली के बारे में जागरूक करने में मदद को लेकर डालसा कोर्ट की ग्रामीणों ने सराहना किया। मौके पर ग्रामीण लखन गंझू, ओमप्रकाश यादव, विष्णु यादव, शांति देवी, विक्की कुमार, राजू साव, छोटू कुमार, संजय यादव, सुनील यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# चोरी करते अंतर्राज्यीय गिरोह के 9 गिरफ्तार, भेजे गए जेल



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के राहम बाईपास में पुल किनारे रखे लोहा का पाइप चोरी कर रहे अंतर्राज्यीय गिरोह के 9 चोरों को पुलिस ने रविवार देर रात गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। बताया गया कि घटना स्थल में एक छह चक्का वाहन में 21 पीस पानी का डी पाइप चोरों द्वारा लोड किया जा चुका था। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, जिसमें 9 लोगों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने पूछताछ में आरोपी वांछित दस्तावेज व संतोष जनक जबाब नहीं दे पाए। गिरफ्तार लोगों में यूपी के रायबरेली जिला अंतर्गत पुरेशिव बक्श निवासी 25 वर्षीय जितेंद्र भुइयां पिता राम निवास, 20 वर्षीय दिलीप कुमार पिता हरिलाल, धनबाद जिला के झरिया निवासी 24 वर्षीय अजय भुइयां पिता अमृत भुइयां, 25 वर्षीय संतोष भुइयां पिता नंदलाल भुइयां, बेलगडिया निवासी 35 वर्षीय विक्रम कुमार पिता लक्ष्मी भुइयां, 25 वर्षीय जितेन्द्र भुइयां पिता राम लखन भुइयां, 40 वर्षीय चुनु यादव पिता स्व. जगदीश यादव, 38 वर्षीय छोटू भुइयां पिता चलितर भुइयां, भालगढ़ा निवासी 25 वर्षीय राजेश भुइयां पिता स्व अर्जुन भुइयां को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। मौके से पाइप लदे वाहन समेत एक स्कार्पियो, चार मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी उमेश राम,पुअनि उपेन्द्र कुमार समेत थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**बारियातू।** पुलिस ने सोमवार को फरार चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ के बारियातू थाना के नामजद अभियुक्त पिंटू गंझू 37 वर्ष पिता लक्ष्मी गंझू, पता ग्राम सुअरधरी थाना हेरहंज जिला लातेहर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उन्होंने कहा की पिंटू गंझू टीपीसी नक्सली संगठन के सदस्य भी है।

## न्यूज बॉक्स

### शांति समिति की बैठक कल

**गिद्धौर (चतरा)।** ईद व रामनवमी महापर्व को लेकर थाना में बुधवार को शांति समिति की बैठक रखी गई है। बैठक संध्या 4 बजे से प्रारंभ होगा। बैठक सभी जनप्रतिनिधियों,विभिन्न राजनीतिक दल के सदस्यों व प्रबुद्ध ग्रामीणों को आमंत्रित किया है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दी।

### सीपी सिंह का बयान अनुचित : जुनैद

**चंदवा।** रांची विधायक सीपी सिंह द्वारा रांची में ईद का बाजार बंद करने वाले बयान की जितनी निंदा की जाये कम है। सीपी सिंह ईद पर ओछी राजनीति कर रहे है। वह अगर लिखकर दें कि किसी पर्व त्योहार में सड़क जाम नहीं किया जाएगा तो ईद का बाजार भी बंद कर दिया जायेगा। उक्त बातें लातेहार जिले के वरिष्ठ समाज सेवी जुनैद अनवर ने कही।

### स्कूल में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड का वितरण

**चंदवा।** अलौदीया स्थित चिल्ड्रन पैराडाइस विद्यालय के सभागार में वार्षिक रिर्पोट कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के शैक्षिक मूल्यांकन के साथ-साथ उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में चिल्ड्रन पैराडाइस के प्रधानाचार्य प्रदीप ठाकुर ने कहा कि विद्यालय बच्चों के समग्र विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि बच्चे न केवल पढ़ाई में बल्कि खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी आगे रहें। इसके लिए विद्यालय परिवार पूरी तरह तत्पर है।

### विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ग्राम हुटाप टोला हांका तुरुवा के ग्रामीणों को टीबी (क्षयरोग) के प्रति जागरूक किया। इस वर्ष वर्ल्ड टीबी डे की थीम 'हां हम टीबी को खत्म कर सकते हैं' को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं ने स्किट (नाटक) के माध्यम से टीबी के लक्षण, रोकथाम और इलाज की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि अगर किसी को लगातार खांसी, वजन घटने,रात में पसीना आने जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल में जांच कराना जरूरी है।

## बीएस कॉलेज के स्वयंसेवकों ने यूथ पार्लियामेंट में लिया भाग

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने जपला स्थित एके सिंह कॉलेज में आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में लातेहार, पलामू, गढ़वा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीएस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा के स्वयंसेवी बबली कुमारी ने टॉप 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही। बबली के इस सफलता पर महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप तिवारी सहित पूरा महाविद्यालय के शिक्षक् शिक्षिकाओं, कर्मचारियों ने बधाई दी। कार्यक्रम का राष्ट्रीय सेवा योजना के लातेहार के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने नेतृत्व किया।

# कुआं से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने पिंडारकोम ग्राम स्थित लुकिया जंगल के कुंवा से एक 22 वर्षीय युवक चंद्र देव यादव पिता मधरु यादव ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया है। परिजन से मिली जानकारी के अनुसार युवक रविवार शाम से ही लापता था। काफी खोजबीन के बाद युवक का कोई पता नहीं चला। सोमवार की सुबह महुआ चुनने जा रहे कुछ गांव के ग्रामीणों ने देखा कि युवक का चप्पल कुआं के बाहर पड़ा है। कुआं में झांक कर देखने पर एक युवक युवक का पड़ा दिखा। सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस घटना पर पहुंच शव को बाहर निकाल पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने घटना स्थल के आस पास कुछ फेवीक्विक भी बरामद किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि युवक के आंख नाक में फेवीक्विक डाल दिया गया हो। हालांकि पुलिस उसका भी सैंपल नाक और आंख से लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज चुकी है। हर पहलू पर गंभीरता से पुलिस तहकीकात कर रही है। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार से पूछे जाने पर बताया कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। परिजन के मुताबिक यह घटना हत्या का बताया जा रहा है, जिस पर पुलिस हर पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# हाथी ने दो घरों किया ध्वस्त



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत नेतरहाट वन क्षेत्र के ग्राम करकट केनाटोली, चुटिया में जंगली हाथियों ने घर समेत अन्य समान को क्षतिग्रस्त कर दिया। केनाटोली के बसंती देवी पति बसंत बड़ाइक ने बताया कि मेरा घर को हाथी ने रात में ध्वस्त किया। साथ एलबेस्टर व घर के सामने केले के पेड़ को बर्बाद किया। करकट के रमिया देवी पति आजाद लोहरा ने बताया कि मेरा घर तोड़कर घर में 20 बोरा रखे धान को चट कर गया। चुटिया गांव के मलार नगेसिया ने बताया कि मेरा 25 डिसमिल में लगे गेहूं को नष्ट कर दिया। इस संबंध वनपाल कुंवर गंझू ने बताया कि हाथी द्वारा नुकसान का रिपोर्ट घटना स्थल में जाकर बनाया जा रहा है। जल्द ही पीड़ित परिवार को मुआवजा दे दिया जाएगा। साथ ही कागजी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होनें बताया कि हाथी के गतिविधि पर नजर बनाऐ हुए हैं। हाथी को छत्तीसगढ़ राज्य की ओर भगाने का प्रयास किया जा रहा है। हाथी छत्तीसगढ़ से अपने ग्रुप भटक कर झारखंड के बॉर्डर की तरफ आया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
**(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)**

अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-10/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा प्रखण्ड के ग्राम जुरिया न्यू करमटोली में देव प्रिया मिंज के घर से मुकेश लकड़ा के घर तक लगभग 700 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 23,79,950.00 | 48,000.00 | 5,000.00 | 2 माह |
| 2 | लोहरदगा जिला के सदर अस्पताल, लोहरदगा में 14x16 फीट का साईकियाट्रिक काउन्सेलिंग सेन्टर, 14x12 फीट का जेरियाट्रिक ओ0पी0डी0, 16x16 फीट का सहिया रेस्ट रूम, 18x14 फीट का फिजियोथेरेपी रूम, 14x14 फीट का वेटिंग रूम का निर्माण कार्य। | 49,92,600.00 | 99,900.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.03.2025 से दिनांक 09.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.04.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा

PR 349079 (Lohardaga)24-25*D


# सीसीएल प्रबंधन को मोमेंटो व प्रशस्ति-पत्र से किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली-चन्द्रगुप्त परियोजना क्षेत्र में जीएम अमरेश सिंह के निर्देश में पूरे जिला के 715 यक्ष्मा मरीजों को सीएसआर मद से पोषाहार दिया जा रहा है। सोमवार को विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर चतरा सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार ने सीसीएल प्रबंधन के इन प्रयासों की प्रसंशा व्यक्त की। साथ ही मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया। सिविल सर्जन दिनेश कुमार ने बताया कि यक्ष्मा मरीजों को भरपूर पोषण की आवश्यकता होती है। आवश्यक पोषाहार के अभाव में अधिकांशतः मरीज पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाते हैं। ऐसे में सीसीएल प्रबंधन द्वारा पूरे चतरा जिले के मरीजों को गोद लेकर बेहतरीन मानवीय सेवा का उदाहरण प्रस्तुत की है। प्रति माह उपलब्ध कराये जा रहे पोषण टोकरी में 3 किलो चना दाल, 1.5 किलो चना, 1 किलो गुड़, 1 लीटर रिफाइन तेल,1 किलो बादाम दिया जा रहा है। मौके पर मौजूद परियोजना के सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने अधिकारियों से मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र प्राप्त किया।

# धुमकुड़िया भवन, कब्रिस्तान, बिरसा आवास समेत संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए), कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

समीक्षा के क्रम में प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकल वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, बिरसा आवास योजना, वन पट्टा वितरण, कब्रिस्तान, घेराबंदी, छात्रावास निर्माण समेत अन्य विभागीय योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लेते हुए डीएलसी से पारित कराते हुए शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृति से आच्छादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय, छात्रावास की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने कल्याण विभाग की योजनाओं में गति देने व लगातार उनकी मॉनिटरिंग करते रहने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा धुमकुड़िया भवन, कब्रिस्तान, सरना, मसना, जाहेर स्थान घेराबंदी, बिरसा आवास समेत सभी संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। लंबित योजनाओं को अगले माह तक पूर्ण करवाने को लेकर आइटीडीए निदेशक को निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा आइटीडीए से संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई व सभी योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों को मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा समीक्षा के क्रम में अंचल वार वनाधिकार पट्टा वितरण, वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अनुमंडल स्तर पर लंबित व्यक्तिगत, सामुदायिक दावों से संबंधित प्रगति की जानकारी ली गई और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश कुमार व अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 23/2024–25

1.विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3.परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.04.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 09.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.04.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत लातेहार थाना का जीर्णोद्धार । | 24,99,000/- | 50,000/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत चन्दवा थाना का जीर्णोद्धार। | 24,97,500/- | 50,000/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना का जीर्णोद्धार | 24,92,600/- | 50,000/ - | 5,000/ | 03 (Three ) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत नेतरहाट थाना का जीर्णोद्धार। | 24,99,600/- | 50,000/ - | 5,000/ | 03 (Three ) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना का जीर्णोद्धार। | 24,97,900/- | 50,000/ - | 5,000/ | 03 (Three ) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत महिला थाना, लातेहार में शौचालय की मरम्मति कार्य। | 1,09,600/- | 2,200/ - | 500/ - | 02 (Two ) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत महिला थाना, महुआडांड़ में शौचालय की मरम्मति कार्य। | 1,09,600/- | 2,200/ - | 500/ - | 02 (Two ) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत चन्दवा थाना के माल्हन पिकेट में संतरी पोस्ट–04 अद्द निर्माण। | 9,85,200/- | 20,000/ - | 1,250/ | 03 (Three ) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत चन्दवा थाना के बोदा पिकेट में संतरी पोस्ट–04 अद्द निर्माण। | 9,85,200/- | 20,000/ | 1,250/ | 03 (Three ) Months |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत बालुमाथ थाना के मकईयाटांड पिकेट में संतरी पोस्ट–04 अद्द निर्माण। | 9,85,200/- | 20,000/ | 1,250/ | 03 (Three ) Months |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत बालुमाथ थाना के मोरपा पिकेट में किचेन शेड–01 अद्द निर्माण। | 12,63,334/- | 25,500/ - | 2,500/ - | 03 (Three ) Months |
| 12 | लातेहार जिलान्तर्गत बालुमाथ थाना के मोरपा पिकेट में डीप बोरिंग 01 अद्द निर्माण। | 3,29,900/- | 6,600/ - | 750/ - | 01 (One ) Month |
| 13 | लातेहार जिलान्तर्गत बालुमाथ थाना के तेतरियाखांड़ पिकेट में संतरी पोस्ट 04 अद्द निर्माण। | 9,85,200/- | 20,000/ - | 1,250/ - | 03 (Three ) Months |
| 14 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना में महिला बैरक 18x32- 01 अद्द निर्माण। | 16,19,500/- | 32,500/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |
| 15 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना के कुमण्डी पिकेट में किचेन शेड– 01 अद्द निर्माण। | 12,63,334/- | 25,500/ - | 2,500/ | 03 (Three ) Months |
| 16 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना के बरवईया पिकेट में किचेन शेड– 01 अद्द निर्माण। | 12,63,334/- | 25,500/ - | 2,500/ | 03 (Three ) Months |
| 17 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना के मटलौंग पिकेट में किचेन शेड– 01 अद्द निर्माण। | 12,63,334/- | 25,500/ - | 2,500/ | 03 (Three ) Months |
| 18 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना में शौचालय– 05 नग निर्माण। | 11,47,300/- | 23,000/ - | 2,500/ | 03 (Three ) Months |
| 19 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना में संतरी पोस्ट– 04 अद्द निर्माण। | 9,85,200/- | 20,000/ - | 1,250/ - | 03 (Three ) Months |
| 20 | लातेहार जिलान्तर्गत नेतरहाट थाना में संतरी पोस्ट–02 अद्द निर्माण। | 4,92,600/- | 10,000/ - | 750/ - | 03 (Three ) Months |
| 21 | लातेहार जिलान्तर्गत नेतरहाट थाना में शौचालय–05 नग निर्माण। | 11,47,300/- | 23,000/ | 2,500/ | 03 (Three ) Months |
| 22 | लातेहार जिलान्तर्गत आहुत थाना, लातेहार में शौचालय– 05 नग निर्माण। | 11,47,300/- | 23,000/ | 2,500/ | 03 (Three ) Months |
| 23 | लातेहार जिलान्तर्गत पुलिस केन्द्र, लातेहार में महिला बैरक 18x32- 01 अद्द निर्माण। | 16,19,500/- | 32,500/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |
| 24 | लातेहार जिलान्तर्गत पुलिस केन्द्र, लातेहार में शौचालय– 05 नग निर्माण। | 11,47,300/- | 23,000/ - | 2,500/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 349134 (Building)24-25*D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार


## टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक का आयोजन

# सीओ को 31 मार्च तक कैंप के माध्यम से मामलों का निष्पादन करने का दिया निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टाना भगत समुदाय के लिए संचालित योजनाओं की बिंदुवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, टाना भगत को वस्त्र के लिए चार हजार रुपये का वितरण, गाय का वितरण, मनरेगा, पेंशन योजना, शिक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। निःशुल्क लगान रसीद, दाखिल-खारिज, उत्तराधिकार नामांतरण समेत अन्य मामलों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी सीओ को 31 मार्च तक कैंप लगाकर उत्तराधिकारी के आधार पर भूमि नामांतरण कराने व निःशुल्क रसीद उपलब्ध कराने, बटवारा दाखिल खारिज समेत अन्य मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक को इनके बच्चों को रोजगार से जोड़ने को लेकर कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। बैठक में टाना भगतों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को उनके आवेदन पर आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, श्रम अधीक्षक , परमेश्वर टाना भगत, बहादूर टाना भगत समेत अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंसस कार्यकारिणी की बैठक स्थगित की गई


**लातेहार।** मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित पंचायत समिति सदस्यों की बैठक निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने की वजह से स्थगित कर दी गई। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों के साथ कार्यकारिणी निर्धारित समय के अनुसार किया जाना था। कार्यकारिणी की उक्त बैठक मे प्रखंड प्रमुख सहित पंचायत समिति सदस्यों की कम उपस्थिति के कारण पंसस की बैठक स्थगित करनी पड़ी । पंसस के साथ कार्यकारिणी की अगली बैठक आगामी 26 मार्च को रखी गई है, जिसमे सभी पंसस की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की गई है। मौके पर बीडीओ संदीप कुमार, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह,15वें वित आयोग प्रखंड समन्वयक शिल्पा सेन, पंसस सुषमा सिंह, विकास तिवारी, प्रमोद राम, महेंद्र राम, उषा देवी, जेई फुलदेव उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## भर्ती कैंप में 40 अभ्यर्थियों का चयन, 56 का शॉर्टलिस्ट

**लातेहार।** लातेहार जिला के युवक-युवतियों के रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय द्वारा खेल स्टेडियम में एक दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। भर्ती कैंप का विधिवत शुभारंभ जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने किया गया।उनके द्वारा विभिन्न पदों को लेकर कुल 40 अभ्यर्थियों का चयन किया गया व 56 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट अगले राउंड के लिए किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा जिला नियोजनालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाए तथा भर्ती कैंप पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। साथ ही आए हुए कंपनी के प्रतिनिधियों को ज्यादा रोजगार देने की अपील की गई। तमाम युवक युवतिओं को अपने इच्छा व योग्यता के अनुसार रोजगार पाने की शुभकामनाए दी गई। उन्होंने बताया कि जिला नियोजनालय युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्नशील है। जिला नियोजनालय द्वारा निरंतर भर्ती कैंप व रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा, ताकि लातेहार जिला के युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर सके।

## न्यूज बॉक्स

### ओलावृष्टि से हजारों किसानों की फसल व आशियाना उजड़े



**भंडरा ।** प्रखंड में पिछले दिनों हुये ओला वृष्टि से हजारों ग्रामीण के फसल व आशियाना उजड़ गया है। सभी गरीब ग्रामीण सरकार व प्रशासन से मदद की आस लगाए बैठे है। गडरपो, भौरो मसमानो जमगाई व भंडरा के किसान व आम गरीब पीड़ित परिवार क्षतिपूर्ति को लेकर भंडरा आंचल कार्यालय व स्थानीय मुखिया के पास आवेदन जमा करने पहुंच रहे है। इधर आवेदन व फोटो साफ करने के लिए स्टूडियो व प्रज्ञा केंद्र मे ग्रामीणों की भीड़ देखी जा रही है। और प्रज्ञा केंद्र व स्टूडियो संचालक फिलहाल ग्रामीणों से मनमानी पैसा वसूल रहे है। दूसरी और प्रकृतिक की इस भयानक आपदा से पीड़ित धानामुंजी गांव की एक गरीब महिला अपनी बेटी की शादी को लेकर काफी परेशान व चिंतित है। धनमुंजी गांव की बंधइन उरांव का कच्चा मकान इस प्रकृतिक आपदा मे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घर के अनाज व अन्य सामग्री भी बुरी तरह बर्बाद हो गया है। बंधइन ने बताया की अगले महीने बेटी शशिकमला उरांव की शादी है।

### आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम को किया घायल,जय श्रीराम समिति ने की मदद



**लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव निवासी गणेश साहू के पांच वर्षीय पुत्र अपनी मां के पीछे पीछे घर से निकला ही था कि अचानक पांच आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम को अपना शिकार बना डाला जिससे बच्चा बुरी तरह से घायल हो गया । अपने मासूम को बचाने के लिए उसकी मां ने अपनी जान पर खेल कर किसी प्रकार बच्चे को कुत्तों के झुंड से अलग किया ' मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बच्चे को उसके पिता तुरंत सदर अस्पताल इलाज के लिए लेकर आए। अस्पताल में रैबीज का टीका उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में परिजन काफी परेशान थे। घटना की सूचना पर जय श्री राम समिति के जिला पदाधिकारी ने सदर अस्पताल में पहुंच कर उचित उपचार में मदद की ' समिति के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा गंभीर अवस्था में भी कुत्ते के काटने पर रैबीज का इंजेक्शन ना मिलना बहुत ही दुखद है। इस अवस्था में बाहर से इंजेक्शन लाकर बच्चे को दिलाया गया। ऐसी समस्या पर अस्पताल प्रशासक एवं उपायुक्त को संज्ञान लेना चाहिए ' ताकि समय रहते किसी की जान बचाई जा सके। मौके पर अभिभावक डबला मुखर्जी, जिला संरक्षक अजय सोनी, ओम महतो, प्रमोद प्रजापति, समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

### भंडरा में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई


**भंडरा।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आहूत की गई है। इसकी जानकारी बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने दी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रमुख बरिया देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें कार्यान्वयन समिति में दो मुखिया को चुना जाना है। जिसमें सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के अलावे सभी विभाग के अधिकारियों को बैठक में भाग लेना अनिवार्य है। बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पंचायत समिति सदस्य की शिकायत जिला अनुमंडल पदाधिकारी से की जाएगी। इससे पूर्व दो बैठक में पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचे थे।

### मुवावजा के लिये किसानों द्वारा किया जा रहा आवेदन



**सेन्हा-लोहरदगा।** ओलावृष्टि से प्रभावित नुकसान फसल का मुवावजा के लिये अंचल कार्यालय व सभी ग्यारह पंचायत के पंचायत भवनों में आवेदन प्राप्त किया जा रहा है.उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेर्शानुसार अंचल कार्यालय सेन्हा व सभी पंचायत भवनों में जनसेवकों द्वारा शिविर आयोजन कर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा.वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया की ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को सरकार के निर्देश पर सभी योग्य किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का मुवावजा अवश्य दिया जायेगा.साथ ही कहा कि जो भी किसान फसल बीमा कराये हुए हैं.वैसे सभी किसान 14447 टॉल फ्री नम्बर में कॉल कर के बीमा राशि के लिये सीधा सम्पर्क कर सकते हैं।

### पुआल गांज में अगलगी से किसान को क्षति



**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के गजनी निवासी सहबान अंसारी पिता स्व सहदली अंसारी का पुआल गांज में आग लगने से पूरा गांज जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार कैरो गजनी रोड के बगल बस्ती के बीच मे ही स्थित सहबान अंसारी के घर के बगल कुछ दूरी पर अनेको लोगों का पुआल रखा हुआ है सोमवार दोपहर बाद न जाने कैसे पुआल गांज में आग लग गई ग्रामीणों के द्वारा आग बुझाने का भरसक प्रयास किया गया परन्तु आग पर काबू नही पा सके और पुआल गांज जलकर राख हो गई जिससे लगभग आठ दस हजार रुपये के नुकसान होने की बात कही गई।गनीमत रही कि और पुआल गांज तक आग को पहुंचने से रोका गया नही तो बड़ी घटना घट सकती थी क्योकि पुआल गांज के अगले बगल में बहुत सारे घर मकान है आग फैलने पर सभी घर मकान को आग अपने जद में ले सकती थी जिससे बड़ी घटना घट सकती थी।

---

कुडू में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी का मामला

# भू-स्वामी ने किसी अन्य के नाम पर प्रधानमंत्री आवास बनाये जाने पर सीओ से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड के लावागाई पंचायत अंतर्गत ग्राम जांगी में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी सामने आयी है। भु - स्वामी ने जमीन पर दावा करते हुए कुडू सीओ सह बीडीओ मधुश्री मिश्रा को लिखित आवेदन देकर उसकी जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। अपने आवेदन में भु - स्वामी जांगी गांव निवासी मुनी उरांव पति महावीर उरांव द्वारा दिए अपने आवेदन ने बताया गया है कि खाता संख्या 35 प्लॉट संख्या 546 मेरा है और लखिया उरांव पति बिफई उरांव द्वारा जबरदस्ती बलपूर्वक पीएम आवास का निर्माण कराया जा रहा है। मुनी उरांव ने बताया कि उक्त जमीन पर आवास का निर्माण कराये जाने की सुचना पर वो तत्काल रोकने को पहुंची तो आवास की लाभुक लखिया उरांव और उसके परिवार वालो ने बताया कि यह प्रधानमंत्री आवास उन्हें आवंटित किया गया है। मना करने पर धमकी देते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। जिसके बाद मैंने 12 मॉर्च को सीओ सह बीडीओ को जमीन पर आवास निर्माण पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है।

**●क्या कहती हैं सीओ सह कुडू बीडीओ**

सीओ मधुश्री मिश्रा ने बताया कि जांगी निवासी मुनी उरांव द्वारा उक्त जमीन पर पीएम आवास बनाने को लेकर शिकायत की गयी है। राजस्व उपनिरीक्षक को जांच का निर्देश दिया गया है।शिकायत सही निकली और सच मे गड़बड़ी की गई है तो वैसे लोगों पर विभाग को गुमराह करने और जालसाजी का मामला दर्ज होगा। जांच में दोषी पाए जाने पर पीएम आवास बनवाने वाले लाभुक को भुगतान की गई राशि की रिकवरी भी की जाएगी।

## ईद ,सरहुल एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** थाना परिसर में सोमवार को अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य व थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो की संयुक्त अध्यक्षता में ईद सरहुल व रामनवी का त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर सभी पर्व त्योहार को मिलजुलकर आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात की गई। इस दौरान ईद सरहुल और रामनवमी से संबधित जानकारी उपस्थित गण्यमान्य लोगो के द्वारा दी गई की कहाँ-कहाँ ईदगाह और कहां-कहां मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है।प्रखण्ड स्तरीय सरहुल के रूट और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।रामनवमी के बारे में सभी रूटों व कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई।थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने कहा कि पर्व त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क चौकस है, इस दौरान किसी प्रकार के अफवाह न फैलाएं,न ही इस पर ध्यान न दें।अफवाह फैलाने वाले या कोई भी शरारत करने वाले शरारती तत्वों को बख्सा नही जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ने कहा कि पर्व त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मानये रुट के बारे उन्होंने कहा कि यदि आपसी सहमति से इसमें बदलाव करने का विचार हो तो किया जा सकता है जिससे कि आपसी प्रेम सौहार्द बना रहे। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव,मखिया सुमन उरांव,पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी,एसआई मनोज गुप्ता एएसआई संजय कुमार सिंह व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



**लोहरदगा।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध पारस हॉस्पिटल एच ई सी रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुमार अभिषेक आर्य (कंसलटेंट कार्डियोलॉजिस्ट एमबीबीएस एचडीएम कार्डियोलॉजी) के द्वारा 43 हृदय संबंधी रोगियों को परामर्श एवं ई सी जी जांच किया गया ,हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अवकाश (कंसलटेंट ऑर्थोपेडिक्स एमबीबीएस )के द्वारा 63 मरीज मरीज को निशुल्क परामर्श एक्स-रे आदि जांच की गई नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस के गुप्ता (फेलोशिप अरविंद आई हॉस्पिटल मदुरई) तमिलनाडु के द्वारा 72 मरीज का नेत्र संबंधी रोगों का परामर्श एवं आंख का पावर जांच किया गया सामान्य रोग के 35 मरीज का इलाज कल्याण अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके सिन्हा एमबीबीएस जनरल फिजिशियन डॉक्टर श्रवण कुमार मिश्रा जनरल फिजिशियन के द्वारा किया गया इस मेगा शिविर में कुल 56 मरीजों का ब्लड यूरिन से संबंधित 70 पैथोलॉजिकल टेस्ट एवं सिकल सेल के दो मरीजों का टेस्ट किया गया इस मेगा हेल्थ कैंप में 185रोगियों का निःशुल्क इलाज एवं औषधि वितरण किया गया।

### सांसद सुखदेव भगत ने अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर में कमी का मामला संसद में उठाया

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने लोकसभा में अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर में कमी का मामला को संसद में उठाया। सांसद ने तारांकित प्रश्न के तहत जनजातीय कार्य मंत्री भारत सरकार से पूछा की सरकार द्वारा दी गई विभिन्न पहलू के बावजूद अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर कम है। सरकार अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर कम होने की समस्या का समाधान करने के लिए क्या विशिष्ट उपाय किए हैं साथ ही साथ आश्रम विद्यालय योजना में बुनियादी ढांचे और कर्मियों की कमी के कारण स्वीकृत विद्यालय में से 40% से अधिक कार्यशील नहीं है। सरकार बताएं कि स्वीकृत शत प्रतिशत आश्रम विद्यालय क्रियान्वित करने हेतु क्या कदम उठा रही है त।साथ ही साथ मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना इसके माध्यम से 22 लाख से अधिक जनजातीय छात्रों को सहायता प्रदान की जाती है लेकिन समय से छात्रवृत्ति नहीं मिलने से छात्रों की परेशानियों का सामना करना पड़ता है सरकार इन विकल्पों को सुधारने और जनजातीय शिक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार क्या ठोस कदम उठा रही है।सांसद सुखदेव भगत के प्रश्नों का जवाब देते हुए केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के मंत्री जुएल ओराम ने बताया कि केंद्र सरकार अनुसूचित जनजातियों के बीच साक्षरता दर बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं को लागू कर रखी है।स्कूल और साक्षरता विभाग समग्र शिक्षा अभियान को लागू किया है इसके तहत अनुसूचित जनजातियों के बच्चों को फायदा हो ।एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जनजातीय बच्चों का निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान के लिए 719 स्थान को मंजूरी दी गई है जिसमें 477 विद्यालय क्रियाशील है शेष क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत जारी है ।

## स्वास्थ्य जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसाद नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉक्टर गणेश प्रसाद, उसुर्ला हॉस्पिटल लोहरदगा के चिकित्सक डाक्टर आइलिन तथा लोहरदगा नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉक्टर राजेश कुमार भगत के द्वारा किया गया। डॉ गणेश प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए जिससे शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। बीमारियों से बचाव के लिए साफ सफाई और स्वच्छता बहुत ही जरूरी है। डॉ आइलिन ने बताया कि अज्ञानता के कारण ही अधिकतर लोग बीमारियों के शिकार होते हैं संतुलित आहार लेने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है । स्वस्थ शरीर होने से ही पढ़ाई मैं भी मन लगता है ।छात्रों को प्रातः उठाना अपने शारीरिक साफ सफाई का ध्यान रखना और अपने गुरु जनों का कहना मानना चाहिए डॉ राजेश कुमार भगत ने बताया कि आप सभी भाग्यशाली हैं पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीप़ाड़ा के छात्र है। सभी बच्चे नियमित रूप से साफ सफाई को बढ़ावा दें, साफ सुथरा रहेंगे तो बीमार कम पड़ेंगे। विद्यालय के पास मेरा नर्सिंग होम है किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधा की आवश्यकता होगी मैं सदैव तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक अरुण राम के नेतृत्व में विद्यालय का बहुत ही विकास हुआ है, विद्यालय का भविष्य उज्जवल है। प्रधानाध्यापक अरुण राम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की यह हमारे विद्यालय का सौभाग्य है कि आप सभी बच्चों के हित में यहां आए हैं बच्चों को निश्चित ही इससे लाभ होगा।

## पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ीपाड़ा में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ीपाड़ा लोहरदगा में छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने और उन्हें उचित सलाह देने के लिए एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शशि गुप्ता एवं एम एल ए इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान के द्वारा किया। डॉ शशि गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को बताया कि आप सभी प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालय के छात्र हैं। प्रारंभिक शिक्षा ही भविष्य की बुनियाद होती है। भविष्य में आपको क्या पढ़ना है, किस क्षेत्र में जाना है उसकी तैयारी अभी से ही करनी पड़ेगी। जो पढ़ाई और ज्ञान अर्जित करना है उसे समय पर कर लेना चाहिए।


### उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (विकास-शाखा)

**सूचना**

विज्ञापन ज्ञापांक 114/वि0 दिनांक 17.03.2025 के द्वारा डी0एम0एफ0टी0 मद से Homi J Bhabha Coaching Centre for civil services में अनुभवी एवं योग्य Specialist Teacher की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति के Term & Conditions के बिन्दु (2) में अंकित Maximum Age required में संशोधन करते हुए अधिकतम उम्र सीमा को क्षांत किया जाता है। आवेदकों द्वारा स्पीड पोस्ट /निबंधित डाक के माध्यम से समर्पित किये जाने वाले आवेदनों के लिए अंतिम तिथि 28.03.2025 से बढ़ाकर 05.04.2025 के संध्या 05.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है।

विज्ञापन ज्ञापांक 114/वि0 दिनांक 17.03.2025 में अंकित शेष सभी शर्तें यथावत् बनी रहेंगी।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 349113 (Lohardaga)24-25*D

### कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

**आम सूचना**

ज्ञापांक: 583 दिनांक. 22.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत PPP मोड पर दुकान निर्माण कर पूर्व से विस्थापित दुकानदार, बेरोजगार को प्राथमिकता के आधार पर दुकान का आवंटन किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 31.03.2025 तक कार्यालय नगर परिषद गढ़वा में आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर जमा करेंगे।

नोट–
1. आवश्यक दस्तावेज कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 349108 (Urban Development)24-25*D

### e-Procurement Cell
### Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**

**Tender Ref. No.-23/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 24.03.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Old Circuit House at Daltonganj, Palamu. | 40,60,200.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of Guard Wall, Paver Block, Railing Work and Partition Wall at Campus of Fishery Office Building Daltonganj, Palamu. | 15,38,700.00 | 02 Months |
| 3. | Construction of Barrack, Boundary Wall, Soak Pit, PCC Flooring, Landscaping and Deep Boring in IG, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 22,95,600.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chainpur, Daltonganj, Palamu. | 31,20,000.00 | 06 Months |
| 5. | Renovation and Roof Treatment of PDJ, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 17,92,700.00 | 02 Months |
| 6. | Renovation of Barrack 1, Barrack 2 and Construction of Bike Shed in S.P Palamu Residence Campus at Daltonganj. | 19,25,300.00 | 02 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05-04-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 12-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 15-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhand tenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 349136 Building(24-25).D

### कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–(N) 273 (अनु0) दिनांक–03.03.2025 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् बागवानी हेतु गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के लिए खाद, फफूंदनाशक, कीटनाशक, रसायनिक खाद, Antibiotic एवं प्लास्टीक आदि का क्रय किया जाना है। यदि जिले में कोई ऐसे पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक समूह/कृषक उत्पादक कंपनी/कृषक को–ऑपरेटिव (VO/FPO/FPG/FPC/Farmer's Co-operative etc.) सक्रिय हों जिनके पास खाद, उर्वरक, दवा आदि का कारोबार करने का वैध लाईसेंस एवं GST नम्बर है तो ऐसे इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**बागवानी सम्बन्धित सामग्री का नाम एवं विवरण :–**

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | खाद | केंचुआ खाद या समतुल्य |
| | | गोबर खाद या FYM (farm yard manure) |
| | नोट– केंचुआ खाद या गोबर खाद में से किसी एक सामग्री का क्रय किया जायेगा। | |
| | | नीम/करंज खल्ली |
| | | बोनमील (BoneMeal) या SSP (Single Superphosphate) |
| | | Dolomite |
| 2 | फफून्दनाशक | Trichoderma Viridi 1.5%WW ((2x10^6-10^8 CFU/gm) |
| | | Chiorothalonil 75%WP |
| | | Copper Oxychloride 50% WP (Blue Copper or Equivalent) |
| 3 | कीटनाशक | Fipronil 0.3 GR |
| | | Azadirechtin 3000 PPM |
| | | Lamda-Cyhalothrin 5% EC |
| | | दीमकनाशक दवा (Bifenthrin 2.5% EC; Biflex TC or equivalent) |
| 4 | रसायनिक खाद | सूक्ष्म–पोषक तत्व (Totocare/Agromin या Equivalent) |
| | | यूरिया |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) |
| | | SSP (Single Superphosphate) |
| | | MoP (पोटाश) |
| 5 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kausgamycin 5 %, या समतुल्य) |
| 6 | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु 250 माईक्रोन का UV resistant पॉलिथीन |
| 7 | स्थानीय स्तर पर क्रय की जानेवाली सामग्री (जैसे–गोबर खाद, बाँस, कील (Nail), तार (GI wire) आदि) | |

नोट– 1. यदि जिले में कोई ऐसे पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पाद/कृषक उत्पादक कंपनी/कृषक को–ऑपरेटिव (VO/FPO/FPG/FPC/Farmer's Co-operative etc.) सक्रिय हो जिनके पास खाद, उर्वरक, दवा आदि का कारोबार करने का वैध लाईसेंस एवं GST नंबर है तो ऐसे संगठनों को खाद, दवाई आदि खरीद में प्राथमिकता दी जाएगी।

3 इच्छुक निविदादाता **दिनांक 09.04.2025 को अपराह्न 12:30 बजे तक** जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा में निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर मुहरबंद निविदा दे सकते हैं। मुहरबंद निविदाएँ **दिनांक 09.04.2025 को अपराह्न 02:00बजे** जिला तकनिकी समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

2. निविदा का सामग्री नियम एवं शर्तों की पूर्ण विवरणी गढ़वा के बेवसाइट **www.garhwa.nic.in** पर एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा से प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,गढ़वा

PR 349100 Rural Development(24-25).D

# घर में ससुर ने पीटा शिकायत करने पहुंचे थाना तो पुलिस ने पीटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा पुलिस के पास फरियाद लेकर पहुंचे पति-पत्नी के साथ पुलिस ने की बर्बरता। पति को लाठी से पिटा व पत्नी को गालियां दी। मामला है घाघरा प्रखंड के हापामुनि गांव का घटना के संबंध में अमरजीत भगत ने बताया कि बीते रविवार को हापामुनि ग्राम निवासी अमरजीत भगत अपने बेटा का रिजल्ट लेने के लिए घर से निकला। पत्नी रानी देवी घर पर अपने 4 माह की बच्ची के साथ थी। अकेला देख ससुर हरिनंदन भगत गली गलौज करते हुए रानी को लात घुसो से मारने लगा जिससे बच्चा को भी हल्की चोट आई है। जिसके बाद रानी ने अपने पति अमरजीत को फोन कर जानकारी दी जिसके बाद अमरजीत घर पहुंचा और अपनी पत्नी व छोटी बच्ची को लेकर थाना पहुंचा। थाना में मौजूद अधिकारी के समक्ष घटना की जानकारी दी तो अधिकारी ने कहा लिखित दो तब करवाई करेंगे। जिसके बाद अपने ससुर के द्वारा मार पीट की घटना को लिखित तौर पर रानी ने दिया। जिसके बाद अधिकारी ने अमरजीत से कहा शर्ट का बटन बंद कर बात करो जिस पर अमरजीत ने कहा शर्ट का बटन टूटा हुआ है नहीं लगेगा इतने में अधिकारी को गुस्सा आ गया और कहने लगे तुम बहुत बोल रहे हो तुमको तो हम पूछते हैं यह कह कर अमरजीत को मारते हुए थाना के अन्दर ले गए और बैठा कर पैर के तलवे में 15-20 लाठी मारा। और पत्नी को भी कहा तुमको महिला चौकीदार से शाम में 50 लाठी मरवाते है तेरे में बहुत गुस्सा है सब शांत करा देंगे। जिसके बाद तुगलकी फरमान जैसा बॉन्ड पुलिस के द्वारा लिखकर भेज दिया अमरजीत ने बताया कि पुलिस अपने मन से बॉन्ड लिखा बॉन्ड में लिखा है कि तुम्हारे पिता तुम्हें अपने घर में रखना नहीं चाहते हैं तुम दोनों अपने रहने का ठिकाना खोज लो। जिसके बाद शाम में जब मेरे सास ससुर थाना गए तब हमलोगों को छोड़ा। साथ ही पत्नी रानी ने यह भी बताया कि पुलिस के अधिकारी बार-बार यह कह रहे थे कि बच्चा समेत दोनों को जेल भेजो सब वही रहेगा।

**पुलिस का ऐसा रूप आज तक हमने नहीं देखाः- अमरजीत**

पुलिस के इस कृत्य से अमरजीत और उसकी पत्नी काफी डरे हुए है अमरजीत ने कहा आज तक पुलिस का ऐसा रूप हमने नहीं देखा था। हमे लगा कि घर में पिताजी मेरी पत्नी को मारपीट किए अब थाना में जाने से हमें न्याय मिलेगा पर हमें न्याय क्या मिलेगा उल्टा मेरी पत्नी को गाली गलौज और मुझे लाठी से मारा गया जिससे मेरा पैर सूज गया है।

**मामले की जांच करेंगे एसडीपीओ**

इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि थाना में मारपीट का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, इस पूरे मामले को गंभीरता से हम लोग जांचेंगे, अगर मामले में सच्चाई होगी तो निश्चित रूप से यह गंभीर विषय है और कार्रवाई होगी।

# 22 वर्षीय महिला ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

भरनो (गुमला) - भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बेरा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव की रहने वाली 22 वर्षीय विनीता उरांव, पति चामा उरांव ने सोमवार को एक पेड़ में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही करंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतार अपने कब्जे में ले



लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलु से जांच पड़ताल में जुट गई है।

फिलहाल महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। करंज थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। गांव में इस घटना के बाद मातम पसरा हुआ है।

## भक्ति की अविरल धारा के बीच मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का हुआ शुभारंभ



**बसिया(गुमला)।** बसिया में इन दिनों भक्ति की बयार चर रही है। यह बयार नवनिर्मित दुर्गा मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा हेतु बनाए गए हवनशाला से होकर बाहर निकल रही है।

बताते चलें कि बसिया मुख्यालय के ब्राह्मण टोला में एक ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर है। कालांतर में इस मंदिर की हालत क्रमशः जीर्ण होती चली गई। मंदिर के प्रति अगाध आस्था के कारण गत दिनों ग्रामीणों ने इस मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया और श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में इस परिसर में एक भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। इसी नवनिर्मित मंदिर में आज समय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान करने का श्रीगणेश किया गया है। इस निमित्त आज अहले सुबह सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति में नव कन्याओं के द्वारा द.कोयल नदी से आयोजित कलश यात्रा और यज्ञशाला के अधिष्ठान किए जाने की सूचना है। इस तथ्य की जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि इसके लिए मंगलवार को नगर भ्रमण व प्राणप्रतिष्ठा के साथ साथ बुधवार को शिखर स्नान, कुम्भाभिषेक, कन्या पूजन, देव प्रवेश व भंडारे का कार्यक्रम रखा गया है। आचार्य सत्यवान पुरोहित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में गोकुल चंद्र होता, सुशील कुमार होता, विष्णु प्राणिग्राही, संतोष बीसी,सुरेंद्र प्राणीग्राही,केदारनाथ दास, विपिन मिश्रा, दीपक साहू, दिनेश साहू, गिरजानन्द बीसी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई।

## लोहरदगा में केंद्रीय महावीर मंडल के कार्यालय का भव्य उद्घाटन

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के समीप सोमवार को केंद्रीय महावीर मंडल के कार्यालय का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान समिति के संरक्षकों के द्वारा श्रीफल फोड़कर व माता दुर्गा, श्री राम व वीर हनुमान के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं इस वर्ष भी रामनवमी पर्व भव्य रूप व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं कहा गया कि सभी अखाड़ा के पदाधिकारी व सदस्य अपने अपने अखाड़ा को भगवा झंडा सहित अन्य साज सज्जा से सजाए। ताकि पूरा क्षेत्र भगवमय हो जाए। वहीं


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह- उपायुक्त का कार्यालय, चतरा

दुरभाष : 06541-223034(O), 253033(R), 252310(Fax)] ई-मेल : dc-cha@nic.in

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 की तैयारी हेतु चतरा जिलान्तर्गत अवस्थित चतरा नगर परिषद (वर्ग–ख), के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) उस वार्ड के लिए चयनित मतदान केन्द्रों के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक– 22.03.2025 को सभी अभिहित स्थलों पर कर दिया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://chatra.nic.in पर भी किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), –सह–उपायुक्त, चतरा।

PR.NO.349096 Election(24-25):D



## समाहरणालय,गढ़वा

email – dprogarhwa84@gmail.com

(पंचायत शाखा)

**आम सूचना**

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 144 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के तहत गढ़वा नगरपरिषद् वर्ग (ख), मझिऑव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर नगरपंचायत के विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्रवार मतदातसूची के अंतिम प्रकाशन दिनांक – 22.03.2025 को किया गया है। मतदाता सूची सभी विनिर्दिष्ट स्थलों यथा – वार्ड कार्यालय/नगरपरिषद कार्यालय/नगरपंचायत कार्यालय/संबंधित प्रखण्ड कार्यालय/अनुमंडल कार्यालय/जिला पंचायत राज कार्यालय में रखी गई है, जिसका अवलोकन (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक की अवधि में एवं गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर किया जा सकताहै।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 349099 Panchayati Raj (24-25)_D



## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा (महात्मा गाँधी नरेगा)

**अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–(N) 244 (अनु0) दिनांक–27.02.2025 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत **"बिरसा हरित ग्राम योजना"** के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढवा जिला के 20 प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में योजना स्थल पर बागवानी के लिए गुणवत्तापूर्ण आम, अमरूद, नींबू, बेर, कटहल, सहजन, चीकू, नाशपाति, लीची एवं संतरा के पौधा आपूर्ति करने हेतु राज्य स्तर से 30 पौधशालाओं (Nursery) को सूचीबद्ध (Empanelled) किया गया है। अतः गढ़वा जिला में पौधा आपूर्ति करने हेतु NHB (National Horiculture Board) से निबंधित झारखण्ड के नर्सरी से पौधा आपूर्ति किया जना है। विभागीय पत्रांक (N) 244 दिनांक 27.02.2025 द्वारा प्राप्त पत्र के साथ संलग्न सूची के अनुसार NHB के Website Link पर अंकित निबंधित नर्सरियों की विवरणी निम्नवत है :–

| S.No. | Nursery Name | Nursery Address | E-mail id | Mobile no. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Aditya High-Tech Nursery | Village- Tati,Taluka - Kuru,Distt.- Lohardaga (Jharkhand) | tarunshadeo2003[at]gmail[dot]com | 9470357598 |
| 2 | AMRAM RAJA NURSERY LLP | VILL- KHIJRI (GHAGHRA), PANCHAYET - GUTJORA, P.S - KHUNTI, DIST - KHUNTI | amramrajanursery[at]gmail[dot]com | 9431175034 |
| 3 | BALAJEE AGRO SEEDS ENTERPRISES | AT - PANDANBERHA (JHUMARBAD), PO: DEOPUR, PS- JASIDIH, DIST.: DUMKA PIN - 814142 | balajeeagroseeds[at]gmail[dot]com | 9434636382 |
| 4 | BHARTIYA LOK KALYAN SANSTHAN | CITY OFFICE, Jafar Kothi, Tigor Hill, Road Morabadi, Ranchi | blks_ranchi[at]yahoo[dot]in | 9431389184 |
| 5 | COLYX REVIEW | VILL- GUTJORA, PO- GUTJORA, PS- KHUNTI, DIST KHUNTI-835210 | sumitraenterprises24[at]gmail[dot]com | 7367957362 |
| 6 | DEBESH NURSERY | (1) Vill-Tilaki, Po-Tilaki, Ps-Bindapather, Dist-Jamtara, Jharkhand (815351 (2) Vill-Khamarbad, Po-Tilaki, Ps-Bindapather, Dist-Jamtara, Jharkhand (815351 (3) Vill-Khamarbad, Po-Tilaki, Ps-Bindapather, Dist-Jamtara, Jharkhand (815351 (4) Vill-Karmachak, Po-Tilaki, Ps-Bindapather, Dist-Jamtara, Jharkhand (815351 (5) Vill-Digalgram, Po-Jamjori, Ps-Fathepur, Dist-Jamtara, Jharkhand | debeshyadav213[at]gmail[dot]com | 7651912885 |
| 7 | Divyayan Krishi Vigyan Kendra, Ramakrishna Mission Ashrama, Ranchi | Divyayan Krishi Vigyan Kendra Instructional Farm, Ramakrishna Mission Ashrama, Getalsud, Angara, Ranchi - 835103 Divyayan Krishi Vigyan Kendra Instructional Farm, Ramakrishna Mission Ashrama, Maheshpur, Angara, Ranchi - 835103 Divyayan Krishi Vigyan Kendra, Ramakrishna Mission Ashrama, Morabadi, Ranchi - 834008 | kvk[dot]divyayan[at]gmail[dot]com | 7651912885 |
| 8 | Evergreen Gardens | (1) Vill-Baliyasuli, Po-Nagri, Ps-Kundhit, Dist-Jamtara, Jharkhand, Pin Code-815359 (2) Vill-Dolanchak, Po-Nagri, Ps-Kundhit, Dist-Jamtara, Jharkhand, Pin Code-815359 (3) Vill-Tesjoriya, Po-Tesjoriya, Ps-Nala, Dist-Jamtara, Jharkhand, Pin Code-815355 (4) Vill-Tesjoriya, Po-Tesjoriya, Ps-Nala, Dist-Jamtara, Jharkhand, Pin Code-815355 (5) Vill-Tesjoriya, Po-Tesjoriya, Ps-Nala, Dist-Jamtara, Jharkha | nitaichandramahato198[at]gmail[dot]com | 6206351340 |
| 9 | EVERGREEN HORTICULTURAL NURSERY | Fuldungri, P.o. & P.S. - Ghatsila, Dist.- East Singhbhum, Jharkhand - 832303. | evergreen90gts[at]gmail[dot]com | 6203090458 |
| 10 | EVERGREEN NURSERY | Opp.:- Shahdeo Fly Ash Bricks Plant, Vill:- Tati, PO + PS:- Kuru, Lohardaga, Jharkhand | nathshahdeo[at]yahoo[dot]co[dot]in | 8210875430 |
| 11 | GREEN GARDEN ENTERPRISES | RTC Eng. College Road, Anandi, Ormanjhi, Ranchi. | gge4u2020[at]gmail[dot]com | 9386427080 |
| 12 | Green Garden Landscape & Horticulture Pvt. Ltd. | Plot No. 43. Vill- Jaspur, Thana - Sikidari, Block- Angara, P.o. Sikidari, Dist- Ranchi, Pin - 835219 | gglhpl4u2009[at]gmail[dot]com | 9386587102 |
| 13 | GREEN HEAVENS GARDEN | VILL CHAKLA PO DORMA PS TORPA DIST KHUNTI | rajeshmah009[at]gmail[dot]com | 8757599343 |
| 14 | INDIAN NURSERY PLANT | VILL- LIPDA PO- CHATRA PS - CHATRA DIST - CHATRA | anita9805c[at]gmail[dot]com | 8757599343 |
| 15 | Jai Sarna Nursery C/o M/s Johar Traders | Village - Kulukera, District - Simdega (Jharkhand) | anujkundeshwarram[at]gmail[dot]com | 8002952814 |
| 16 | JHARKHAND MODEARN AGROTECH | VILL- HESALPIRI, SIDRAUL, BURMU, RANCHI, JHARKHAND, PIN-835205 | jharkhandmodernagrotech[at]gmail[dot]com | 9955416096 |
| 17 | Maa Bhawani Nursery | Vill - Bagodih, P.O + P.S - Sariya, Dist:- Giridih, 825320 | maabhawani[dot]nursery2020[at]gmail[dot]com | 8210113007 |
| 18 | NETARHAT BEVERAGES PRIVATE LIMITED | SARNA TOLI, NETARHAT, LATEHAR | yashalluriinfra[at]gmail[dot]com | 7320097577 |
| 19 | Phal Udyog Nursery | 1. Village - Aara, Post - Mahilaung, Thana/Block - Namkum, District - Ranchi (Jharkhand) 2 Vill-Bogaibera, Ps- Angara, Block- Angara, Ranchi 3. Vill-Bisa, Ps-Angara, Block- Angara, Ranchi 4. Vill-Angara, Ps- Angara, Block- Angara, Ranchi 5. Vill-Getalsud, Ps- Angara, Block- Angara, Ranchi 6 . Vill-Mahespur, Ps- Angara, Block- Angara, Ranchi, 7.Vill-Getalsud, Ps- Angara, Block- Angara, Ranchi | phaludyognursery[at]gmail[dot]com | 9431360542 |
| 20 | Plants Valley Nursery Ranchi Branch - Jharkahnd | Villege - Lamlum, Thana - Khunti, District - Khunti, Jharkhand | plantsvalleynursery2016[at]gmail[dot]com | 9424169951 |
| 21 | Prakash Seeds & Nursery | Prakash Seeds & Nursery (Prop.- Om Prakash Jaiswal) Distt.- Ranchi (Jharkhand) SIDRAUL, SIYARTOLI, THAKURGAON. | prakash[dot]seeds2006[at]gmail[dot]com | 9431116315 |
| 22 | Rajmahal Nursery | Rajmahal Nursery (Prop.-Goutam Roy), Vill + P.o - Purbi Narayanpur, coloni no. 1, P.s - Rajmahal, District – Shahebganj (Jharkhand) | roy[dot]goutam1409[at]gmail[dot]com | 8873482695 |
| 23 | Rakhi Nursery | Vill- Charakmara, Po-Mohnabank, Ps-Bindapather, Dist-Jamtara, Pin-815351, Jharkhand | nitaichandrajmt[at]gmail[dot]com | 8434290592 |
| 24 | RHIZOSPHERE NURSERY RAISING AND RESEARCH CENTRE | VILL- LALGARH BLOCK- ANGARA RANCHI, JHARKHAND- 835103 | vijaybusinessranchi[at]gmail[dot]com | 7260987744 |
| 25 | Sahu Nursery | Village - Katarpa, Tq.- Ratu, Distt.- Ranchi | prakashsahu1998[at]gmail[dot]com | 7781979211 |
| 26 | Sashanka Agro Tech Pvt. Ltd. | SASHANKA AGRO TECH PVT,LTD VILLAGE: - BALU,PITHAURIYA ROAD,KANKAE,RANCHI - 834006 | info[at]sashanka[dot]com | 7070190900 |
| 27 | SKM JOHAR HORTICULTURE | DUMARIYA NEAR HANUMAN MANDIR KARMATAR DISTRICT JAMTARA | mandalshivshankarkumar[at]gmail[dot]com | 8651314647 |
| 28 | Subarna Rekha Model Nursery | Village -Rudia, Kharswan, District-Saraikella(Jharkhand) | tresc_jsr[at]yahoo[dot]com | 9939377268 |
| 29 | Vananchal Nursery | (1) Vill- Berwari, PS+Block- Angara, Ranchi (2) Vill-Piska Nagari, PS+Block- Ratu, Ranchi (3) Vill- Saher, PS+Block- Nagari, Ranchi (4) Vill- Sukurhuttu, PS+Block- Namkum, Ranchi (5) Vill- Gatalsud, PS+Block- Angara, Ranchi (6) Vill- Banwadag, Getalsud, PS+Block- Angara (7) Vill- Buki, PS+Block- Angara, Ranchi | vananchalnursery108[at]gmail[dot]com | 7992321291 |
| 30 | Vrindavan Nursery | (1) Vill- Berwari, PS+Block- Angara, Ranchi (2) Vill-Piska Nagari, PS+Block- Ratu, Ranchi (3) Vill- Saher, PS+Block- Nagari, Ranchi (4) Vill- Sukurhuttu, PS+Block- Namkum, Ranchi (5) Vill- Gatalsud, PS+Block- Angara, Ranchi (6) Vill- Banwadag, Getalsud, PS+Block- Angara (7) Vill- Buki, PS+Block- Angara, Ranchi | vananchalnursery108[at]gmail[dot]com | 7992321291 |

नोट :–

1. निविदा दिनांक 09.04.2025 को अपराहन 12:30 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा कार्यालय के निविदा पेटिका में डाला जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार्य नहीं होगा एवं निविदा दिनांक 09.04.2025 को अपराहन 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वेश्म में सक्षम क्रय समिति की उपस्थिति में निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि (प्राधिकृत पत्र के साथ) के समक्ष खोली जाएगी।
2. निविदा की शर्त गढ़वा जिला के Official Website–www.garhwa.nic.in पर देखी जा सकती है अथवा जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक,गढ़वा

PR 349102 Rural Development(24-25).D


## चितरी डाडू स्कूल में जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सेन्हा/लोहरदगा।** पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरी डारू सेन्हा लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मनीष कुमार अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए जिससे शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। बीमारियों से बचाव के लिए साफ सफाई और स्वच्छता बहुत ही जरूरी है। अज्ञानता के कारण ही अधिकतर लोग बीमारियों के शिकार होते हैं संतुलित आहार लेने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है ।

# हेसल बसारडीह में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप में 185 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित और विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह (लोहरदगा) में एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध पारस हॉस्पिटल, एचईसी रांची के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार अभिषेक आर्य (कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट, एमबीबीएस,



एचडीएम कार्डियोलॉजी) ने 43 हृदय रोगियों की जांच एवं ईसीजी परीक्षण किया। वहीं, हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अवकाश (कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स, एमबीबीएस) द्वारा 63 मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं एक्स-रे सहित अन्य जांच सेवाएं दी गईं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. गुप्ता (फेलोशिप, अरविंद आई हॉस्पिटल, मदुरई, तमिलनाडु) ने 72 मरीजों की आंखों की जांच, परामर्श एवं पावर टेस्टिंग की। सामान्य रोगों से पीड़ित 35 मरीजों का इलाज कल्याण अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस. के. सिन्हा (जनरल फिजिशियन) एवं डॉ. श्रवण कुमार मिश्रा (जनरल फिजिशियन) द्वारा किया गया। शिविर में कुल 56 मरीजों का ब्लड व यूरिन से संबंधित 70 पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए।

## सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पिंजरा दीपा के नव निर्माण को लेकर सनातनी समाज एकजुट

**पालकोट (गुमला)।** पिंजरा दीपा स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के भव्य नव निर्माण को लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में सनातनी समाज की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंदिर विकास समिति सहित प्रखंड व जिला स्तर के कई गणमान्य नागरिक और शिव भक्त शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि सिद्धेश्वर नाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य 30 मार्च से आरंभ किया जाएगा। इसी दिन हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर कलश स्थापना भी की जाएगी।

बैठक में यह संकल्प लिया गया कि प्रखंड, जिला और अन्य क्षेत्रों के प्रत्येक सनातनी परिवार से सहयोग लेकर मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न कराया जाएगा। समिति का लक्ष्य है कि सिद्धेश्वर नाथ मंदिर को भव्य स्वरूप देकर पालकोट प्रखंड ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में इसे एक विशिष्ट पहचान दिलाई जाए। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष बसंत साहू ने कहा कि, हमारा उद्देश्य सभी सनातनी साधकों को एकजुट कर इस मंदिर का गौरवशाली निर्माण करना है। यह मंदिर हमारे आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रतीक बनेगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि बसंत गुप्ता ने भी मंदिर के शीघ्र निर्माण का विश्वास दिलाते हुए कहा कि मंदिर की घेराबंदी से लेकर भव्य स्वरूप तक हर चरण में योगदान सुनिश्चित किया जाएगा।


## आईआईटी खड़गपुर रिसर्च पार्क फाउंडेशन

**IIT KHARAGPUR RESEARCH PARK FOUNDATION**

Regd. Off.: IIT Kharagpur Campus, Paschim Medinipur Kharagpur Midnapore WB 721302

CIN: U73100WB2020NPL241037

**विज्ञापन सं.: R/02/2025 दिनांक मार्च 04,2025**

आईआईटी खड़गपुर रिसर्च पार्क फाउंडेशन मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य परिचालन अधिकारी और लेखा अधिशासी के पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए:
http://www.iitkgp.ac.in/non-teaching-positions
पर जाएं।

निदेशक/**Director**

**CBC 21255/12/0017/2425**


## ट्रैक्टर चालक की अपने ट्रेलर से दबकर हुई मौत

**बिशुनपुर (गुमला)।** गुरदरी थाना क्षेत्र के हर्रा टोली निवासी 28 वर्षीय ट्रैक्टर चालक सूरज खलखो की सोमवार सुबह दर्दनाक मौत हो गई। हादसा नेतरहाट घाटी के झाऊ ढलान में हुआ, जब सूरज बालू लोड कर नेतरहाट जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, बनारी कोयल नदी से बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर का संतुलन झाऊ ढलान के पास बिगड़ गया। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर घाटी की खाई में जाने लगा। जान बचाने की कोशिश में सूरज जैसे ही ट्रैक्टर से कूदा, पीछे से आ रहे ट्रेलर ने उसे कुचल दिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर गुरदरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर स्थानीय मुखिया द्वारा जारी चालान के आधार पर बालू लेकर टुटवा मोड़ की ओर जा रहा था।


## उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।

(समाज कल्याण) जिला बाल संरक्षण इकाई

Email:dcpslohardaga@gmail.com

**नियुक्ति की सूचना**

**मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाऐं के अंतर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर चयन**

मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाऐं (CPS) भारत सरकार के एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 और झारखण्ड किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) नियम, 2017 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाऐं के अंतर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्न पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है:–

1. जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | मासिक मानदेय | शैक्षनिक योग्यता | कार्यानुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विधि–सह–परिवीक्षा पदाधिकारी (LPO) Post Code DCPU-04 | 01 | 30 से 45 वर्ष | 27804/– | किसी मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय से विधि में स्नातक। महिला, बाल अधिकार एवं संरक्षण विषय पर अच्छी समक्ष। | किसी सरकारी/गैर–सरकारी संगठन के साथ अधिमानतः महिला और बाल अधिकार के क्षेत्र में विधि मामलों पर कम से कम दो वर्ष का कार्य अनुभव। |

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 19.04.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. जिला स्तरीय पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से निम्न पते पर भेजा जा सकता है :– जिला बाल संरक्षण ईकाई, द्वितीय तल, पाण्डेय गणपत राय भवन,समाहरणालय, जिला–लोहरदगा, झारखण्ड, पिन– 835302
3. आवेदन के लिफाफे पर पद का नाम एवं पोस्ट कोड अंकित करना अनिवार्य होगा।

नोट:– आवेदन हेतु प्रपत्र, नियम शर्तो की विस्तृत जानकारी www.lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

PR 349087 Lohardaga(24-25)D

उपायुक्त,लोहरदगा

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपके सच्चे व्यक्तित्व का विकास तभी शुरु होता है जब आप गहरे अंतर्ज्ञान द्वारा यह अनुभव करने में सक्षम हो जाते हैं कि आप यह ठोस शरीर नहीं बल्कि शरीर के भीतर विद्यमान जीवन एवं चैतन्य का दिव्य शाश्वत प्रवाह हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय


### बदलता मौसम और ऋतु विपरीत प्रकृति

आजकल मौसम में ऐसे बदलाव हो रहे हैं जो कई बार परेशानियां तो खड़े करते ही हैं साथ ही आर्थिक नुकसान के कारक भी बनते हैं । हाल ही में हुई ओला वृष्टि से किसानों को करोड़ों का नुकसान हुआ साथ ही मौसम में हुए अचानक से बदलाव से कई लोग अस्वस्थ भी हो गए । अभी लगी फसल तो बर्बाद हुई ही कई बार प्रकृति के हिसाब से फसलों के चक्र प्रभावित हो जाते हैं और जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। एस नहीं है कि यह बदलाव भारत में ही है बल्कि वैश्विक है। नरगिस के फूल खिल रहे हैं, तापमान बढ़ रहा है व दिन लंबे हो रहे हैं-ये सभी खुशगवार वसंत के लक्षण हैं। लेकिन इन्हीं दिनों एक और बदलाव दिख रहा है, जो थोड़ा कम स्वागतयोग्य है। रविवार को छुट्टी वाले दिन कई लोग अपनी घड़ियों को एक घंटा आगे बढ़ा देते हैं कि कहीं ज्यादा देर तक सोते न रह जाएं। नींद रोग विशेषज्ञ डॉ. रचेल जीग्लर कहती हैं, 'कई लोगों के लिए यह बदलाव इसलिए मुश्किल है, क्योंकि इससे हम अपनी एक घंटे की नींद का नुकसान करते हैं।'समस्या बस यही नहीं है, वह बताती हैं, 'घड़ी का यह बदलाव सूर्योदय व सूर्यास्त के समय को भी बदल देता है।इससे सोने-जागने के समय में तालमेल बिठाने में दिक्कतें आ सकती हैं।' अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन के प्रवक्ता डॉ जेम्स रोली कहते हैं, इससे स्कूल, ऑफिस के समय व हमारी जैविक घड़ी के बीच का संतुलन महीनों तक बिगड़ा ही रहता है। इस बदलाव को कम असुविधाजन बनाने के लिए विशेषज्ञ कुछ सुझाव देते हैं।

*ओला वृष्टि से किसानों को करोड़ों का नुकसान हुआ साथ ही मौसम में हुए अचानक से बदलाव से कई लोग अस्वस्थ भी हो गए।*

एरिजोना यूनिवर्सिटी में नींद और स्वास्थ्य शोध कार्यक्रम के निदेशक डॉ माइकल ग्रैंडनर कहते हैं कि इस बदलाव से बचने का सबसे आसान तरीका यह है कि घड़ी क्या बता रही है, इस पर फोकस करने के बजाय सात या आठ घंटे तक पर्याप्त नींद लें। वह कहते हैं, 'समय का यह बदलाव, खासकर उन लोगों के लिए कठिन हो सकता है, जो रोज जल्दी उठते हैं, लेकिन सप्ताहांत देर तक सोते हैं, जिसे 'सोशल जेट लैग' कहा जाता है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि ऋतु में परिवर्तन के दिनों में अपनी दिनचर्या में बड़े बदलाव करने के बजाय, उसे धीरे-धीरे बदलें। डरहम में स्लीप मेडिसिन मनोवैज्ञानिक डॉ. जेड वू कहती हैं कि 15 मिनट पहले सोने और जागने का अभ्यास करने से ऋतु परिवर्तन के काल में मदद मिलती है। डॉ वू ने कहा कि यह बदलाव उन लोगों के लिए विशेष रूप से सहायक हो सकता है, जो दिनचर्या में बदलाव से जूझते हैं, जैसे कि छोटे बच्चे और मनोभ्रंश से पीड़ित वयस्क। इसलिए विशेषज्ञ वसंत ऋतु में सप्ताहांत की नींद को नियंत्रित करते हुए रविवार का आनंद लेने की सलाह देते हैं। घूमें-फिरें, दोस्तों व परिवार के साथ समय बिताएं। यदि दिन भर व्यस्त रहेंगे, तो रविवार को नींद जल्दी आएगी, जिससे अगले दिन तरोताजा होकर अपने काम पर जाएंगे। वहीं, विशेषज्ञ नींद से होने वाली थकावट को दूर करने के लिए कॉफी या फिर शराब के सेवन से बचने की सलाह देते हैं। दिन बड़े होने पर भूख भी ज्यादा लगती है, इसलिए भोजन की मात्रा से अधिक पोषण पर ध्यान देने की भी सलाह दी जाती है।

# भारत टीबी के विरुद्ध अपनी लड़ाई को नया स्वरूप दे रहा है



इस विश्व टीबी दिवस पर, मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूँ कि भारत टीबी के खिलाफ़ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है। यह अभियान 7 दिसंबर 2024 को टीबी के मामलों का पता लगाने में तेज़ी लाने, मृत्यु दर को कम करने और नए मामलों को रोकने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था।

100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने टीबी का जल्द पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियाँ पेश कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान हो - जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता - और उनका इलाज किया गया। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआईवी से पीड़ित लोग, बुजुर्ग और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क मैं रहने वाले शामिल थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित एक्स-रे ने संदिग्ध टीबी मामलों को तुरंत चिह्नित किया, और स्वर्ण-मानक न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट (एनएएटी) का उपयोग करके पुष्टि की गई। इन प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि संक्रामक मामलों की पहचान की गई और उनका जल्दी से इलाज किया गया, जिससे संक्रमण पर लगाम लगी और लोगों की जान बचाई गई।

यह अभियान देश के कोने-कोने तक पहुँचा, जिसमें वे लोग जिनमें टीबी का खतरा अधिक है के 2.97 करोड़ लोगों की जाँच की गई। इस गहन प्रयास के कारण 7.19 लाख टीबी रोगियों की पहचान की गई, जिनमें से 2.85 लाख मामले बिना लक्षण वाले थे और इस अभिनव दृष्टिकोण के बिना अन्यथा छूट जाते, जिससे टीबी संक्रमण की श्रृंखला टूट गई। यह सिर्फ़ एक मील का पत्थर नहीं है - यह एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

### टीबी मुक्त भारत अभियान : एक जन आंदोलन

लेकिन असली गेम-चेंजर सिर्फ़ तकनीक नहीं थी - यह समुदायों की अभूतपूर्व लामबंदी थी। टीबी उन्मूलन अब जनभागीदारी द्वारा संचालित एक जन आंदोलन है। पूरे भारत में 13.46 लाख से ज़्यादा निक्षय शिविर आयोजित किए गए, जहाँ माननीय सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज़्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मज़बूत हुआ कि टीबी उन्मूलन सिर्फ़ सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है। और इस मिशन में जनभागीदारी का उदाहरण राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देखा गया, जहाँ 22 संबंधित मंत्रालयों में टीबी जागरूकता, पोषण किट वितरण, टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ लेने जैसी 35,000 से ज़्यादा गतिविधियाँ की गईं। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, व्यापार संघों, व्यावसायिक संघों, स्वैच्छिक संगठनों के साथ 21,000 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं और 78,000 शैक्षणिक संस्थानों में 7.7 लाख से अधिक छात्रों ने टीबी जागरूकता और संवेदीकरण गतिविधियों में भाग लिया। जेलों, खदानों, चाय बागानों, निर्माण स्थलों और कार्य स्थलों जैसे सामूहिक स्थानों पर 4.17 लाख से अधिक संवेदनशील आबादी की स्क्रीनिंग और परीक्षण किया गया।अभियान अवधि के दौरान त्यौहारों पर 21,000 से अधिक टीबी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें धर्म आधारित नेताओं और सामुदायिक प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया।

आज की बात



**जगत प्रकाश नड्डा**
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

हमारे माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण, जिसने जन-भागीदारी की आधारशिला रखी, न केवल पोषण के लिए बल्कि मनोसामाजिक और व्यावसायिक समर्थन के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए व्यापक सामाजिक समर्थन जुटाया। टीबी रोगियों के लिए सहायता अब अस्पतालों तक सीमित नहीं है - यह घरों, गांवों और कार्यस्थलों पर भी हो रही है। निःक्षय मित्र पहल के माध्यम से, व्यक्ति और संगठन टीबी से पीड़ित परिवारों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें हज़ारों पोषण किट पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। सिर्फ़ 100 दिनों में, 1,05,181 नए निःक्षय मित्रों को नामांकित किया गया। पोषण और टीबी से उबरने के बीच महत्वपूर्ण संबंध को पहचानते हुए, सरकार ने निःक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता को 500 से बढ़ाकर 1,000 प्रति माह कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी टीबी रोगी इस लड़ाई को अकेले न लड़े। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी टीबी रोगियों के लिए विभेदित टीबी देखभाल कार्यक्रम के तहत अनुकूलित और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर रहा है। उदाहरण के लिए, यदि किसी टीबी रोगी का वजन कम पाया जाता है (बीएमआई < 18.5 किग्रा/ मीटर2), तो उनके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उनके लिए अनुकूलित पोषण और उपचार योजना तैयार करेंगे और उपचार के दौरान हर महीने उनकी प्रगति की निगरानी करेंगे।

इस अभियान की गति ने यह भी दर्शाया है कि कैसे समाज और सरकार का समग्र दृष्टिकोण परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। टीबी जागरूकता और सेवाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत करने के लिए 22 मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। टीबी जागरूकता झांकियां गोवा कार्निवल परेड का मुख्य आकर्षण बन गईं। देश भर के स्कूलों में, टीबी जागरूकता संदेशों को सुबह की सभाओं में शामिल किया गया। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने हजारों आगंतुकों को मुफ्त टीबी जांच की पेशकश करने के लिए अपने क्लस्टर कार्यालयों के नेटवर्क का लाभ उठाया। इन विविध प्रयासों ने कलंक को तोड़ दिया, गलत सूचनाओं को सही किया और टीबी उन्मूलन को सार्वजनिक चेतना के केंद्र में ला दिया।

100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है। भारत इन प्रयासों को पूरे देश में बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक - चाहे वे कहीं भी रहते हों - को आधुनिक निदान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और अटूट सामुदायिक समर्थन तक पहुँच प्राप्त हो। जिस तरह भारत ने कोविड-19 की जाँच को तेज़ी से बढ़ाया, उसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अगली पीढ़ी के टीबी निदान में निवेश कर रहा है ताकि अंतिम छोर तक तेज़ और अधिक सटीक जाँच हो सके।

भारत ने पहले भी समुदाय द्वारा संचालित कार्रवाई की शक्ति देखी है - चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन हो या हमारा पोलियो उन्मूलन अभियान। इसी तरह, टीबी मुक्त भारत अभियान अब लोगों के नेतृत्व वाला एक और आंदोलन बन रहा है। जब नवाचार पहुंच से मिलता है, और जब सरकारें, समुदाय और व्यक्ति एकजुट होते हैं तो असंभव वास्तविकता बन जाता है। भारत सिर्फ़ टीबी से नहीं लड़ रहा है-हम इसे हरा भी रहे हैं।

## 'क्या करें, क्या ना करें ?'

युवा अवस्था वह दौर होता है जब इंसान अपने भविष्य, करियर, रिश्ते और समाज में अपनी पहचान को लेकर सबसे ज्यादा असमंजस में होता है। आज की डिजिटल दुनिया में युवा अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अपने परिवार या शिक्षकों से ज्यादा सोशल मीडिया और इंटरनेट का सहारा ले रहे हैं। यह स्थिति चिंता का विषय है, क्योंकि गलत दिशा में लिया गया एक निर्णय पूरे जीवन को प्रभावित कर सकता है। सही विषय और करियर का चुनाव करने में युवा अक्सर भ्रमित हो जाते हैं। समाज, माता-पिता और दोस्तों की अपेक्षाओं के दबाव में वे कई बार ऐसा रास्ता चुन लेते हैं जो उनके मन के अनुकूल नहीं होता। युवाओं के लिए यह एक भावनात्मक और संवेदनशील विषय होता है। वे अपने रिश्तों में असुरक्षित महसूस करने लगते हैं और छोटी-छोटी असफलताओं को भी जीवन का अंत समझ बैठते हैं। गलत फैसले, उम्मीदों का टूटना और असफलताएं कई बार युवाओं को अवसाद की ओर धकेल देती हैं। उचित मार्गदर्शन के अभाव में वे नकारात्मकता में डूब जाते हैं। आज का युवा जीवन की वास्तविकता से अधिक सोशल मीडिया पर भरोसा करता है। वे वहाँ दूसरों की दिखावटी सफलता देखकर खुद को कमतर समझने लगते हैं। हमारे वेद, उपनिषद, गीता और अन्य धर्मग्रंथों में जीवन की उलझनों को दूर करने के कई उपाय बताए गए हैं। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया था "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" अर्थात तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत करो। युवाओं को यह समझना चाहिए कि वे केवल सही निर्णय लेकर पूरी मेहनत करें, सफलता और असफलता का विचार बाद में करें। युवाओं को चाहिए कि वह अपना मूल्यांकन खुद करें इसको लेकर आत्मचिंतन करें। कोई भी निर्णय लेने से पहले शांत मन से सोचें कि आप क्या चाहते हैं और क्यों चाहते हैं। भीड़ की नकल न करें। परिवार और शिक्षकों से संवाद करें, माता-पिता और शिक्षकों का अनुभव आपके लिए बहुत उपयोगी हो सकता है। उनसे मार्गदर्शन लें। सोशल मीडिया से दूरी बनाएँ, सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी को आँख बंद करके न अपनाएँ। सही और गलत की परख करें। धर्मग्रंथों का अध्ययन करें, गीता, उपनिषद, वेद और अन्य धार्मिक ग्रंथों में जीवन के हर पहलू का उत्तर मिलता है। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें, निराशा और तनाव में किसी विशेषज्ञ की मदद लेने में झिझक महसूस न करें। माता-पिता को बच्चों की भावनाओं को समझना चाहिए और उन्हें खुलकर अपने मन की बात कहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# हुकमि रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि

संसार में बस उस ईश्वर का हुक्म है, उसका ही आदेश लागू है। उसने लिख रखा है। अस्तित्व उसकी ही मर्जी से चल रहा है और उसकी ही मर्जी से चलेगा, तो अनंत जीवन में हमको भी पूर्ण समर्पण के साथ उसके स्वाभाविक दिशा निर्देश का पालन करना चाहिए। उसने जो लिखा है वही होगा। यह जीवन एक झंझावात है, अगर हम अपनी इच्छा के अनुसार चलते है। एक अनवरत द्वंद्व, एक संघर्ष और उसके बाद सदैव अपूर्णता की अनभति ही हरएक पल की दास्तान है। यह अपनी इच्छा का भाव है, वह सम्मोहन है। हम यह भूल जाते है कि इस अनंत अस्तित्व में हमारी पहचान नगण्य है। फिर भी अपनी इच्छा, अपना मन, अपना विचार और अपना लक्ष्य बनाते हैं, लेकिन इसकी परिणति अपने मनोभाव के अनुसार नहीं होता है। अपनी तरफ से हमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ ? हम वैसे के वैसे रहे। जैसा उसने भेजा था उससे ज्यादा विकृत हो गए, उससे बेहतर कदापि नहीं हुए। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। जीवन का यह सार बस इसी संघर्ष के कारण है।

आपकी बात



**डॉ मयंक मुरारी**

विश्व के महानतम किताबों में से एक " जपुजी " में गुरु नानकदेव जी कहते है कि स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है ? छोड़ दो उस पर। जो उसने लिख रखा है वही होगा। अपनी तरफ से कुछ भी करने का उपाय नहीं है। कोई परिवर्तन नहीं हो सकता, फिर चिंता किसका? फिर बोझ किसका? नानकदेव जी कहते है- हुकमि रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा। एक ही साधना है--उसकी मर्जी। जैसे ही हमको खयाल आएगा उसकी मर्जी का, हम पाएंगे कि भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, अंदर एक अमृत वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। बस शाश्वत सुख की अनुभूति होती है।

जब हमारी कोई मर्जी चलनी नहीं है तो कैसी बेचैनी? फिर किस बात की संघर्ष? बस एक ही विधि है परमात्मा की मर्जी यानी एक ओंकार सतनाम। वह जैसा करवाए, वह जैसा रखे। श्रीमदभावगत में श्रीकृष्ण कहते हैं कि महाभारत निश्चित है, अर्जुन तू माध्यम है। इसलिए संशय छोड़, बस अपना कर्तव्य पूरा कर। श्री कृष्ण कहते है कि जब तुम हमसे राजी हो, हमारी मर्जी में राजी हो, जब तुम्हारी अपनी कोई मर्जी नहीं, तब कैसी बेचैनी! तब कैसा विचार! हम जब श्रीकृष्ण के प्रवचन को और नानकदेव जी की वाणी को अपना लेते है, तब सब हलका हो जाता है। पंख लग जाते हैं। तब हम उड़ सकते है, उस आकाश में, जिस आकाश का नाम है--इक ओंकार सतनाम। नानकजी ने एकमात्र विधि बतायी है। और वह विधि है, परमात्मा की मर्जी। वह जैसा करवाए। वह जैसा रखे। एक कथा है कि किसी राजा को एक गुलाम मिला। उसके व्यक्तित्व से प्रभावित राजा ने पूछा कि तू कैसे रहना पसंद करेगा? तो उस गुलाम ने मुस्कुरा कर कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरा कैसा, मेरे होने का क्या अर्थ? आप जैसा रखेंगे वैसा रहूंगा। राजा ने पूछा, तू क्या पहनना, क्या खाना पसंद करता है? उसने कहा, मेरी क्या पसंद? मालिक जैसा पहनाए, पहनूंगा। मालिक जो खिलाए, खाऊंगा। राजा ने पूछा कि तेरा नाम क्या है? हम क्या नाम ले कर तुझे पुकारें? उसने कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरा क्या नाम? दास का कोई नाम होता है? जो नाम आप दे दें। (ओशोः एक ओंकार सतनाम)। उस घटना से राजा के जीवन में क्रांति घट गई। तू मेरा गुरु है। जो जीवन का दर्शन है, सार है और संभावना है। वह कुछ पल के अंदर राजा के अंदर घटित हो गयी।

आज पूरी दुनिया में द्वंद्व है, तनाव है और चिंता है। यह द्वंद्व व्यक्ति में है, चिंता उसके मन में है और वह भविष्य बेहतर करना चाहता है। यह कैसे होगा? पश्चिम देशों की समस्या भोग की है तो हमारी समस्या गरीबी, दुख और रूग्णता की है। पश्चिम में सब है, फिर भी चिंता, तनाव! इतना तनाव है कि आदमी विक्षिप्त हालत में पहुंच गया है। हम भी ठीक उसके पीछे चल रहे है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

वो ही स्वर, वो ही समझ, और वही अंदाज।
फिर भी क्यों भटकी लगे है युग की आवाज़।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# बांग्लादेश के बदलते सुरों को गंभीरता से लेना होगा

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर कहा कि हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। बस कुछ गलतफहमियां हैं, जिन्हें दूर करने की कोशिश की जा रही है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली स्थिति में यूनुस किन रिश्तों के मजबूत होने की बात कर रहे हैं, कैसी गलतफहमियां और किनके द्वारा उत्पन्न गलतफहमियों की बात वे कर रहे हैं? यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने भारत से दूरियां बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ी, वहां हिन्दुओं एवं हिन्दू मन्दिरों पर कहर बरपाया गया, पाकिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ाने की कवायद करते हुए भारत को डराने की कोशिशें हुई, कट्टरपंथी एवं जिहादी ताकतों को सहयोग, समर्थन और संरक्षण दिया गया है, इन सब स्थितियों को उग्र से उग्रतर बनाकर अब यूनुस किन रिश्तों की बात कर रहे हैं, वे क्यों बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करना चाहते हैं? बांग्लादेश का भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण बना है। भारत से पंगा बांग्लादेश को कितना महंगा पड़ रहा है, इसका अनुमान बांग्लादेश की बिगड़ती अर्थ-व्यवस्था, शांति-व्यवस्था एवं अराजकता को देखते हुए सहज ही लगाया जा सकता है। इन ज्वलंत होती स्थितियों का सबसे बड़ा कारण भारत से दुश्मनी ही है। बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा एवं जर्जर होते हालात को मोहम्मद यूनुस सरकार नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं। मुल्क अभी भी भीड़ की हिंसा की उन घटनाओं से उबर नहीं रहा है, जो पिछले अगस्त में शेख हसीना को सत्ता से हटाने वाले आंदोलन के बाद शुरू हुई थी। यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है। यदि भारतीय प्रधानमंत्री बैंकाक में यूनुस से वार्तालाप करते हैं तो उन्हें उनके इरादों को लेकर सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए।

भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। बांग्लादेश में भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा गया, वहां हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं पर भारत की तमाम चिंताओं के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई गयी और अल्पसंख्यक हिन्दुओं के दमन को रोकने के लिए वांछित कदम उठाने से इनकार किया गया है। इन सब स्थितियों के कारण आज वहां कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडराने लगा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम रहे हैं और भारत से टकराव मोल लेकर उन्होंने अपने पांवों पर खुद कुल्हाडी चलाई है। बांग्लादेश के हुक्मरानों और विशेषतः यूनुस सरकार ने विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश कर दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूद किया हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं।

देश की बात



**ललित गर्ग**

बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस भले ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हो, लेकिन उनकी सोच एवं कार्य-पद्धति में कट्टरवाद एवं भारत-विरोधी मानसिकता है। भले ही वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करके भारत से दोस्ती का नाटक करें। लेकिन उनके इरादों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और है। चीन के खासे प्रभाव में आकर बांग्लादेश उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। उसने वहां महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है और वह बांग्लादेशी सेना के हथियारों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाऱ्इं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वाराणसी में वन विभाग नाव से कराएगा डॉल्फिन सफारी

**एजेंसी। वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में वन विभाग टाइगर सफारी की तर्ज पर डॉल्फिन सफारी बनाने जा रहा है। वन विभाग ने इसका प्लान तैयार किया है। देशी-विदेशी पर्यटक नाव से डॉल्फिन सफारी कर सकेंगे। डीएफओ स्वाति ने आईएएनएस से इस परियोजना को लेकर बात की। अधिकारी ने बताया कि परियोजना पर काम महीनों से चल रहा था। बोलीं, " हमारी योजना हर सुबह 6-7 बजे के बीच ये सवारी आयोजित करने की है, क्योंकि यह डॉल्फिन देखने का सबसे अच्छा समय है। अगर सुबह के वक्त में पर्यटकों का संख्या में इजाफा होगा तो इसे शाम में भी शुरू करेंगे। फिलहाल, अभी सुबह में ही पर्यटक सवारी का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर काम दो महीने पहले शुरू किया गया था। विभाग अपनी नाव से लोगों को डॉल्फिन सफारी की सैर कराएगा। आखिर सफारी की प्रक्रिया क्या होगी? इस पर उन्होंने कहा, "एक बार में 6 से 7 पर्यटक नौका में सफर कर सकते हैं। इससे पूर्व उन्हें अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा जिसके लिए विभाग की ओर से जल्द ही वेबसाइट बनाई जाएगी। उम्मीद है कि डॉल्फिन सफारी से ढकवां प्वाइंट के टूरिज्म में बढ़ोतरी मिलेगी। वाराणसी की गंगा नदी में कितनी संख्या में डॉल्फिन हैं। इस बारे में कोई पर्याप्त आंकड़ा फिलहाल मौजूद नहीं है।

स्वाति के मुताबिक काशी में डॉल्फिन की संख्या काफी बढ़ी है और इसका सीधा संबंध गंगा जल की गुणवत्ता में सुधार से है।



### गंगा में डॉल्फिन की संख्या बढ़कर 50 से ज्यादा हो गई है

वन विभाग के अनुसार, गंगाजल की गुणवत्ता में सुधार से वाराणसी शहर से दूर कैथी से ढकवां गांव के बीच गंगा में डॉल्फिन की संख्या बढ़कर 50 से ज्यादा हो गई है। डॉल्फिन परिवार को सब करीब से देख पाएंगे। डॉल्फिन सफारी के बारे में डीएफओ स्वाति ने सोमवार को न्यूज एजेंसी से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमने आज इस परियोजना को लॉन्च किया है और जल्द ही एक पोर्टल पेश करेंगे, जहां पर्यटक और पर्यावरण के प्रति उत्साही लोग लॉग इन कर सकते हैं और सुबह की मुफ्त डॉल्फिन सवारी का आनंद ले सकते हैं।

# पीड़ित परिवार ने की एसआईटी बनाने की मांग

## हाईकोर्ट में आरजी कर रेप-हत्या मामने में सुनवाई

**कोलकाता (आईएएनएस)**



कोलकाता हाई कोर्ट में पश्चिम बंगाल के आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान पीड़ित पक्ष ने सीबीआई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाने की मांग की। पीड़ित परिवार के वकील ने कोलकाता हाई कोर्ट से यह भी अनुरोध किया कि सीबीआई से एक स्थिति रिपोर्ट (स्टेटस रिपोर्ट) मांगी जाए। आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई करते हुए जज ने कहा, "चार्जशीट में साफ लिखा है कि जांच सीबीआई के अतिरिक्त एसपी रैंक के अधिकारी द्वारा ही की जा रही है।

## फतुहा के कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे को लेकर एआईएमआईएम विधायक ने विरोध जताया

**पटना (आईएएनएस)।** पटना से सटे फतुहा में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे को लेकर एआईएमआईएम विधायक



अख्तरुल ईमान ने आईएएनएस से बातचीत में अपना रोष जाहिर किया। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के बॉडीगार्ड ने धोखे से जमीन हथियाने का आरोप लगाया। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान एआईएमआईएम विधायक अख्तरुल ईमान ने कहा कि फतुहा में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा किया गया है। यह कब्जा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बॉडीगार्ड द्वारा किया गया है। हम मांग करते हैं कि इसकी जांच कराई जाए और नीतीश कुमार बॉडीगार्ड के खिलाफ एक्शन लें। नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी को लेकर हो रही सियासत पर अख्तरुल ईमान ने कहा कि कोई सियासत नहीं हो रही है।

## पुलिस रेड के पूर्व शराब तस्करों को सूचना देने वाले चौकीदार को एसपी ने किया सस्पेंड

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** पुलिस रेड के पूर्व चौकीदार और थाना की गोपनीयता भंग करने वाले आदापुर के चौकीदार अच्छेलाल कुमार को निलंबित किया गया है। थानाध्यक्ष के रिपोर्ट के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने उक्त कारवाई की है। रेड छापेमारी में सहयोग नहीं करने को लेकर उक्त कारवाई की गई है। इस संबंध में जानकारी के मुताबिक कहा गया है कि शराब को लेकर रेड के पहले ही तस्करों को जानकारी मिल जाती थी जिससे पुलिस अपने मिशन में कामयाब नहीं हो पाती थी। खुफिया इनपुट मिलने के बाद थानाध्यक्ष ने चौकीदार की शिकायत पुलिस कप्तान से करते हुए स्थिति की जानकारी दे दी।

## अपराध : 16 लाख के गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिला के लखौरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर बरवा छठ घाट के पास से बाइक सहित दो तस्करों के साथ 16 लाख का गांजा जब्त किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने यह कारवाई की है।पकड़े गये तस्करो की पहचान जितना थाना के अगरवा गांव का राजमोहन कुमार एवं ,अरविन्द कुमार बताते गए है ।जिसके पास से बाइक सहित 79 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। जिसका अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 15.80 लाख बताया गया है।उल्लेखनीय है,कि यह सिंडिकेट नेपाल से मादक पदार्थ की तस्करी कर भारत के विभिन्न प्रदेशों में भेजते है।

# एक अप्रैल से यूनिफाइड पेंशन स्कीम की शुरुआत

## 23 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ


**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए एक नई योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) ला रही है। इस योजना के तहत केंद्रीय कर्मचारी जो कि कम से कम 25 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं, 1 अप्रैल से यूपीएस के तहत रिटायरमेंट से पहले आखिरी 12 महीनों के अपने औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के पात्र होंगे। सरकार अपनी इस योजना के साथ कम से कम 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद वित्तीय सुरक्षा देने की तैयारी में है। यूपीएस खासकर उन लोगों को ध्यान में रखते हुए लाई जा रही है, जिन्हें बाजार से जुड़ी पेंशन के बजाय एक स्थिर और अनुमानित आय पसंद आती है।

नई योजना के तहत जिन कर्मचारियों ने 10 साल से अधिक लेकिन 25 साल से कम समय तक सेवा की है, उन्हें प्रति माह न्यूनतम 10,000 रुपये पेंशन मिलेगी। पेंशनभोगी की मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को पारिवारिक पेंशन के रूप में अंतिम पेंशन का 60 प्रतिशत मिलेगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार के कर्मचारी, जो वर्तमान में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत हैं, वे यूपीएस पर स्विच कर सकते हैं। इस योजना को हाइब्रिड मॉडल के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) और नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) दोनों की विशेषताएं शामिल हैं।

एनपीएस बिना किसी निश्चित भुगतान के बाजार-आधारित रिटर्न प्रदान करता है, वहीं, एनपीएस से अलग नई योजना एक गारंटीकृत पेंशन राशि सुनिश्चित करती है। ओपीएस को 2004 में एनपीएस से बदला गया था। ओपीएस आवधिक महंगाई भत्ते संशोधनों के साथ पूरी तरह से सरकारी समर्थित पेंशन प्रदान करता था। यूपीएस की शुरुआत एनपीएस की अनिश्चितताओं के बारे में सरकारी कर्मचारियों के बीच बढ़ती चिंताओं को देखते हुए हुई है। कई सरकारी कर्मचारियों ने रिटायरमेंट के बाद वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अधिक पूर्वानुमानित पेंशन प्रणाली की मांग की।

सरकार का लक्ष्य इस नई योजना के माध्यम से कर्मचारी सुरक्षा को अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों के साथ संतुलित करना है। यह कदम राज्य सरकारों को समान पेंशन मॉडल तलाशने के लिए भी प्रभावित कर सकता है। 25 साल से अधिक सेवा करने वालों को 50 प्रतिशत गारंटीकृत पेंशन से सबसे अधिक लाभ होगा। रिटायरमेंट के बाद स्थिर आय चाहने वाले कर्मचारियों को यूपीएस अधिक उपयुक्त लग सकता है, जबकि बाजार में उतार-चढ़ाव से सहज रहने वाले कर्मचारी संभावित रूप से उच्च रिटर्न के लिए एनपीएस को प्राथमिकता दे सकते हैं। पिछले सप्ताह, पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने एनपीएस विनियम 2025 के तहत यूपीएस के संचालन को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया।



**25**

साल से अधिक सेवा करने वालों को 50 प्रतिशत गारंटीकृत पेंशन से सबसे अधिक लाभ होगा

### विनियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तीन कैटेगरी में बांटते हैं

- पहली कैटेगरी में 1 अप्रैल, 2025 तक सेवा में कार्यरत मौजूदा केंद्र सरकार के कर्मचारी शामिल हैं, जो एनपीएस के अंतर्गत आते हैं।
- दूसरी कैटेगरी में केंद्र सरकार की सेवाओं में नए भर्ती हुए लोग शामिल हैं, जो 1 अप्रैल, 2025 को या उसके बाद सेवा में शामिल होते हैं।
- तीसरी कैटेगरी में केंद्र सरकार के वे कर्मचारी शामिल हैं, जो एनपीएस के अंतर्गत आते थे और जो 31 मार्च, 2025 को या उससे पहले रिटायर हो चुके हैं (स्वैच्छिक रूप से रिटायर या मौलिक नियम 56(जे) के तहत रिटायर) और यूपीएस के लिए पात्र हैं या कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी, जो रिटायर हो चुके हैं या यूपीएस के लिए विकल्प का प्रयोग करने से पहले जिनका देहांत हो चुका है।
- केंद्र सरकार के कर्मचारियों की इन सभी कैटेगरी के लिए एनरोलमेंट और क्लेम फॉर्म 1 अप्रैल, 2025 से वेबसाइट - https://npscra.nsdl.co.in पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

## हैदराबाद में यौन उत्पीड़न से बचने के लिए महिला ने चलती ट्रेन से लगाई छलांग

**हैदराबाद (आईएएनएस)**



हैदराबाद में यौन उत्पीड़न से बचने के लिए एक महिला ने चलती मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमएमटीएस) ट्रेन से छलांग लगा दी। ट्रेन कूदने के कारण महिला घायल हो गई। रेलवे पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना सिकंदराबाद में हुई। एक व्यक्ति तेलापुर-मेडचल एमएमटीएस ट्रेन के महिला कोच में घुस गया और महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। यौन उत्पीड़न से बचने के लिए डरी हुई महिला चलती ट्रेन से कूद गई। महिला (23) कोमपल्ली में रेलवे पुल के पास घायल अवस्था में मिली। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए गांधी अस्पताल ले जाया गया। पीड़िता आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले की रहने वाली है और हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक निजी कंपनी में कार्यरत है। महिला ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह अपना मोबाइल फोन ठीक कराने के लिए सिकंदराबाद आई थी। फोन ठीक कराने के बाद वह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। उसने जनरल टिकट लिया और तेलापुर-मेडचल एमएमटीएस ट्रेन में सवार होकर महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में बैठ गई। उसके साथ उसी कोच में यात्रा कर रही दो महिलाएं अलवाल रेलवे स्टेशन पर उतर गईं।

## पहले नागपुर में आग लगाई और अब मुंबई में हो रही गुंडई : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बिना



मजाक बनाने को लेकर विवादों में घिरे स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को लेकर सियासत जारी है। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा तोड़फोड़ किए जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्हें सच्चाई चुभती है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, "ये गुंडे हैं, जिन्हें सरकार में बैठाया गया है। वे दिखा रहे हैं कि वे कितने इंटॉलरेंट हैं। अगर कोई व्यंग्य के माध्यम से इनका (सरकार) मजाक बनाता है या फिर इनकी सच्चाई उजागर करता है तो उन्हें कितना चुभता है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से पूछना चाहिए कि क्यों पहले उन्होंने नागपुर में आग लगाई और अब मुंबई में गुंडई की जा रही है? उन्होंने आगे कहा, 2014 से पहले यही कुणाल कामरा और दूसरे स्टैंड-अप कॉमेडियन नियमित रूप से उस समय की सरकार को लेकर रोस्ट करते थे।

## तेजस्वी यादव को लगा है राजनीतिक पितृदोष : नीरज कुमार

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जेडीयू



और आरजेडी में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। जेडीयू नेता नीरज कुमार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से एक वीडियो पोस्ट कर आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा है। नीरज कुमार ने लिखा, यह लालू प्रसाद यादव की विचारधारा है। लालू प्रसाद यादव के आगमन के पूर्व बार बालाओं का नृत्य आयोजित किया गया। कल्याणपुर विधानसभा के कोटवा प्रखंड गांव जमुनिया में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में आरजेडी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भीड़ जुटाने के लिए बार बालाओं के नृत्य का आयोजन किया गया। लालू प्रसाद यादव ने मंच से कहा कि बिहार में तेजस्वी को अगला सीएम बनने से कोई माई का लाल नहीं रोक सकता है। लालू के इस बयान पर नीरज कुमार ने सोमवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा कि तेजस्वी यादव को राजनीतिक पितृदोष लगा हुआ है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम के अवैध निर्माण पर कार्रवाई, बुलडोजर से तोड़ा गया घर

**नागपुर (आईएएनएस)**

नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के अवैध नर्माण के खिलाफ नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है। भारी पुलिस बल के साथ नगिम की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और अवैध नर्माण को ढहाने की प्रक्रिया शुरू की। यह कार्रवाई नागपुर के संजय बाग कॉलोनी में स्थित फहीम खान के दो मंजिला मकान पर हो रही है, जो उनके पत्नी जहिरुन्निसा के नाम पर पंजीकृत है। फहीम खान को नागपुर दंगों का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। वह पुलिस हिरासत में है। नगर निगम ने फहीम खान के अवैध निर्माण को लेकर उन्हें 24 घंटे का समय दिया था, लेकिन जब वह इसे खुद हटाने में विफल रहे, तो अब प्रशासन ने कार्रवाई करने का निर्णय लिया। उनके घर को ढहाने का काम सोमवार सुबह 10 बजे से शुरू हो गया है और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

नगर निगम ने 21 मार्च को नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 86.48 वर्ग मीटर में बना यह घर अवैध है, इसका नक्शा पास नहीं कराया गया है।

# कुणाल कामरा के दफ्तर में तोड़फोड़, 11 गिरफ्तार



**मुंबई (आईएएनएस)**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के दफ्तर में तोड़फोड़ के मामले में 11 शिव सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है। खार पुलिस ने इन आरोपियों को कुछ समय पहले बांद्रा कोर्ट में पेश किया, वहीं मामले में शिवसेना युवा सेना के जनरल सेक्रेटरी राहुल कनाल को भी पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया है, हालांकि उन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने राहुल कनाल को सोमवार को खार पुलिस स्टेशन बुलाया था, जहां से वह थोड़ी देर बाद बाहर निकल गए, लेकिन उन्हें फिर से 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया। खार पुलिस ने इस मामले में कुल 19 लोगों को नामजद किया था और 15 से 20 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कामरा के खिलाफ केस दर्ज, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर की थी टिप्पणी

**मुंबई (आईएएनएस)।** कॉमेडियन कुणाल कामरा का महाराष्ट्र की राजनीति पर तंज और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का बिना नाम लिए किए गए कमेंट के बाद बवाल मच गया है। कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 353(1)(बी), 353(2) और 356(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिवसेना के विधायक मुरजी पटेल ने एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। इससे पहले एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता राहुल कनाल के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। मुंबई के खार स्थित द यूनिकॉन्टिनेंटल ऑफिस में शिव सैनिकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया था।

# 6 वर्षों में 12.3 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों को पीने के पानी का कनेक्शन मिला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि अगस्त 2019 में लॉन्च की गई जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल स्कीम के तहत 17 मार्च तक 12.3 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों को पीने के पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है। जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि देश में पीने के पानी का कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवारों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ (16.7 प्रतिशत) से बढ़कर 17 मार्च 2025 तक 15.53 करोड़ हो गई है, जो भारत के कुल ग्रामीण परिवारों का 80.2 प्रतिशत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शेष 3.83 करोड़ परिवारों के लिए कार्य संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश द्वारा योजना के अनुसार किया जा रहा है।


मिशन का प्रारंभिक अनुमानित व्यय 3.60 लाख करोड़ रुपये था, जिसमें से केंद्र का हिस्सा 2.08 लाख करोड़ रुपये था। मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत संपूर्ण केंद्रीय हिस्सा लगभग खर्च किया जा चुका है।सोमन्ना ने कहा कि इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण 2025-26 में जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने की घोषणा की है। साथ ही, इस योजना के कुल व्यय में वृद्धि की गई है। केंद्र, राज्यों के साथ साझेदारी में जल जीवन मिशन योजना का संचालन कर रहा है, जिससे देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को गुणवत्ता पूर्ण जल, नियमित और दीर्घकालिक आधार पर कनेक्शन के माध्यम से उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पानी राज्य का विषय है, इसलिए पेयजल आपूर्ति योजनाओं की योजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कई समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय दौरों आदि के माध्यम से सलाह दी गई है कि वे जेजेएम मानकों के अनुसार, आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता सहित अन्य बातों के साथ-साथ प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करें। सोमन्ना ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को समय-समय पर जल की गुणवत्ता की जांच करने और जहां भी आवश्यक हो, सुधारात्मक कार्रवाई करने की सलाह दी गई है।



# पीएम आवास योजना के तहत 75,295 परिवारों को 40,000 रुपए की पहली किस्त जारी

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय में सोमवार को विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र के 75,295 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए 40,000 रुपये की पहली किस्त जारी की। इसके तहत 75,295 लाभार्थियों के लिए प्रथम किस्त की सहायता राशि 301.18 करोड़ रुपये जारी किया गया। इस मौके पर मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बिहार में 7,24,230 परिवारों को आवास की स्वीकृति हुई है। अब तक 6,300,49 लाभार्थियों को आवास योजना की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। जबकि तीनों किस्त अब तक 1,21,539 लाभार्थियों को जारी कर दी गई है। अब तक 50,409 आवास पूर्ण हो गए हैं। आज 75,295 लाभार्थियों को आवास योजना का प्रथम किस्त जारी किया गया है। समय-समय पर और दो किस्त जारी कर दिया जाएगा। आवास योजना के तहत कुल 1.20 लख रुपये की तीन किस्त में राशि आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है। प्रथम किस्त जारी होने के 100 दिनों के भीतर आवास निर्माण की प्रगति के आधार पर दोनों की जारी कर दिए जाएंगे।



मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि इसके अलावा लाभार्थियों को मनरेगा के माध्यम से 90 दिनों के कुशल मजदूरी के रूप में 22,050 रुपये भी दिए जाते हैं। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत इन आवासों में शौचालय निर्माण के लिए अलग से 12,000 की सहायता राशि भी दी जाती है।

## सना में अमेरिकी हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत, 15 घायल



**सना (आईएएनएस)।** यमन की राजधानी सना में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने रविवार को हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों के एक सूत्र के हवाले से बताया कि शुरुआती आंकड़ों से पता चला है कि सना के पश्चिमी उपनगर असर में हुए हमले में घायल हुए लोगों में तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने हमले को बहुत हिंसक बताया। उनका कहना है कि बचाव दल अभी भी मलबे के नीचे संभावित जिंदा लोगों की तलाश कर रहे हैं। अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी जारी नहीं की है।

## पाक-अफगान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे 16 आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने सोमवार को दावा किया कि उसने पाक-अफगान बॉर्डर से घुसपैठ की कोशिश कर रहे कई आतंकवादियों को मार गिराया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद-काबुल रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिशें दोनों तरफ से की जा रही हैं। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, खुफिया जानकारी से पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के गुलाम खान कल्ले इलाके के पास आतंकवादियों की गतिविधि का पता चला। यहां अफगानिस्तान के आतंकवादी घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कोशिश नाकाम कर दी और कई घुसपैठियों को मार गिराया।

## कैबिनेट ने अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मियारा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को दी मंजूरी

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल के कैबिनेट ने देश के अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मियारा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे उनकी बर्खास्तगी की दिशा में उठाया गया पहला कदम माना जा सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने रविवार को मीडिया को बताया कि मंत्रियों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। यह कदम सरकार की कई कार्रवाइयों में से एक था, जिसे सरकार के आलोचकों ने राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अधिकारी ने रविवार को कहा कि मंत्रियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।यह कदम सरकार की कई कार्रवाइयों में से एक था, जिसे विरोधियों ने सरकार के आलोचकों के खिलाफ राजनीतिक बदला लेने के रूप में देखा।

### जेएमबी-एचयूटी सदस्यों की घुसपैठ को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# बांग्लादेशी आतंकी संगठन कर रहे घुसपैठ की कोशिश

छोटे समूहों में मुर्शिदाबाद के रास्ते भारत में प्रवेश करने की बना रहे **योजना...**




**कोलकाता (हि.स.)**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित गांवों में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। खुफिया सूत्रों से मिले इनपुट के बाद यह कदम उठाया गया है। इनपुट में बताया गया है कि बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जेएमबी और एचयूटी के कई सक्रिय सदस्य बांग्लादेश के राजशाही और चपाई नवाबगंज जिलों से छोटे समूहों में मुर्शिदाबाद के रास्ते भारतीय सीमा में प्रवेश करने की योजना बना रहे हैं। इनका मकसद यहां पहले से मौजूद स्लीपर सेल को फिर से सक्रिय करना है। खुफिया एजेंसियों को इन आतंकी संगठनों के खिलाफ इनपुट तब मिला, जब सीमा पार से कुछ संदिग्ध इंटरनेट चैटिंग और संचार को ट्रैक किया गया। जांच में सामने आया है कि जेएमबी और एचयूटी के सदस्य मुर्शिदाबाद में अपने स्थानीय संपर्कों के साथ इंटरनेट के जरिए संपर्क में थे। इन स्थानीय संपर्कों में से कुछ 'खारिजी' (गैर-मान्यता प्राप्त) मदरसों से जुड़े हैं, जो भारत-बांग्लादेश सीमा के पास स्थित गांवों में संचालित हो रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इन संगठनों का मकसद न केवल स्लीपर सेल को सक्रिय करना है।

### किराए पर कमरा देने से पहले पहचान की जांच करें

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के सदस्यों की घुसपैठ के खतरे की जानकारी दी गई है। साथ ही, मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा से सटे गांवों के मकान मालिकों को सख्त निर्देश दिया है कि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को किराए पर कमरा देने से पहले उसकी पहचान की अच्छी तरह से जांच करें और नए किराएदारों की सूचना स्थानीय पुलिस को दें।

### शुभेंदु की सुरक्षा बढ़ाई गई

कुछ महीने पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा को लेकर भी अलर्ट जारी किया था। खुफिया इनपुट में यह खुलासा हुआ था कि जेएमबी और एचयूटी के आतंकियों के निशाने पर शुभेंदु अधिकारी भी हैं। नवंबर 2024 तक शुभेंदु अधिकारी को सिर्फ पश्चिम बंगाल में 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, लेकिन खतरे को देखते हुए अब उन्हें पूरे भारत में 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

## आठ वर्षों में यूपी का परसेप्शन पूरी तरह बदला : सीएम योगी

**लखनऊ (हि. स.)**



● सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश की बनी है पहचान, उसका एहसास कर रहा पूरा भारत

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस दौरान आठ वर्षों में यूपी में सरकार के कामकाज पर "एक झलक" रिपोर्ट कार्ड डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और 25 करोड़ प्रदेशवासियों के समवेत प्रयास से आज यह उत्तर प्रदेश, भारत के 'श्रम शक्ति पुंज से अर्थ शक्ति पुंज' बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश वही है, लेकिन बीते आठ वर्षों में परसेप्शन पूरी तरह से बदल चुका है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान बनी है, उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा भारत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले बीमारू राज्य की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

## सांसदों व पूर्व सांसदों के वेतन, भत्ते, पेंशन में वृद्धि

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सांसदों व पूर्व सांसदों के वेतन, दैनिक भत्ते पेंशन में बढ़ोतरी कर दी।इस बारे में संसदीय कार्य मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, 1 अप्रैल 2023 से यह संशोधित वेतनमान लागू होगा। सरकार ने महंगाई को ध्यान में रखते हुए संसद सदस्य वेतन, भत्ते व पेंशन अधिनियम, 1954 के तहत वेतन और पेंशन में संशोधन किया है।पहले संसद के सदस्यों को वेतन 1,00,000 रुपये मिलता था , लेकिन अब यह बढ़ाकर 1,24,000 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह दैनिक भत्ते में भी बढ़ोतरी हुआ है। यह 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। संसद के वर्तमान सदस्यों व पूर्व सदस्यों के लिए मासिक पेंशन 25,000 रुपये से बढ़ाकर 31,000 रुपये कर दिया गया है। एडिशनल पेंशन जो पहले 2,000 प्रति माह थी, उसको बढ़ाकर 2,500 प्रति महीने कर दिया गया है।यह संशोधन संसद के चालू बजट सत्र के दौरान किया गया है। सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में आखिरी बार अप्रैल 2018 में बदलाव किया गया था। इस बढ़ोतरी से राजकोष पर वित्तीय असर पड़ने के आसार हैं, क्योंकि 543 लोकसभा सांसद, 245 राज्य सभा सांसद और बहुत से पूर्व सांसद हैं जिन्हें बढ़ी हुई पेंशन का फायदा होगा। वेतन व भत्तों के अलावा, सेवारत सांसदों को कई और सुविधाएं मिलती हैं। सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्र में काम करने के लिए 70,000 रुपये हर महीने निर्वाचन क्षेत्र भत्ता मिलता है और कार्यालय खर्च के लिए 60,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। इसमें कर्मचारियों का वेतन, फोन व स्टेशनरी शामिल है।सांसदों को अपने व अपने परिवार के लिए हर साल 34 फ्री हवाई यात्राएं करने का भी फायदा मिलता है। इसके अलावा उनको कुछ जगहों पर बिना किराए के आवास भी मिलता है। जो लोग आधिकारिक आवास नहीं लेना चाहते, वे 2 लाख रुपये मासिक आवास भत्ते का दावा कर सकते हैं। इन सभी के अलावा और भी कई फायदे मिलते हैं। इसमें 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, परिवार के सदस्यों के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य देखभाल कवरेज भी शामिल हैं।


### विटकॉफ का बड़ा बयान

## पुतिन चाहते हैं शांति : अमेरिकी राजदूत

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। यह बात उन्होंने सऊदी अरब में सोमवार को होने वाली एक अहम बैठक से पहले कही, जिसमें अमेरिका, रूस के अधिकारी हिस्सा लेंगे।

विटकॉफ ने फॉक्स न्यूज से कहा, "मुझे लगता है कि वह (पुतिन) शांति चाहते हैं। उनका मानना है कि इस बैठक से कुछ अच्छे नतीजे निकल सकते हैं, जैसे काला सागर में जंग को सीमित करना। विटकॉफ हाल के हफ्तों में दो बार पुतिन से मिले हैं। ये मुलाकातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस प्लान का हिस्सा हैं, जिसमें वे यूक्रेन और रूस के बीच जंग को खत्म करना चाहते हैं। विटकॉफ को भरोसा है कि सऊदी अरब में होने वाली बातचीत से शांति की दिशा में कदम बढ़ेगा। उन्होंने सीएनएन को बताया, "मुझे लगता है कि आप सोमवार को सऊदी अरब में कुछ वास्तविक प्रगति देखेंगे। यूरोप में इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि ट्रंप पुतिन पर बहुत ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। लेकिन विटकॉफ का कहना है कि पुतिन सचमुच शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि वह पूरे यूरोप पर कब्जा करना चाहते हैं। यह द्वितीय विश्व युद्ध की तुलना में बहुत अलग स्थिति है।" विटकॉफ का मानना है कि पुतिन के इरादों को समझने में पश्चिमी देशों को थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। रविवार को सऊदी अरब में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने मॉस्को और कीव के बीच संभावित आंशिक युद्धविराम पर यूक्रेनी अधिकारियों के साथ बातचीत की। इसके बाद अमेरिका और रूसी अधिकारी सोमवार को सऊदी अरब में ही बातचीत करेंगे। टिकॉफ को उम्मीद है कि इन बातचीतों से काला सागर में जहाजों की लड़ाई रुक सकती है, और फिर धीरे-धीरे पूरी जंग खत्म हो सकती है।



"मुझे नहीं लगता कि वह पूरे यूरोप पर कब्जा करना चाहते हैं, यह द्वितीय विश्व युद्ध की तुलना में बहुत अलग स्थिति है

## प्रकृति का अनोखा खजाना 'कचनार' बीमारियों से लड़ने में कारगर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 'कचनार' को अगर प्रकृति का अनोखा खजाना कहा जाए तो ऐसा कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा। इसमें ऐसे अनगिनत फायदे छिपे हैं, जो जोड़ों के दर्द से लेकर थायराइड, गांठों की समस्या से लेकर पेट के पाचन को दुरुस्त करने तक 'कचनार' का जादू हर बीमारी पर असर दिखाता है। आइए जानते हैं इससे जुड़े फायदों के बारे में। 'कचनार' का पौधा अपनी खूबसूरत फूलों की वजह से जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'बौहिनिया वैरीगेटा' है, यह चीन से लेकर दक्षिण-पूर्व एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप तक पाया जाता है। भारत में खास तौर पर पहाड़ी इलाकों में इसे बहुत पसंद किया जाता है।

## महरंग बलूच पर आतंकवाद का आरोप, वकील से मिलने की भी अनुमति नहीं

**क्वेटा (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) की प्रमुख महरंग बलूच और कई अन्य कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद का आरोप लगाया है। महरंग ने जबरन गायब किए गए लोगों के रिश्तेदारों की अवैध गिरफ्तारी और अवैध पुलिस रिमांड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। महरंग वर्तमान में 150 अन्य लोगों के साथ क्वेटा जिला जेल में बंद हैं। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को बताया कि प्रदर्शनकारियों पर आतंकवाद, हत्या और हत्या का प्रयास, हिंसा-विद्रोह को भड़काना, अव्यवस्था पैदा करना, नस्लीय घृणा को बढ़ावा देना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप लगाए गए। इस बीच, बलूचिस्तान के कई शहरों में लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल देखी गई। वहीं क्वेटा और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं रविवार को लगातार चौथे दिन भी बंद रहीं। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक 'डॉन' से रविवार को बात करते हुए महरंग की बहन अस्मा बलूच ने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन महरंग को अदालत में पेश नहीं किया गया और न ही उसे कानूनी सलाहकार से मिलने दिया जा रहा। अस्मा ने कहा, "क्वेटा जिला जेल के अधिकारियों ने हमें मेरी बहन से मिलने की अनुमति नहीं दी और हमें उसे भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने की भी अनुमति नहीं दी गई।

## कहानी फिल्म जगत की

**केसरी चैप्टर 2**

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार एक बार फिर स्क्रीन पर देशभक्ति की एक अनूठी कहानी सुनाने जा रहे हैं। 2019 में आई फिल्म 'केसरी' की सफलता के बाद अब अक्षय फिल्म के सीक्वल 'केसरी चैप्टर 2' के जरिए फैंस का दिल जीतने जा रहे हैं।

### दर्शकों को एक भी फ्रेम देखने से पहले ही जकड़ लेता है

अक्षय कुमार सर सी शंकरन नायर की भूमिका में हैं, जो एक निडर वकील हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय त्रासदी के बाद ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ने का साहस किया। टीज़र की शुरुआत 30 सेकंड के ऑडियो से होती है क्योंकि "दृश्य इतने भयानक हैं कि उन्हें दिखाया नहीं जा सकता"। गोलियों की आवाज़, और चीखें बढ़ता तनाव एक ऐसा गहन माहौल बनाता है।



## केसरी चैप्टर 2 में अक्षय ने ब्रिटिश साम्राज्य की बखिया उधेड़ी

1. **फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी :** 'केसरी चैप्टर 2' की रिलीज डेट पहले ही घोषित की जा चुकी है। करण सिंह त्यागी द्वारा निर्देशित और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा अनन्या पांडे और आर माधवन भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे।

2. **अक्षय कुमार का वर्कफ्रंट :** वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार आखिरी बार फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आए थे। 'केसरी चैप्टर 2' के अलावा उनके पास 'भूत बंगला', 'हाउसफुल 5', 'जॉली एलएलबी 3' और 'वेलकम 3' जैसी फिल्में लाइन में हैं।




जातिगत सर्वेक्षण का मुद्दा सदन में गरमाया

# जनगणना शब्द के जगह सर्वेक्षण शब्द का हो प्रयोग : दीपक बिरूआ

*जातिगत जनगणना समाज का एक्स रे : प्रदीप यादव*





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को विधानसभा में विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि 17 फरवरी 2024 को कैबिनेट में जातिगत जनगणना करने का निर्णय लिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एक साल, एक महीना हो गया है लेकिन अब तक क्या स्थिति है, इसे बताएं। जातिगत जनगणना समाज का एक्स रे है। मंत्री दीपक बिरूआ ने बताया कि जनगणना शब्द के जगह सर्वेक्षण शब्द का प्रयोग किया जाना चाहिए क्योंकि जनगणना शब्द में केंद्र सरकार की शक्ति नीहित है। अगले वित्तीय वर्ष में जाति सर्वेक्षण होगा। भारत सरकार ने हाथ पीछे खींच लिया है। 17 फरवरी 2024 को कैबिनेट में जाति सर्वे का फैसला लिया जा चुका है। एक साल एक महीना हो गया।

तेलंगाना में जाति सर्वे हो चुका है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि जाति सर्वेक्षण का कार्य आवंटित होने के पश्चात कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग के द्वारा इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इसमें वित्तीय प्रबंधन सहित अन्य प्रबंधनों की जरूरत है।

### पुलिस पैसे मांगती है : सीपी सिंह



झारखंड विधानसभा में सोमवार को विधायक सीपी सिंह ने डोरंडा पुलिस से जुड़ा एक मामला उठाया। सीपी सिंह ने सदन में बताया कि रांची विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों को डोरंडा थाना की पुलिस तीन दिन तक थाने में रखी। उसके बाद थाना प्रभारी एक दारोगा के माध्यम से पैसे की मांग की। सीपी सिंह ने बताया कि दोनों लड़के का दोष सिर्फ. इतना था कि नदी के उस पार उनका घर बन रहा है। निर्माणाधीन घर में दोनों हर दिन पानी पटाने जाते थे। इस दौरान बगल के घर में चोरी हुई तो शक के आधार पर दोनों युवकों को पकड़कर 72 घंटे तक थाना में रखा गया। सीपी सिंह ने कहा कि मैं भी लॉ का स्नातक हूँ अध्यक्ष महोदय। मुझे पता है कि पुलिस पूछताछ के लिए किसी को थाना बुला सकती है लेकिन 72 घंटे तक थाना में नहीं बैठा सकती है। सीपी सिंह ने सरकार को मामले का संज्ञान में लेने का अनुरोध किया।

## गलत नीति से सरकारी स्कूलों में घट रही छात्रों की संख्या : राफिया



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड में शिक्षा के स्तर में निरंतर गिरावट और सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में कमी को लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में लगभग नौ लाख छात्रों की संख्या घटने से राज्य के भविष्य पर गहरा संकट आ खड़ा हुआ है। यू-डायस रिपोर्ट के अनुसार, 2021-2022 में जहां 79,70,050 बच्चे नामांकित थे, वहीं 2022-23 में यह घटकर 72,09,261 और 2023-24 में केवल 70,97,545 रह गए हैं। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें शिक्षकों की कमी, स्कूलों में सुविधाओं का अभाव और शिक्षा के लिए बजट में की गई कटौती प्रमुख कारण हैं। राफिया नाज ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। राज्य के 7,642 स्कूलों में से कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरे स्कूल की पढ़ाई चल रही है।

विस के समक्ष भाकपा का प्रदर्शन, बोले डी राजा

# जनता से किए वादों को पूरा करे सरकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने झारखंड विधानसभा के समक्ष आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने किया। सभा की अध्यक्षता एटक के महासचिव अशोक यादव ने किया व संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। पार्टी के महासचिव डी राजा ने कहा कि झारखंड कॉर्पोरेट घरानों का हब बनता जा रहा है। झारखंड के जल जंगल जमीन की लूट के लिए कॉर्पोरेट घराने के लोग बेताब हैं। केंद्र एवं राज्य की सरकार ने झारखंड की खनिज संपदा को दोहन करने में लगी हुई है। झारखंड बनने के बाद भी बाबा भीमराव अंबेडकर एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा झारखंड विधानसभा में नहीं है।

झारखंड बनने के बाद भी आज तक ना तो स्थानीय नीति बनी और ना ही नियोजन नीति। राज्य में सारे मिनरल्स है, खदानें कॉरपोरेट हाउसों को दिया जा रहा है। दलित अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य में अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अभी तक नहीं होना, अनुसूचित जाति का अपमान है। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने झारखंड के जनता से किए गए वादे को पूरा करने की मांग किया। राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे ने मजदूरों से संबंधित ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि सरकार असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को 26000 रुपए न्यूनतम मजदूरी निर्धारण करें।

# पिछड़ों का हक छीनकर मुस्लिम समाज को आरक्षण दे रही कांग्रेस : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास पिछड़ा विरोधी है। आज भी कांग्रेस पार्टी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। कभी पिछड़ा वर्ग आयोग को यही कांग्रेस पार्टी ने संवैधानिक मान्यता नहीं दी थी। कहा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में इस कदर अंधी हो गई है कि उसने ओबीसी समुदाय के आरक्षण में सेंध लगाकर सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय को 4% आरक्षण प्रदान कर दिया है। कहा कि जो राहुल गांधी संविधान की लाल किताब लेकर पूरे देश में घूमते हैं और ओबीसी समुदाय के प्रति घड़ियाली आँसू बहाते हैं, उनके नेतृत्व में यह निर्णय न केवल अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है, बल्कि ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर एक खुला हमला भी है। कहा कि कांग्रेस सरकार ने ओबीसी कोटे से 4% आरक्षण काटकर मुस्लिम ठेकेदारों को दे दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से पूछा कि क्या कांग्रेस का यही तथाकथित सामाजिक न्याय है – जिसमें बहुसंख्यक वंचित वर्गों के अधिकारों को छीनकर तुष्टिकरण की राजनीति की जाती है?

## प्रेरणा पुरस्कार के लिए कलकत्ता पब्लिक स्कूल की 3 छात्राएं चयनित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग छात्रों को प्रतिभा संपन्न बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रेरणा पुरस्कार योजना के तहत विभिन्न प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया जाता है। इसी के तहत ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल की तीन छात्राओं का चयन प्रेरणा पुरस्कार योजना 2024-25 के लिए किया गया है। 7 वीं की ये तीनों छात्राएं मान्या ठाकुर को नेत्रहीनों के लिए विशेष प्रकार की छड़ी एवं जूता के प्रोजेक्ट के लिए। अदिति शर्मा को सड़क किनारे फुटपाथ पर पीजो इलेक्ट्रिक वस्तुओं का इस्तेमाल कर घर्षण से विद्युत ऊर्जा की उत्पत्ति के लिए। वहीं साक्षी कुमारी को रसोई गैस रिसाव की दशा में अलार्म बजने से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट हेतु राज्य स्तर पर चयनित किया गया है। उच्चतर स्तर पर प्रोजेक्ट समर्पित करने के लिए मार्गदर्शक के रूप में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक श्याम कुमार, शंकर झा तथा भारती मिश्रा रहेंगे। कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के उपाध्यक्ष, प्राचार्य, रेक्टर सहित सभी शिक्षकों ने अपने सभी प्रतिभावान छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाजपा मणिपुर व परिसीमन पर अपनी राय साफ करे : झामुमो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष और मणिपुर के हालात को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि 2025 में आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा, जिसे पहले आनंदमई वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में तीन दिनों तक चली विचार-विमर्श बैठक में यह बात सामने आई कि यह वर्ष आरएसएस के विस्तार का होगा, न कि किसी उत्सव का। उन्होंने मणिपुर और परिसीमन पर भाजपा को अपनी राय साफ करने की मांग उठाई है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने मणिपुर की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा दोनों का यह मानना है कि मणिपुर में 20 महीने से हिंसा जारी है और इसे सुधारने में कई साल लगेंगे। जब सरकार से इस बारे में सवाल किया गया, तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। भट्टाचार्य ने कहा कि इस्कॉन और चिन्मय मिशन जैसे संगठन मणिपुर में काम कर रहे हैं, लेकिन आरएसएस और भाजपा के कोई ठोस कदम नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मणिपुर के जनजातीय समुदाय के साथ भेदभाव कर रही है और उनके अधिकारों की अनदेखी कर रही है।

### भाजपा परिसीमन के मुद्दों को क्यों नहीं समझ रही

भट्टाचार्य ने परिसीमन के मुद्दे पर भी आरएसएस और भाजपा की नीतियों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने परिसीमन को लेकर चेतावनी दी थी कि यह राज्यों के बीच खाई पैदा करेगा, खासकर दक्षिण भारतीय राज्यों में। उनका कहना था कि परिसीमन दलित, आदिवासी और मूलवासी समुदायों के खिलाफ होगा, जिससे उनकी आवाज दब जाएगी। भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि आरएसएस ने 2011 की जनगणना के आधार पर 2025 में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने का विरोध किया था, क्योंकि इससे राष्ट्रीय संतुलन बिगड़ेगा और बहुसंख्यक समुदायों का प्रभुत्व बढ़ेगा। सुप्रियो ने आगे यह भी सवाल उठाया कि अगर आरएसएस इन मुद्दों को समझती है, तो भाजपा क्यों नहीं समझ रही है। उन्होंने यह सुझाव दिया कि नेता प्रतिपक्ष, जो खुद आदिवासी समुदाय से हैं और आरएसएस से जुड़े रहे हैं, उन्हें इन मुद्दों को सदन में उठाना चाहिए।

### झामुमो ने वक्फ संशोधन विधेयक का करेंगा विरोध

सुप्रियो ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक का झामुमो ने विरोध का फैसला लिया है। वह 26 मार्च को पटना में आयोजित धरना में झामुमो की ओर से शामिल होंगे। उन्होंने जदयू, तेलगुदेशम पार्टी से वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी राय स्पष्ट करने की मांग की है।

# आजसू ने रांची विवि कुलपति का किया घेराव




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया । आजसू ने घेराव कर बीपीएड एवं एमपीएड कोर्स इसी सत्र से शुरू करने, पीएचडी एग्जाम की तिथि अभिलंब घोषित करने, छात्र संघ चुनाव करवाने को लेकर उच्च स्तरीय समिति बनाने, विवि में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सामूहिक बीमा कराने, सरकार से आग्रह कर स्थाई शिक्षकों की कमी को अविलंब दूर करने सहित अन्य मांग शामिल है। कुलपति ने सभी छात्र हित के जायज मागों पर सहमति दी और सभी मांगों को पूरा करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि छात्र हित में अविलंब मांगों को पूरा किया जाए।

ऐसा नहीं होने पर आजसू बाध्य हो विश्वविद्यालय में तालाबंदी करेगी। घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, रोशन नायक, सक्षम झा, राजेश सिंह, चेतन प्रकाश, अजित कुमार, रोहन यादव, विक्रम बड़ाइक, दुर्गेश, राज यादव, राज पहरी, संदीप सिंह, विनय, जमाल गद्दी आदि उपस्थित थे।

## रिश्वत लेने का आरोपी ट्रेजरी ऑफिसर दोषी करार

**रांची।** डोरंडा कोषागार के तत्कालीन ट्रेजरी ऑफिसर पवन कुमार केडिया को एसीबी की विशेष अदालत ने 30 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में सोमवार को दोषी करार दिया है। विशेष अदालत ने पवन कुमार केडिया की सजा के बिंदु पर 29 मार्च को सुनवाई करेगी। अदालत की ओर से दोषी करार दिए जाने के बाद आरोपित को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। इस मामले को जेल विभाग में कार्यरत लिपिक प्रशांत कुमार दास ने ट्रेजरी ऑफिसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता डोरंडा कोषागार में बिल पास करने का काम करता था। शिकायतकर्ता ट्रेजरी ऑफिसर से लंबे समय से काम करने की वजह दूसरा काम एलॉट करने की गुहार लगा रहे थे, जबकि दूसरा काम एलॉट करने के एवज में ट्रेजरी ऑफिसर पवन कुमार केडिया 30 हजार घूस की मांग कर रहा था।

## ट्रेनी आईएएस को डीजीपी ने सेवा में आनेवाली चुनौतियों के बारे में बताया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय आए ट्रेनी आईएएस को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सेवा के दौरान आनेवाली चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर जानकारी दिए। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में ट्रेनी आईएएस लोकेश वारंगे, आदित्य पाण्डेय, कुमार रजत, अर्नव मिश्रा और अभिनव प्रभाश डीजीपी ने स्वागत किया और पुलिस विभाग के कार्यों के बारे में संक्षिप्त रूप से चर्चा किया। डीजीपी ने ट्रेनी अधिकारियों को अपने संबोधन में प्रशासनिक समन्वय, पुलिस कार्यप्रणाली, नक्सल, साईबर क्राईम, पुलिस आसूचना तंत्र, महिला उत्पीडन, आपदा प्रबंधन, कानून, विधि व्यवस्था प्रबंधन और आन्तरिक सुरक्षा के बारे में संक्षिप्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने परीक्ष्यमान अधिकारियो को सेवा के दौरान आनेवाली चुनौतियों तथा उनके प्रभावी समाधान के विषयों में मागदर्शन दिया। साथ ही सभागार में उपस्थित सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी ट्रेनी आईएएस के साथ अपने-अपने विभागों के कार्यों के संबंध में संक्षिप्त रूप से जानकारी साझा किया गया। इस अवसर पर झारखंड पुलिस के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर द्वारा निशुल्क खुन की कमी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सोमवार को सोदाग गांव में किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 102 लोगों की निशुल्क जांच की गई और डॉक्टरी सलाह दिया। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि की निशुल्क जांच की गई। सभी को निशुल्क दवा भी दिया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल ने अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा, सीएमओ, सीएसआर, इंचार्ज, डॉ दीपाली, डॉ आशीमा, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, डॉ बेंजामिन, डॉ शिम्पी, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

अभियान निदेशक ने साहिबगंज सिविल सर्जन से की बात, कहा

# मास सर्वे कराकर मलेरिया के मरीजों की पहचान कराएं : अबु इमरान

*साहिबगंज में संभावित मलेरिया पर अभियान निदेशक ने वर्चुअल मोड से लिया जायजा*

*आवश्यक सहयोग के लिए राज्य स्तरीय विशेषज्ञों का दल साहिबगंज रवाना*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड में संभावित मलेरिया को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से साहेबगंज के सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मास सर्वे कराकर मलेरिया के मरीजों की पहचान कराएं और मलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं।

संभावित इलाके में कीटनाशी से उपचारित मच्छरदानी का वितरण कराने, मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए कीटनाशकों के छिड़काव कराने, मलेरियारोधी दवाओं का वितरण कराने और समुदाय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। अभियान निदेशक ने जिले की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली और प्रतिदिन कृत कार्रवाई से अवगत कराने को कहा । सिविल सर्जन ने अभियान निदेशक को बताया कि मंडरो प्रखंड के बसहा पंचायत के नगरभिठा गांव में टीम कैंप कर रही है। जांच में मलेरिया के 18 पॉजिटिव केस मिले हैं, जिसमें 4 ए सिमटोमेटिक पॉजिटिव केस है। संभावित क्षेत्र में लगातार फॉलोअप किया जा रहा है, स्थिति नियंत्रण में है। पर राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. बी.के. सिंह ने संभावित क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र में काला जार और मास फीवर सर्वे कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव पाए गए सभी व्यक्तियों का पूर्ण उपचार कराएं। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में दवाओं और जांच कीट की उपलब्धता है और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

अभियान निदेशक के निर्देश पर राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. बीके सिंह के नेतृत्व में राज्य स्तरीय दल साहेबगंज के लिए रवाना हो गया। टीम को अभियान निदेशक ने कहा कि मलेरिया रोधी अभियान में आवश्यक सहयोग प्रदान करें, उन्होंने टीम को अपने साथ आवश्यक दवाएं और जांच कीट भी ले जाने की सलाह दी।

## पृष्ठ एक के शेष

**सरकार ओबीसी आरक्षण देने के...**

कारण आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। राज्य में पुलिस बल की कमी के कारण 8 घंटे के जगह 18 घंटे पुलिस से ड्यूटी कराई जाती है। शत्रुघ्न महतो ने जल्द से जल्द पुलिस की भर्ती और नियम के हिसाब से सेवा लेने की मांग की। सदन में जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के हिसाब से पुलिस बल की संख्या कम नहीं, बल्कि ज्यादा है। साथ ही, 4919 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही नियुक्ति करके पुलिस कर्मियों की जो कमी महसूस हो रही है, उसे पूरा कर लिया जाएगा। इस पर भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से प्रक्रिया चल रही है, लेकिन सवाल है कि आखिर यह कब पूरा होगा। इस पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों उत्पाद (एक्साइज) सिपाही की नियुक्ति में दुखद घटना घटी, जिसमें कई युवाओं की जान चली गई। पिछले दिनों कैबिनेट से नियमों को बदला गया। अब प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। आठ घंटे से अधिक काम विधि व्यवस्था उत्पन्न होने पर लिया जाता है। ऐसे आठ घंटे ही काम लिया जाता है।

**प्राइवेट स्कूल की मनमानी पर ढाई लाख का जुमार्ना लगा सकती है कमेटी : मंत्री**

**रांची।** विस में ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा की झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल में री-एडमिशन के नाम पर हर साल 10 से 20 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी जाती है। किताबों में भी कमीशन वसूलने का काम होता है। स्कूल की ओर से किसी खास दुकान से ही किताब और ड्रेस खरीदने के लिए कहा जाता है। रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल गरीब का खून चूसने का काम कर रहे हैं। सवाल का सदन में जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि प्राइवेट स्कूल की मनमानी रोकने के लिए शुल्क समिति का गठन स्कूल में किया जाता है। इसमें परिजन के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकों को भी रखा जाता है। इसके अलावा, जिला में भी कमेटी बनाई जाती है। जिला कमेटी में उपायुक्त, सांसद और विधायक रहते हैं। मंत्री ने कहा कि कमेटी चाहे तो स्कूल प्रबंधन पर ढाई लाख तक का जुमार्ना लगा सकती है।

**सदन में एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पास**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन सोमवार को सदन में एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट ध्वनिमत से पास हो गया। ज्ञात हो कि विगत तीन मार्च को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया था।

सोमवार को सत्र में बतला गया कि कृषि में 242108.16 लाख रुपए, पशुपालन में 62023.32 लाख रुपए, भवन निर्माण में 86157.31 लाख रुपए, मंत्रिमंडल सचिवालय 8237.42 लाख रुपए, निर्वाचन में 13159.58 लाख रुपए, राज्यपाल सचिवालय में 1962.07 लाख रुपए, निगरानी प्रभाग 5197.00 लाख रुपए, नागर विमानन 11519.37 लाख रुपए, सहकारिता में 93679.07 लाख रूपए, ऊर्जा विभाग में 989435.53 लाख रुपए, उत्पाद में 5583.61 लाख रुपए, वित्त में 34228.30, व्याज में 635466.32 लाख रुपए, रिपेमेंटऑफ लोन 938468.51 लाख रुपए, पेंशन में 1017311.58 लाख रुपए, अंकेक्षण में 787.63 लाख रुपए, वाणिज्यकर में 17405.04 लाख रुपए, खाद्य आपूर्ति में 286349.22 लाख रुपए, वन पर्यावरण में 138199.30 लाख रुपए, स्वास्थ्य में 747050.86 लाख रुपए, उच्च शिक्षा में 192222.28 लाख रुपए, गृह विभाग में 807545.48 लाख रुपए, उद्योग में 48631.61 लाख रुपए, सूचना जनसंपर्क विभाग में 34704.72 लाख रुपए, सांस्थिक वित्त में 2118.12 लाख रुपए, श्रम में 108574.46, विधि में 84750.27, हाईकोर्ट 20984.61 में, खान में 7288.73 लाख रुपए, अल्पसंख्यक कल्याण में 37691.60 लाख रुपए, संसदीय कार्य में 179.02 लाख रूपए, विधानसभा में 18144.30 लाख रुपए, कार्मिक में 4439.17 लाख रुपए, जेपीएससी में 4672.83 लाख रुपए, योजना विकास में 41435.23 लाख रुपए, राजभाषा प्रभाग में 222147.47 लाख रुपए, निबंधन में 2304.95, आपदा प्रबंधन में 184149.14 लाख रुपए, राजस्व भूमि में 75897.31 लाख रुपए, पथ निर्माण में 580089.28 लाख रुपए, ग्रामीण विकास में 984141.61 लाख रुपए, तकनीकी शिक्षा 48698.88 लाख रुपए, साक्षरता प्रभाग में 683.89 लाख रुपए, सूचना प्रौद्योगिकी में 30398.72 लाख रुपए, पर्यटन में 15555.07 लाख रुपए, परिवहन में 31143.30 लाख रुपए, नगर विकास में 347599.34 लाख रुपए, जल संसाधन में 191171.06 लाख रुपए, लघु सिंचाई में 34574.49 लाख रुपए, एससी-एसटी वर्ग विभाग में 300754.37 लाख रुपए, कला संस्कृति में 18109.38 लाख रुपए, मत्स्य में 19808.08 लाख रुपए, डेयरी में 41147.61 लाख रुपए, ग्रामीण कार्य में 457630.73, पंचायती राज में 214478.14 लाख रुपए, आवास प्रभाग में 10169.57 लाख रुपए, माध्यमिक शिक्षा में 484506.97 लाख रुपए, प्राथमिक शिक्षा में 1034664.44 लाख रुपए, महिला बाल विकास 2202333.85 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है।

**अमन साव के गुगों ने की...**

मुठभेड़ में मारा गया था। वह रायपुर जेल से रांची लाए जाने के दौरान उस वक्त मुठभेड़ में मारा गया था, जब उसके गैंग ने रास्ते में पुलिस की गाड़ी पर बमों से हमला कर दिया था और इसका फायदा उठाकर अमन एक पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर भाग रहा था। डीआईजी संजीव कुमार ने कहा कि एसआईटी ने अपराधियों की मूवमेंट को ट्रैक करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया। वारदात का मुख्य शूटर मिंटू पासवान उर्फ छोटा छत्री था। जिस बाइक पर वह सवार था, उसे राहुल मुंडा उर्फ मिरिंडा चला रहा था। डीजीएम की रेकी मनोज माली ने की थी, जबकि हथियार की सप्लाई अजय यादव ने की थी। पुलिस ने इनके पास से 7.65 बोर की पिस्टल, तीन कारतूस, वारदात में इस्तेमाल की गई लाल रंग की बिना नंबर की पल्सर बाइक, नकद रुपए, पांच मोबाइल फोन और वारदात के दौरान पहने गए कपड़े बरामद किए हैं। इन अपराधियों से पूछताछ में यह भी सामने आया कि कोयला माफिया लंबे समय से इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए खौफ का माहौल बना रहा था। लेवी वसूली के लिए अपराधियों को हर महीने मोटी रकम दी जाती थी। वारदात के दौरान पकड़े न जाने के लिए अपराधियों को खास मोबाइल ऐप से निर्देश दिए गए थे, ताकि पुलिस उनकी कॉल या लोकेशन ट्रैक न कर सके। मुख्य साजिशकर्ता अजय यादव पहले से कई संगीन मामलों में वांछित था और इस घटना के पीछे भी उसका बड़ा रोल रहा।

**रिश्वत लेने व देने के...**

होते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एनएचएआई के अधिकारी पटना स्थित अपने आवास के पास रिश्वत की रकम ले रहे थे। सीबीआई को इस बात की जानकारी मिली थी कि एनएचएआई के जेनरल मैनेजर एक निजी कंपनी से रिश्वत लेने वाले हैं। इस सूचना के सत्यापन के दौरान पाया गया कि निजी कंपनी के लोगों ने रिश्वत की रकम की व्यवस्था करने के बाद एनएचएआई के अधिकारी से संपर्क किया था। संबंधित अधिकारी ने रिश्वत की रकम लेने के लिए निजी कंपनी के लोगों को पटना में बुलाया था। सीबीआई की टीम सूचना एकत्रित करने के बाद घात लगाए बैठी थी। रिश्वत की रकम लेते ही सीबीआई अधिकारियों के दल ने एनएचएआई के जेनरल मैनेजर और निजी कंपनी के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

**3 तस्कर गिरफ्तार...**

जनता से भी अपील की है कि अगर कहीं भी ऐसी संदिग्ध गतिविधियां दिखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशिक्षु आईपीएस के आने के बाद हैदरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस लगातार अवैध पशु तस्करी और प्रतिबंधित मांस कारोबार पर नजर बनाए हुए है। कुछ दिन पूर्व ही मवेशियों से लदे ट्रक को पकड़ा गया था। जिस पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई से मवेशी तस्करों में हड़कंप मच गया है।



25 मार्च
गुजरात टाइटन्स
VS
पंजाब किंग्स
समय- 7:30बजे
अहमदाबाद

# पंजाब और गुजरात के मैच में अय्यर और गिल के बीच होगी कप्तानी की रोचक जंग

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका। किंग्स इलेवन पंजाब से पंजाब किंग्स बनने के बावजूद इस टीम को अब भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है। लेकिन अब अय्यर के रूप में नया कप्तान और रिकी पोंटिंग के रूप में नया मुख्य कोच मिलने के बाद पंजाब की टीम नए सिरे से शुरूआत करने के लिए तैयार है।



## पंजाब किंग्स

**श्रेयस अय्यर** (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर

## गुजरात टाइटंस :

**शुभमन गिल** (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएत्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा। साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।



# क्रिकेटर केएल राहुल और अथिया शेट्टी के घर आई नन्हीं परी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी और भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल के घर खुशियों ने दस्तक दी है। यह जोड़ी अब एक प्यारी सी बेटी के माता-पिता बन गई है। कपल ने यह खुशखबरी सोशल मीडिया के माध्यम से अपने फैंस के साथ साझा की। राहुल और अथिया दोनों ने अपने-अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने माता-पिता बनने की जानकारी साझा की। इन दोनों ने अपने इंस्टाग्राम और एक्स अकाउंट पर एक ग्राफिक्स फोटो शेयर किया है। इस तस्वीर में ब्लेस्ड विद बेबी गर्ल लिखा हुआ है। अथिया शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, हम एक बेटी के पेरेंट्स बन चुके हैं। इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी और उनके फैंस और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज उन्हें बधाई दे रहे हैं। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल-2025 के सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से अपना पहला मैच नहीं खेला। दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को आईपीएल-2025 के अपने पहले मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स का सामना किया, लेकिन इस मुकाबले में राहुल को टीम में शामिल नहीं किया गया। इसके पीछे की वजह अब सामने आई है। केएल राहुल पिता बन गए हैं और परिवार के इस खास पल को साझा करने के लिए उन्होंने आईपीएल-2025 के पहले मैच में खुद को अलग कर लिया। आपको बता दें कि अथिया शेट्टी ने भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल से साल 2023 में शादी की थी। इस शानदार शादी में कई बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की हस्तियों ने शिरकत की थी। अब शादी के दो साल बाद कपल के नन्हीं परी आई है।

# दिल्ली ने लखनऊ को एक विकेट से हराया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को 210 रन का टारगेट दिया है। विशाखापट्टनम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 8 विकेट खोकर 209 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 72 और निकोलस पूरन ने 75 रन बनाए। दिल्ली ने 19.2 ओवर में 9 विकेट पर 205 रन बना लिए हैं। आशुतोष शर्मा और कुलदीप खेल रहे हैं। मिचेल स्टार्क (2 रन) रवि बिश्नोई ने पंत के हाथों कैच कराया। विपराज निगम (39 रन) को दिग्वेश राठी ने एम सिद्धार्थ के हाथों कैच कराया। ट्रिस्टन स्टब्स (34 रन) को एम सिद्धार्थ ने बोल्ड किया। इससे पहले स्टब्स ने उनके ओवर में लगातार दो छक्के मारे थे। सिद्धार्थ ने समीर रिजवी (4 रन) को भी आउट किया। फाफ डु प्लेसिस (29 रन) और कप्तान अक्षर पटेल (22 रन) बनाकर आउट हुए। शार्दूल ठाकुर ने पहले ओवर में जैक फ्रेजर मैगर्क और अभिषेक पोरेल को कैच कराया। छरॠसे मार्श और पूरन के बीच 87 रनों की अहम साझेदारी हुई। डेविड मिलर ने नाबाद 27 रन का योगदान दिया। दिल्ली से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए।

## दोनों टीमों की प्लेइंग

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), जैक फ्रेजर-मैगर्क, फाफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा और मुकेश कुमार।

**लखनऊ सुपर जायंट्सः** ऋषभ पंत (कप्तान), ऐडन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, प्रिंस यादव, दिग्विजय राठी, शाहबाज अहमद, शार्दूल ठाकुर, और रवि बिश्नोई।

### मचेल मार्श ने 72 और निकोलस पूरन ने 75 रन बनाए

# बांग्लादेश टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को मैच के दौरान पड़ा दिल का दौरा



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एक मुकाबले के दौरान दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। 36 वर्षीय तमीम इकबाल मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की ओर से शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ बीकेएसपी मैदान में खेले जा रहे मैच में टीम की अगुवाई कर रहे थे, जब उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। मैदान पर ही उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, तमीम ने सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई और ईसीजी किया गया। रिपोर्ट में थोड़ी समस्या पाई गई, लेकिन इस तरह की स्थिति में तुरंत कुछ समझ पाना मुश्किल होता है।

# डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया ब्यूरो सदस्य चुने गए



**अम्मान (आईएएनएस)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू)-एशिया का ब्यूरो सदस्य चुना गया है। यह चुनाव अम्मान में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया आम सभा के दौरान हुआ, जहां सिंह ने 38 में से 22 वोट हासिल किए, जो एशियाई कुश्ती समुदाय से मजबूत समर्थन को दर्शाता है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए सिंह का चुनाव अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी नियुक्ति से भारतीय पहलवानों को यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अधिक प्रतिनिधित्व मिलने और देश में खेल के विकास के लिए नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया के ब्यूरो सदस्य के रूप में चुने जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कुश्ती के विकास और पहचान का प्रमाण है।

# पुर्तगाल ने डेनमार्क को हराकर नेशंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह



**लिस्बन।** पुर्तगाल के फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने बेंच से उतरकर दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पुर्तगाल ने रविवार को अतिरिक्त समय में डेनमार्क को 5-2 से हराकर कुल 5-3 के अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका मुकाबला जर्मनी से होगा।

**● रोनाल्डो की अगुवाई में मिली जीत**

रोनाल्डो ने भले ही शुरूआती पेनल्टी मिस कर दी हो, लेकिन उन्होंने अपनी टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्हें अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा, फिर भी उन्होंने दर्शकों को लगातार उत्साहित किया और पुर्तगाल ने आखिरकार डेनमार्क की मजबूत रक्षात्मक पंक्ति को भेदने में सफलता पाई।

पहले चरण में डेनमार्क ने कोपेनहेगन में हुए मुकाबले में रासमस होजलुंड के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त बनाई थी। वहीं, डेनमार्क के मुख्य डिफेंडर जोआकिम माएले के कैंप छोड़ने से टीम को झटका लगा, क्योंकि उन्हें अपने बच्चे के जन्म के लिए जाना पड़ा। उनकी जगह खेलने आए पैट्रिक डोर्गु ने शुरूआत में ही पुर्तगाल को पेनल्टी दे दी, जब उन्होंने रोनाल्डो को तीसरे मिनट में बॉक्स में गिरा दिया।

**● शुरूआती संघर्ष और पुर्तगाल की वापसी**

रोनाल्डो ने खुद पेनल्टी ली, लेकिन डेनमार्क के गोलकीपर कैस्पर श्माइकल ने शानदार बचाव कर उन्हें गोल करने से रोक दिया। इसके बाद 17वें मिनट में भी रोनाल्डो को नूनो मेंडेस के शानदार क्रॉस पर हेडर लगाने का मौका मिला।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# जनवरी में ईएसआईसी से जुड़े 18.19 लाख नए सदस्यः केंद्र

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से इस साल जनवरी में 18.19 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। यह जानकारी सोमवार को श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दी गई। जनवरी में जुड़े नए सदस्यों में 8.67 लाख या 47.66 प्रतिशत 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं, जो दिखाता है कि देश में नौकरियों के अवसर बढ़ रहे हैं और अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी बनी हुई है। जनवरी 2025 में 27,805 नए संस्थाओं को भी ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पेरोल डेटा का लिंगवार विश्लेषण दिखाता है कि इस साल जनवरी में 3.65 लाख महिला सदस्यों का पंजीकरण हुआ है। इसके अलावा, समीक्षा अवधि में 85 ट्रांसजेंडर सदस्यों ने ईएसआईसी की योजना के तहत पंजीकरण कराया है। ईएसआईसी के जनवरी पेरोल में वृद्धि दिसंबर 2024 में जोड़े गए 17.01 लाख नए कर्मचारियों की तुलना में अधिक है, जो अर्थव्यवस्था में रोजगार के बढ़ते ट्रेंड को दशार्ता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि माह के दौरान जोड़े गए कुल 17.01 लाख सदस्यों में से 8.22 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 48.35 प्रतिशत है, 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। पिछले हफ्ते कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया था कि इस साल जनवरी में संगठन से 17.89 लाख सदस्यों के जुड़े हैं। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 के मुकाबले मासिक आधार पर 11.48 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ के आधिकारिक बयान के अनुसार, पेरोल में जनवरी 2024 के मुकाबले 11.67 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।



यह दिखाता है कि कर्मचारी फायदों को लेकर पहले के मुकाबले जागरूकता बढ़ी है। जनवरी 2025 में ईपीएफओ से करीब 8.23 लाख नए सब्सक्राइबर्स जुड़े हैं, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 1.87 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों में गौर करने वाली बात यह है कि 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व लगातार बना हुआ है। जनवरी 2025 में इस आयु वर्ग के 4.70 लाख नए सदस्य जुड़े हैं, जो समीक्षा अवधि में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 57.07 प्रतिशत है। इस महीने में जोड़े गए 18-25 आयु वर्ग के नए सदस्यों की संख्या पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 3.07 प्रतिशत अधिक है।

# भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गतिविधियां मार्च में रही मजबूत : एचएसबीसी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में बिजनेस गतिविधियां मार्च में मजबूत रही हैं। इस दौरान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की बिक्री और उत्पादन में विस्तार देखा गया है। इसकी वजह मांग का बढ़ना था। यह जानकारी सोमवार को जारी हुए एचएसबीसी फ्लैश इंडिया सर्वेक्षण में दी गई।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स मार्च में 58.6 पर स्थिर रहा है जो कि फरवरी में 58.8 पर था। यह आंकड़ा लंबी अवधि के औसत 54.7 से अधिक है, जो कि मजबूत ग्रोथ को दशार्ता है।

सर्वेक्षण में बताया गया कि एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मार्च में बढ़कर 57.6 हो गई है, जो कि फरवरी में 56.3 थी। यह दशार्ता है कि मार्च में देश में मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में सुधार हुआ है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के पांच मुख्य घटकों में से मार्च में तीन में - आउटपुट, नए ऑर्डर और स्टॉक में बीते महीने के मुकाबले बढ़त देखने को मिली है। सर्वेक्षण में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने उत्पादन में वृद्धि का मुख्य कारण बढ़ती मांग को माना है। साथ ही, नए ऑर्डरों में और वृद्धि हुई। सर्वेक्षण में माल उत्पादकों ने मार्च में फरवरी की तुलना में तेज वृद्धि का संकेत दिया और यह सेवा प्रदाताओं के लिए दर्ज की गई वृद्धि दर से अधिक थी।

# भारतीय शेयर बाजार लगातार छठे दिन हरे निशान में बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुआ। यह लगातार छठा दिन था, जब शेयर बाजार में तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,078.87 अंक या 1.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,984.38 और निफ्टी 307.95 अंक या 1.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,658.35 पर था।

बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक इंडेक्स 1,111.40 अंक या 2.20 प्रतिशत चढ़कर 51,704.95 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक,मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। टाइटन, इंडसइंड बैंक,जोमैटो, एमएंडएम, भारती एयरटेल, नेस्ले इंडिया और इन्फोसिस टॉप लूजर्स थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 673.30 अंक या 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,524.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 178.75 अंक या 1.10 प्रतिशत बढ़कर 16,363.70 पर बंद हुआ।

सेक्टोरल आधार पर बैंकिंग के अलावा ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, इन्फ्रा और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। केवल कंजम्पशन इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,499 शेयर हरे निशान में, 1,639 शेयर लाल निशान में और 160 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, रूपक दे का कहना है कि निफ्टी में तेजी का दौर जारी है और यह अपने रुकावट के स्तर 23,600 को पार कर बंद हुआ है। जब तक इंडेक्स 23,500 के ऊपर बना रहेगा, मजबूत स्थिति में है। अगर यह इस स्तर से नीचे आता है तो इसमें गिरावट देखने को मिल सकती है।

# भारत को सर्विस से प्रोडक्ट आधारित मॉडल की तरफ शिफ्ट होना चाहिए : नीति आयोग

नई दिल्ली, 24 मार्च (आईएएनएस)। भारत को सर्विस आधारित मॉडल से प्रोडक्ट आधारित मॉडल की तरफ शिफ्ट होना चाहिए। यह बयान नीति आयोग के सदस्य (साइंस और टेक्नोलॉजी) वीके सारस्वत ने दिया। उन्होंने गुजरात के गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में आयोजित एक नेशनल वर्कशॉप में कहा कि भारत को इनोवेशन के क्षेत्र में स्वयं को मजबूत करना होगा। सारस्वत ने डीपटेक स्टार्टअप को सपोर्ट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ₹भारत को सर्विस आधारित से प्रोडक्ट आधारित इंडस्ट्री मॉडल की ओर बदलाव करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सारस्वत ने देश में रिसर्च, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही पहलों के बारे में बताया। वर्कशॉप का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों, अकादमिक लीडर्स, औद्योगिक विशेषज्ञों, स्टार्टअप संस्थापकों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित प्रमुख पक्षकारों के बीच संवाद और नॉलेज शेयरिंग को सुविधाजनक बनाना था। विभिन्न क्षेत्रों में तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वर्कशॉप में अनुसंधान एवं विकास में निवेश, इनोवेशन पर राज्य की नीतियां, ग्लोबल इनोवेशन ट्रेंड और एंटरप्रेन्योरशिप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सारस्वत ने कहा कि भारत में इनोवेशन को बढ़ाने में सरकारी संस्थाओं, अकादमी और उद्योगों की अहम भूमिका होगी। वहीं,आईएएस मोना खंडार ने नीतिगत पहलों द्वारा संचालित एक मजबूत इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए गुजरात की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। उन्होंने आगे साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन नीति, गुजरात सेमीकंडक्टर नीति, गुजरात इलेक्ट्रॉनिक्स नीति और गुजरात ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति सहित विभिन्न रणनीतिक नीतियों के माध्यम से स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की पहलों के बारे में बताया।